05 अक्टूबर, 2025
आश्विन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 343



हजारीबाग में ज्वेलरी दुकानदार के घर से डेढ़ करोड़ के जेवर-नगदी की चोरी

SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, रॉंची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यो ?..................इसलिए !
मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847

# रायडीह स्वास्थ्य केंद्र की कर्मी करती है नवजातों का सौदा!

## ■ 'सुमन दीदी' प्रसूताओं को जाल में फंसा कर बेचती है नवजातों को

## ■ राजधानी रांची के साथ छत्तीसगढ़-ओड़िशा तक फैला है नेटवर्क

आफताब अंजुम

**गुमला / रायडीह (आजाद सिपाही)।** यदि किसी निःसंतान दंपति को बच्चा चाहिए, तो उन्हें अब किसी आइवीएफ क्लीनिक में जाने की जरूरत नहीं है, बल्कि उन्हें अब गुमला के रायडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बीटीटी सुमन कुजूर उर्फ सुमन दीदी से संपर्क करना चाहिए। वह तत्काल कुछ लाख रुपये में नवजात उपलब्ध करा सकती है। सीएचसी में तैनात इस महिला स्वास्थ्य कर्मी के रैकेट का खुलासा तब हुआ, जब दो नवजातों का सौदा किये जाने की जानकारी सामने आयी। एक प्रसूता और एक सहिया ने कैमरे पर इस पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुमन दीदी ने दो सप्ताह में कम से कम दो नवजातों का सौदा किया है।

**दंपति को पैसे का प्रलोभन दे कर बेचा गया नवजात :** जानकारी के अनुसार रायडीह के कुड़ो छतरपुर राजस्व ग्राम निवासी जुस्टीन एक्का की गर्भवती पत्नी सुमन एक्का को 10 सितंबर को सुबह करीब तीन बजे प्रसव पीड़ा हुई। सुरक्षित प्रसव के लिए उसे सुमन दीदी ने सीएचसी में भर्ती कराया। रिकॉर्ड के मुताबिक सुमन एक्का को पांच बजे सुबह एडमिट किया गया और पौने सात बजे उसने एक बच्चे को जन्म दिया। तब बीटीटी ने प्रसूता को जाल में फंसाया और उसे बच्चा बेचने के लिए राजी कर लिया। सौदा पक्का होने के बाद सुमन दीदी ने खरीदारों को सीएचसी बुला कर बच्चा दिखाया। सुमन दीदी ने स्टांप पेपर पर इकरारनामा बनवाया और प्रसूता सुमन एक्का और खरीदार के हस्ताक्षर कराये। 12 सितंबर को डिस्चार्ज होने के बाद खरीदारों ने अपनी गाड़ी से प्रसूता को उसके घर पहुंचा दिया, एक लाख रुपये दिये और बच्चा लेकर चले गये।

**दोषियों पर होगी कार्रवाई: सीएस :** इस मामले में सिविल सर्जन डॉ शंभुनाथ चौधरी ने कहा कि मामला बहुत निंदनीय है। यह घृणित मामला अभी-अभी उनके संज्ञान में आया है और वह इसकी निष्पक्ष जांच करेंगे। साथ ही दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेंगे।







प्रसूता सुमन एक्का, पति जुस्टीन एक्का।

### प्रेम प्रसंग में मां बनी युवती के बच्चे को भी बेचा गया

बीटीटी द्वारा नवजात का सौदा किये जाने की दूसरी घटना भी चौंकानेवाली है। रायडीह के मोकरा गांव की एक युवती प्रेम प्रसंग में गर्भवती हो गयी। वह गर्भपात के लिए सीएचसी पहुंची, लेकिन वहां डॉक्टरों ने इससे इनकार कर दिया। तब बीटीटी सुमन दीदी ने उससे बच्चे को जन्म देने को कहा और नवजात को गोद लेने का भरोसा दिया। युवती को 20 सितंबर को छत्तीसगढ़ के जशपुर जिला के नारायणपुर में अस्पताल में भर्ती कराया गया। बीटीटी ने खुद बताया है कि वह 23 सितंबर को युवती के पास एक स्कॉर्पियो से पहुंची। उसके साथ रायडीह सीएचसी की एक सहिया भी थी। उन दोनों ने नारायणपुर से नवजात को लिया और रायडीह लौट गयी। इसके बाद बीटीटी सुमन दीदी ने नवजात को लेकर सहिया को एक अन्य कर्मी के साथ रांची भेज दिया। सहिया ने रांची में खरीदारों को नवजात को सौंप दिया और बदले में मिली एक लाख रुपये की रकम लेकर रायडीह लौट गयी। सहिया ने सुमन दीदी को 90 हजार रुपये दिये और 10 हजार रुपये खाते में जमा करा दिये। सुमन दीदी को तय सौदे के अनुसार रकम कम लगी, तो उसने सहिया से पूछताछ की। इस क्रम में दोनों के बीच काफी नोक-झोंक हुई। बताते हैं कि सुमन दीदी ने सहिया की तलाशी ली।

### गुमला और ओड़िशा में बेचे गये नवजातः सुमन कुजूर उर्फ सुमन दीदी



बीटीटी ने बताया कि रायडीह स्वास्थ्य केंद्र में जन्मा बच्चा गुमला जिले के एक सीएचओ की बहन को दिया गया है। यह सौदा तीन लाख रुपये में हुआ, जिसमें से एक लाख रुपये प्रसूता सुमन एक्का को दिये गये। उक्त महिला ने एक लाख रुपये मिलने की बात स्वीकार की है। बीटीटी का कहना है कि रुपये का कोई लेन-देन नहीं हुआ है। उसने बताया कि छत्तीसगढ़ में पैदा हुए दूसरे बच्चे को सहिया के माध्यम से रांची पहुंचाया गया। वह बच्चा अभी ओड़िशा में है।

### जांच होगी, दोषी पाये जाने पर कार्रवाईः डॉ राजीव कुमार



इस संबंध में रायडीह के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव कुमार ने कहा कि इस आशय की जानकारी उन्हें नहीं है। अभी वे छुट्टी से वापस आये हैं। अब इसकी जांच करेंगे और सीसीटीवी फुटेज भी खंगालेंगे। यदि मामला सही पाया गया, तो दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# गोमिया से लापता हुई सबसे कम उम्र की महिला मुखिया



2 अक्टूबर की दोपहर से है गायब, पति ने थाने में लिखायी रिपोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** जिले के गोमिया प्रखंड से एक सनसनीखेज सामने आया है। पलीहारी गुरुडीह पंचायत की मुखिया सपना कुमारी 2 अक्टूबर की दोपहर से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गयी हैं। परिवारवालों के अनुसार, वे किसी निजी कार्य से घर से निकली थीं, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटीं। देर रात तक खोजबीन और रिश्तेदारों से पूछताछ के बावजूद कोई जानकारी नहीं मिलने पर उनके पति ने गोमिया थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी।

बता दें कि सपना कुमारी वर्ष 2022 के पंचायत चुनाव में पहली बार राजनीति में उतरीं और रिकॉर्ड मतों से जीतकर प्रखंड की सबसे कम उम्र की मुखिया बनीं। विजयादशमी के दौरान मुखिया के अचानक लापता होने की खबर से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों में तरह-तरह की चचाएं चल रही हैं। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सावधानः खतरनाक है कोल्ड्रिफ कफ सिरप, बच्चों की किडनी फेल हो रही

तमिलनाडु, एमपी के बाद केरल में कोल्ड्रिफ कफ सिरप पर बैन

एमपी में 10 राजस्थान में 2 बच्चों की मौत के बाद हरकत में राज्य सरकारें



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कफ सिरप से मध्यप्रदेश में दस और राजस्थान में दो बच्चों की मौत के बाद दोनों राज्यों में दवाएं बैन कर दी गयी हैं। तमिलनाडु के बाद शनिवार को मध्य प्रदेश और केरल ने भी कोल्ड्रिफ सिरप बेचने पर रोक लगा दी गयी। उधर, राजस्थान में डेक्सट्रोमेथोरपन हाइड्रोब्रोमाइड कफ सिरप और उसे बनाने वाली कंपनी केसंस फार्मा को भी प्रतिबंधित कर दिया गया। इस कंपनी का प्लांट जयपुर में है। कोल्ड्रिफ दवा की मैन्युफैक्चरिंग तमिलनाडु के कांचीपुरम में हो रही थी। बच्चों की मौत के बाद तमिलनाडु सरकार ने गुरुवार को उत्पादन और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। राज्य में इस दवा के थोक और रिटेल स्टॉक को सीज कर दिया गया है।

**एमपी में कोल्ड्रिफ सिरप से 27 दिन में 10 बच्चों की मौत:** एमपी के छिंदवाड़ा में कफ सिरप पीने से 10 बच्चों की मौत हुई है। पहला संदिग्ध मामला 24 अगस्त को सामने आया था। पहली मौत 7 सितंबर को हुई थी। इसके बाद 15 दिन में किडनी फेल होने से एक-एक कर 6 बच्चों की मौत हो गयी। इनकी किडनी के स्वैब सैंपल लिये गये। इसकी जांच में डायएथिलीन ग्लाइकॉल बेहद क्वालिटी का पाया गया। छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन नांदुलकर ने बताया कि एक कफ सिरप 80% बच्चों में कॉमन है। प्रारंभिक जांच में कफ सिरप में गड़बड़ी की ही बात सामने आ रही है।

### राजस्थान के भरतपुर और सीकर में दो मौतें

राजस्थान में कफ सिरप पीने से भरतपुर और सीकर में एक-एक मौतें सामने आयी हैं। शुरुआती जांच में डेक्स्ट्रो मिथोरफन हाइड्रोब्रोमाइड सिरप आइपी का नाम सामने आया। यह दवाई एक निजी फार्मा कंपनी केसंस फार्मा तैयार करती है। यहां भी बच्चों की मौत की वजह किडनी फेल होने की बात बतायी गयी। इसके बाद शनिवार को सरकार एक्शन में आयी। राजस्थान सरकार ने केसंस फार्मा की सभी 19 प्रकार की दवाइयों पर रोक लगा दी है।


### सीडीएससीओ ने दवा कंपनियों की जांच शुरू की

स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने मध्य प्रदेश में कफ सिरप से बच्चों की मौत की खबरों के बाद छह राज्यों में कफ सिरप और एंटीबायोटिक दवाएं बनाने वाली 19 कंपनियों के प्लांट का 3 अक्टूबर से निरीक्षण शुरू किया है।

### केंद्र सरकार ने एडवाइजरी जारी की

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को हेल्थ एडवाइजरी जारी करके कहा कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को कफ सिरप (खांसी और सर्दी की दवाएं) न दी जायें। सरकार ने मध्य प्रदेश और राजस्थान में कफ सिरप से 11 बच्चों की मौत की खबरों के बाद एडवाइजरी जारी की है। आमतौर पर 5 साल से कम उम्र के बच्चों को कफ सिरप नहीं दिया जाना चाहिये। इससे बड़े बच्चों को यदि कफ सिरप दिया जाये, तो उनका इस्तेमाल सावधानीपूर्वक किया जाना चाहिए। यानी जिस बच्चे को दवा दी जा रही है, उसे कड़ी निगरानी में रखा जाये। उसे ??उचित खुराक दी जाये। कम से कम समय के लिए दवा दी जाये। कई दवाओं के साथ कफ सिरप नहीं दिया जाये। डिजीएचएस की डॉ. सुनीता शर्मा ने यह एडवाइजरी जारी की है।

हृदयम हार्ट क्लिनिक
उपलब्ध सुविधाएँ -
• ईसीजी • इको-कार्डियोग्राफी
• टीएमटी • हॉस्पीटल मॉनिटरिंग
यहाँ हृदय संबंधित सभी रोगों का उचित परामर्श तथा उपचार उपलब्ध है जैसे :
• हार्ट फेलियर • हाई कॉलेस्ट्रॉल
• हार्ट अटैक • हार्ट एरिदमिया
• हार्ट ब्लॉक • पाल्पीटेशन
• हाइपरटेंशन • दिल का छेद,



डॉ साकेत कुमार
हृदय रोग विशेषज्ञ
एम.बी.बी.एस. (एएमयू.), एम.डी. (पीएचसीएच, पटना) डी.एम. कार्डियोलॉजी (आईपीजीएमईआर, कोलकाता)
वयस्क एवं बाल हृदय चिकित्सक
सलाहकार हृदय रोग विशेषज्ञ
पल्स हॉस्पिटल, रांची
हृदयम हार्ट क्लिनिक
डॉ. जे शरण लेन, रिम्स मेडिकल चौक के पास, बरियातू, झारखंड-834009
समय : सुबह 09:30 से सायं 06:00 बजे तक
8002882735, 8100360617, 8573987365

# वन-डे टीम के कप्तान अब शुभमन गिल

भारतीय टीम घोषित, श्रेयस बने उपकप्तान

ऑस्ट्रेलिया में वनडे सीरीज खेलेंगे रोहित-विराट

सूर्य कुमार यादव रहेंगे टी-20 के कप्तान

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** रोहित शर्मा अब भारत की वनडे टीम के कप्तान नहीं होंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए घोषित भारतीय टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली शामिल हैं, लेकिन कप्तान शुभमन गिल को बनाया गया है। गिल पहले से टेस्ट टीम के कप्तान हैं। टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तीन वनडे और पांच टी-20 खेलेगी। 19 अक्टूबर को पहला वनडे पर्थ में खेला जायेगा। इसके बाद दूसरा मैच 23 अक्टूबर को एडिलेड में और तीसरा 25 अक्टूबर को सिडनी में खेला जायेगा। इसके बाद पांच मैचों की टी-20 सीरीज होगी। टी-20 टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे।

**भारत ने वेस्टइंडीज से 77 साल का हिसाब चुकता किया :** अहमदाबाद । भारत ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में वेस्टइंडीज को पारी और 140 रन से हरा दिया है। यह मुकाबला तीसरे दिन टी-ब्रेक से पहले ही खत्म हो गया। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी शनिवार को 45.1 ओवर में महज 146 रन के स्कोर पर सिमट गयी। रवींद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिये। इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी 448/5 के स्कोर पर घोषित कर दी थी। भारतीय टीम ने मैच के तीसरे दिन बैटिंग नहीं की। वेस्टइंडीज को पारी की हार से बचने के लिए 287 रनों की जरूरत थी। उसकी पहली पारी 162 रन पर ऑलआउट हुई थी। वेस्टइंडीज की टीम 1948 में पहली बार भारत के दौरे पर आयी थी। तब से वह भारतीय जमीन पर जीत के मामले में भारतीय टीम से आगे रही थी।

### भारत की वनडे और टी-20 टीम

वनडे : शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), अक्षर पटेल, केएल राहुल (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल।



टी-20: सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उपकप्तान), तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन, रिंकू सिंह और वॉशिंगटन सुंदर।

### रांची में 30 नवंबर को भारत-दक्षिण अफ्रीका मुकाबला

रांची (आजाद सिपाही)। तीन साल के लंबे इंतजार के बाद रांची के जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज का पहला मैच 30 नवंबर को खेला जायेगा। यहां अक्टूबर 2022 के बाद वनडे मैच होगा। उस समय भारत ने इसी मैदान पर दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराया था। इस दौरे में टेस्ट, वनडे और टी-20 तीनों प्रारूपों के मैच खेले जायेंगे। पहला टेस्ट दिल्ली और दूसरा गुवाहाटी में होगा। वहीं, पहला वनडे (30 नवंबर) रांची में, दूसरा (3 दिसंबर) रायपुर में और तीसरा वनडे (6 दिसंबर) विशाखापट्टनम में होगा। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के मुताबिक जनवरी 2026 में न्यूजीलैंड टीम भारत दौरे पर आयेगी, ऐसे में रांची को उस सीरीज में भी एक मैच मिलने की संभावना है।

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery KG - I
Nursery KG - II
ADMISSION OPEN





Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

SHARDA GLOBAL SCHOOL
Affiliated to C.B.S.E. (10+2), New Delhi
Bukru, Kanke, Ranchi-834006
Admission Open
(Session 2026-27)
Registration forms for admission in Pre-Nursery to Std. IX are available. Forms can be filled and submitted online at our website: www.shardaglobalschool.com from 6th October to 17th October 2025. Forms are also available at School Office, 8:00 AM to 1:00 PM. Last Date of Submission is 18th October 2025
For Details Contact us at :
7542983222, 9771435100, 9931069966
Email: shardaglobalschool@gmail.com
Principal

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 05 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in


# बिहार चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों संग की बैठक

देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दोनों चुनाव आयुक्तों की राजनीतिक दलों के साथ बैठक का आयोजन शनिवार को पटना के एक निजी होटल में आयोजित की गयी। इस बैठक में विभिन्न पार्टियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान सभी दलों ने अपनी मांगें और सुझाव आयोग के सामने रखे। जदयू ने एक चरण में चुनाव कराने की मांग की, तो वहीं भाजपा और राजद ने दो चरणों में वोटिंग की मांग रखी।



## जदयू ने एक चरण में वोटिंग मांगी, भाजपा ने बुर्का बैन का प्रस्ताव दिया



आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू ने एक चरण में बिहार विधानसभा चुनाव का मतदान कराने की मांग की है। भाजपा ने भी एक या दो चरणों में वोटिंग का प्रस्ताव रखा। भाजपा ने बूथों पर बुर्का पहनी महिलाओं पर प्रतिबंध लगाने की भी मांग की। बैठक से निकलने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि हमने एक या दो चरणों में विधानसभा चुनाव की वोटिंग कराने का प्रस्ताव रखा है। ज्यादा फेज में मतदान होने से खर्च बढ़ जाता है। इसलिए चुनाव की प्रक्रिया ज्यादा लंबी नहीं होनी चाहिए। साथ ही मतदान से एक या दो दिन पहले पिछड़ा, अति पिछड़ा एवं दलित समाज के गांवों में अर्द्धसैनिक बलों का मार्च कराने को कहा। दियारा क्षेत्र में घुड़सवारों की व्यवस्था की जाये, क्योंकि वहां बूथ लुटने की संभावना ज्यादा रहती है। जदयू के अलावा पशुपति पारस की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी ने भी एक चरण में चुनाव कराये जाने की मांग आयोग के सामने रखी। रालोजपा के प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि एक चरण में संभव ना हो, तो अधिकतम दो चरण में चुनाव कराये जा सकते हैं। साथ ही बिहार में कानून व्यवस्था को ठीक करने की भी मांग की गयी।

### चिराग पासवान की पार्टी ने दो चरणों में चुनाव कराने को कहा



लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के शाहवाज अहमद कैफी ने बताया की उनकी ओर से दो चरणों में बिहार विधानसभा चुनाव कराने का सुझाव चुनाव आयोग को दिया गया है।

### बसपा ने भी दिया सुझाव

बहुजन समाज पार्टी की ओर से चुनाव आयोग की बैठक में शामिल हुए सुरेश राव ने कहा कि बिहार चुनाव में उम्मीदवारों पर अपराध के मामले को लेकर तीन अखबारों में प्रकाशन गरीब उम्मीदवारों के लिए खर्चीला होता है। आयोग खुद ही प्रकाशन की दर तय करे। साथ ही दलित बस्ती के लोगों को बूथवार डाटा से परेशानी होती है और चुनाव के दौरान प्रलोभन देने वाली घोषणाएं बंद होनी चाहिए।

### माले ने मतदाता सूची में सुधार की मांग की

वहीं भाकपा(माले) ने बिहार में मतदाता सूची और चुनावी प्रक्रिया में गंभीर गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखा है और उसमें सुधार की मांग की है। पार्टी ने मतदाता सूची से बाहर किये गये सभी नामों को आधार से जोड़कर दोबारा बहाल करने की भी मांग की। पार्टी की ओर से शनिवार को जारी बयान के अनुसार, संगठन ने कहा कि राज्य में 65 लाख लोगों के नाम जोड़े गये थे, लेकिन उनमें से 3.66 लाख मतदाता सूची से बाहर हो गये। इन लोगों के नाम आधार पर सत्यापित नहीं दिख रहे हैं, जबकि मतदाता सूची से बाहर करने का कोई ठोस आधार नहीं है।

## राजद ने दो चरणों में वोटिंग की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** राजद की तरफ से सांसद अभय कुशवाहा समेत कई पार्टी नेता बैठक में शामिल हुए। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि राजद ने चुनाव आयोग से दो फेज में चुनाव कराने की मांग की है। इसके अलावा एसआइआर के बाद जो फाइनल वोटर लिस्ट जारी हुई है, उसमें 3.66 लाख लोगों के काटे गये नामों की अलग सूची जारी की जाये, साथ ही राजनीतिक दलों को भी एक कॉपी दी जाये। इसके अलावा जो संवेदनशील बूथ हैं, वहां ज्यादा सतर्कता बरतने की बात कही, ताकि लोगों को वोट देने से रोका न जा सके। राजद सांसद ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान अमर्यादित भाषा और टीका-टिप्पणी पर चुनाव आयोग सख्त निर्देश जारी करे। अभय कुशवाहा ने कहा कि हर बूथ पर वोटिंग के बाद फॉर्म 17-सी, जो हर पोलिंग एजेंट को दिया जाता है और कंप्यूटराइज्ड होता है, उसकी कॉपी हर प्रत्याशी को दी जाये। दो फेज में चुनाव हो और छठ के बाद हो, क्योंकि समय बहुत कम है। इसके अलावा भी राजद की तरफ से कई मांगें और सुझाव लिखित तौर पर चुनाव आयोग को सौंपे गये।

## जन सुराज के उम्मीदवारों की पहली लिस्ट नौ को

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** जन सुराज पार्टी ने अपने एक वर्ष पूर्ण होने का जश्न मनाया। प्रशांत किशोर की पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह ने कहा कि पिछले साल 2 अक्टूबर को अस्तित्व में आयी पार्टी ने एक साल में ही ऐसी मजबूत व्यवस्था खड़ी कर दी है कि बिहार के सभी राजनीतिक दल इसे नजरअंदाज नहीं कर सकते। **प्रशांत किशोर की पार्टी रेस में निकली आगे :** जन सुराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह ने कहा, लोगों के प्रयास, खासकर एक व्यक्ति (प्रशांत किशोर) की मेहनत से हमने यह मुकाम हासिल किया। सभी जुड़े लोगों को धन्यवाद। उनकी मेहनत ने जन सुराज को वह स्थान दिया, जहां बिहार में पूर्ण बदलाव की चर्चा हो रही है। उन्होंने इसे बड़ी सफलता बताते हुए ईश्वर से कामना की कि जनता समर्थन दे। हम पार्टी की घोषणाओं को पूरा करेंगे। **जन सुराज का बड़ा दावा :** उदय सिंह ने कहा कि जन सुराज की स्थापना प्रशांत किशोर ने 2 अक्टूबर 2024 को की थी, जो गांधी जयंती पर गांधीवादी सिद्धांतों पर आधारित है। पार्टी जन सुराज अभियान से निकली है, जिसमें प्रशांत किशोर ने बिहार भर में पदयात्रा कर जनता से जुड़े मुद्दे समझे। पार्टी बिहार को देश के शीर्ष 10 राज्यों में लाने का लक्ष्य रखती है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने 40 प्रतिशत महिलाओं को टिकट देने का वादा किया है। विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची 9 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे जारी होगी। उदय सिंह ने बताया कि कोर कमेटी की बैठक में निर्णय लिया गया कि कम से कम 100 विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवारों की घोषणा पहले चरण में होगी। उसके बाद चरणबद्ध तरीके से बाकी सीटों पर प्रत्याशियों को उतारा जायेगा। **सभी सीटों पर लड़ेगी पार्टी :** जन सुराज पार्टी ने बिहार की सभी 243 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है और किसी भी तरह के गठबंधन से इनकार किया है।

## बिहार चुनाव से पहले एनडीए की घेराबंदी

# कांग्रेस शुरू करेगी '20 साल, 20 सवाल' अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार चुनाव से पहले एनडीए की घेराबंदी के लिए कांग्रेस '20 साल, 20 सवाल' अभियान शुरू करेगी। पटना के सदाकत आश्रम में आयोजित प्रेस वार्ता में शनिवार को एनएसयूआइ प्रभारी कन्हैया कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हर दिन कांग्रेस के एक नेता बिहार से जुड़े मुद्दों पर 20 साल की डबल इंजन की सरकार से सवाल करेंगे कि उन्होंने क्या किया।

उनसे जनता की तरफ से सवाल पूछे जायेंगे। शनिवार को उन्होंने पीरपैंती बिजली घर से जुड़े सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार में शुरू हुए प्रोजेक्ट को केंद्र और राज्य सरकार को मिलकर बनाना था, लेकिन बाद में ये मोदी जी के दोस्त अडानी को क्यों दे दिया गया। इसके लिए बजट में आवंटित राशि कहां गयी। कन्हैया कुमार ने कहा कि किसानों से सस्ती जमीन लेकर महंगी दर पर बिजली खरीद क्यों की जायेगी? अडानी अन्य राज्यों में फिक्स्ड रेट पर 3 रुपये प्रति यूनिट ठेका ले रहे हैं। लेकिन बिहार में यह 6 रुपये प्रति यूनिट पर ठेका ले रहे हैं। इससे 56,000 करोड़ रुपये की बचत बिहार में होती। अडानी को मनमानी दर पर यह क्यों दिया गया है। 'तुम मुझे चंदा दो, मैं तुम्हें धंधा दूंगा', इसी मुद्दे पर बिहार में वोट की चोरी हो रही है। बता दें कि इससे पहले एसआइआर के बाद चुनाव आयोग की तरफ से जारी की गयी अंतिम वोटर लिस्ट पर भी कांग्रेस ने सवाल खड़े किये हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने आरोप लगाया कि हटाये गये नाम जोड़े गये नाम से बहुत ज्यादा हैं।

कांग्रेस कार्यकर्ता हटाये गये नाम और जोड़े गये नाम का गहन मूल्यांकन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा यहीं समाप्त नहीं होगा। पार्टी मतदाताओं के हक में लड़ाई जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में एसआइआर शुरू से ही एक छलावा रही है। इसे इतनी लापरवाही और अपारदर्शिता के साथ किया गया कि न्यायालय को दखल देना पड़ा। मुख्य चुनाव आयुक्त इसे सफल बता रहे हैं, जबकि वास्तव में इसकी निष्पक्षता और पारदर्शिता सवालों के घेरे में है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई पात्र मतदाताओं के नाम इरादतन काटे गये।

## बिहार में कर्पूरी ठाकुर स्किल यूनिवर्सिटी का वर्चुअल उद्घाटन

# आजकल 'जननायक' की होती है चोरी: पीएम मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटना/नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार विधानसभा चुनाव से पहले विपक्ष के नेताओं पर हमला बोला है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव का नाम लिये बगैर पीएम मोदी ने कहा कि आजकल लोग 'जननायक' की चोरी करने में लगे हैं। इस मौके पर उन्होंने असली 'जननायक' कर्पूरी ठाकुर के योगदान को भी याद किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बिहार में कर्पूरी ठाकुर स्किल यूनिवर्सिटी का वर्चुअली उद्घाटन किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नीतीश कुमार की सरकार ने इस यूनिवर्सिटी का नाम भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम पर रखा है।

विपक्ष पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, कर्पूरी ठाकुर को 'जननायक' सोशल मीडिया की ट्रोल करने वाली टीम ने नहीं बनाया है। कर्पूरी ठाकुर को 'जननायक' बिहार के जन-जन ने बनाया है और उनके जीवन को देखकर बनाया था। पीएम मोदी ने कहा, मैं बिहार के लोगों से कहूंगा कि चौकन्ना रहिए। यह 'जननायक' पद कर्पूरी ठाकुर से ही शोभामान है। आजकल लोग 'जननायक' की चोरी करने में लगे हैं। इसलिए मैं बिहार के लोगों से जागृत रहने का आग्रह करूंगा, ताकि कर्पूरी ठाकुर को जनता की तरफ से दिया गया सम्मान कोई चोरी न कर जाये।

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा, कर्पूरी ठाकुर ने अपना पूरा जीवन समाज की सेवा और शिक्षा के विस्तार में लगाया। उन्होंने हमेशा इस बात पर जोर दिया कि समाज का सबसे कमजोर व्यक्ति भी आगे बढ़े। उनके नाम पर बनने वाली ये स्किल यूनिवर्सिटी भी उसी सपने को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम बनेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए की डबल इंजन सरकार लगातार बिहार की शिक्षा संस्थाओं को आधुनिक बनाने में जुटी है। आइआइटी पटना में इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार का काम शुरू हो चुका है। इस कार्यक्रम से भी बिहार के कई बड़े शिक्षा संस्थानों के आधुनिकीकरण का काम शुरू हुआ है।

### बिहार के शिक्षा क्षेत्र की तारीफ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एनआइटी पटना के बिहटा कैंपस को होनहार छात्रों के लिए खोला गया है। इसके अलावा पटना यूनिवर्सिटी, बीएन मंडल यूनिवर्सिटी, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा और नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी, इन सभी संस्थानों में नये इंफ्रास्ट्रक्चर की नींव रखी गयी है। पीएम मोदी ने ये भी कहा कि अच्छे संस्थानों के साथ-साथ नीतीश कुमार की सरकार बिहार के नौजवानों की पढ़ाई का खर्च भी कम कर रही है। उच्च शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को फीस की परेशानी न हो, इसकी चिंता की जा रही है।

### बिहार में स्कॉलरशिप अब 3600 रुपये हो गया

पीएम मोदी ने कहा, बिहार सरकार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के माध्यम से बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए मदद करती रही है। एक और फैसला लिया गया है कि इस क्रेडिट कार्ड से मिलने वाले एजुकेशन लोन को ब्याज मुक्त कर दिया गया है। ये बिहार सरकार का फैसला है। विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप भी 1,800 से बढ़ाकर 3,600 की गयी है।

## युवा संवाद में नीतीश की उपलब्धियां गिनाते रहे मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को युवा संवाद के तहत देश भर के नौजवानों को संबोधित किया। उन्होंने करीब 62 हजार करोड़ की योजनाओं का उपहार युवा आबादी को दिया, जिसमें बिहार पर विशेष फोकस रहा। अपने संबोधन में नरेंद्र मोदी बिहार के सीएम नीतीश कुमार की उपलब्धियां गिनाते दिखे। पीएम ने कहा कि एनडीए की डबल इंजन सरकार ने लगातार बिहार के शिक्षण संस्थानों को आधुनिक बनाने में जुटी है। आइआइटी पटना में इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार का काम शुरू हो गया है। आज बिहार में कई बड़े शिक्षण संस्थानों के आधुनिकीकरण का काम शुरू हुआ। एनआइटी पटना के बिहटा सेंटर को खोल दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के युवा देशों में से एक है और बिहार उन राज्यों में शामिल है, जहां आबादी के अनुपात में सबसे अधिक युवा हैं। इसलिए बिहार के युवाओं का सामर्थ्य बढ़ता है, तो देश की ताकत बढ़ती है। सरकार युवाओं के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। पीएम ने कहा कि राजद के शासनकाल की तुलना में यहां का शिक्षा बजट कई गुना बढ़ा दिया गया। आज बिहार में करीब करीब हर गांव में एक स्कूल बन चुका है। इंजीनियरिंग कॉलेज और मेडिकल कॉलेजों की संख्या कई गुना बढ़ गयी है। हाल में ही केंद्र सरकार ने बिहार के छोटे जिलों के लिए 19 केंद्रीय विद्यालयों की की स्वीकृति दी है। एक समय था, जब बिहार में स्पोर्ट्स से जुड़ा एक भी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय संस्थान नहीं था। आज बिहार में भारत के नेशनल, इंटरनेशनल इवेंट हो रहे हैं। पीएम ने कहा कि बीते दो दशकों में बिहार सरकार ने 50 लाख नौजवानों को रोजगार दिया है। बीते कुछ सालों में करीब 10 लाख पक्की सरकारी नौकरी दी गयी। शिक्षा विभाग में बड़े पैमाने पर लाखों की संख्या में भर्ती हुई। बिहार सरकार अब नये लक्ष्य को लेकर काम कर रही है। राज्य सरकार ने कितने रोजगार 20 साल में बढ़ाये। नीतीश जी ने बताया कि आने वाले पांच सालों में एक करोड़ रोजगार, नौकरी देने का लक्ष्य है। बिहार के नौजवानों को बिहार में ही काम देने का संकल्प है। यह समय बिहार के युवाओं के लिए डबल बोनस का है। देश में जीएसटी बचत उत्सव चल रहा है। बहुत सारे युवा धनतेरस में बाइक-स्कूटर खरीदने जा रहे हैं। जरूरत की ज्यादातर चीजों पर जीएसटी कम हो गये हैं। पीएम ने कहा कि स्किल बढ़ने से देश आत्मनिर्भर होता है, लोग आत्मनिर्भर होते हैं। 2014 से पहले भारत को 'फ्रेजाइल फाइव इकोनॉमी' कहा जाता था। आज भारत विश्व की टॉप थर्ड इकोनॉमी बनने की तरफ बढ़ गया है। मैन्युफैक्चरिंग बढ़ रही है, रोजगार बढ़ रहे हैं, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गुड्स और डिफेंस सेक्टर में भी मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट बढ़े हैं। एमएसएमइ सेक्टर भी आगे बढ़ा है। इन सब का बड़ा लाभ हमारे युवाओं को खासकर आइटीआइ की स्किल वाले युवाओं को होने वाला है। मुद्रा स्कीम ने भी करोड़ जवानों को अपना रोजगार शुरू करने में मदद की। भारत सरकार ने एक लाख करोड रुपए की प्रधानमंत्री विकसित भारत योजना लागू की है। इससे 3.5 करोड़ नौजवानों को प्राइवेट सेक्टर में रोजगार पाने में मदद मिलेगी। यह समय देश के हर युवा के लिए अवसर से भरा हुआ है।

## बिहार को नये एयरपोर्ट की सौगात

# मुजफ्फरपुर से उड़ान की मंजूरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** चुनावी साल में केंद्र की मोदी सरकार ने बिहार को एक और सौगात दी है। मुजफ्फरपुर से बहु प्रतीक्षित हवाई सेवा को मंजूरी दे दी गयी है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी दी है। डिप्टी सीएम ने सीएम नीतीश और पीएम नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया है।

इससे पहले पूर्णिया से 15 सितंबर को हवाई सेवा का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने किया था। सम्राट चौधरी ने लिखा है कि बिहार में हवाई यात्राओं को लगातार विस्तार मिल रहा है। मुजफ्फरपुर में एयरपोर्ट के निर्माण हेतु टेंडर कर दिया गया है। इसमें प्री फैब स्टील स्ट्रक्चर का कार्य होगा। इससे पूरे तिरहुत क्षेत्र के साथ बिहार में हवाई सेवा का एक और विकल्प तैयार हो गया। मुजफ्फरपुर वासी एवं तिरहुत क्षेत्र की जनता को बहुत-बहुत बधाई है। इस बहुप्रतीक्षित निर्णय के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कोटिशः धन्यवाद-आभार। केंद्र सरकार के फैसले से उत्तर बिहार में खुशी की लहर है। इलाके में शैक्षणिक, व्यापारिक, आर्थिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को इससे बढ़ावा मिलेगा। तिरहुत इलाके में हवाई सेवा की काफी आवश्यकता महसूस की जा रही थी। यह कदम केवल व्यावसायिक यात्राओं के लिए ही उपयोगी नहीं होगा, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। स्थानीय व्यापारियों और उद्योगपतियों के लिए यह बड़ी राहत की खबर है।

मुजफ्फरपुर एयरपोर्ट के माध्यम से जल्द ही कई प्रमुख शहरों के लिए उड़ान सेवा शुरू होने की उम्मीद है। मुजफ्फरपुर एयरपोर्ट लंबे समय से चुनावी मुद्दा है। हर बार प्रत्याशी इसका वादा जनता से करते हैं।

2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान पताही हवाई पट्टी से नरेंद्र मोदी ने इसे चालू करने का वादा किया था। लेकिन पूरा होने में दस साल से ज्यादा समय लग गए। इससे पहले दरभंगा एयरपोर्ट चालू हो जाने से जनता में काफी आक्रोश था। मुजफ्फरपुर और दरभंगा के बीच दूरी का पारामीटर बाधा बन रहा था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.5°c | 22.5°c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.34 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.41 बजे |



# गुमला में रैयती जमीन पर स्थापित कर दिया ताजिया कार्रवाई करें, नहीं तो होगा आंदोलन : बाबूलाल मरांडी

## ■ बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखा पत्र

## ■ गुमला थाना में शिकायत दर्ज पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर गुमला जिले के बड़ाइक मोहल्ला में अवैध रूप से स्थापित ताजिया को हटाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। शनिवार को बाबूलाल मरांडी ने पत्र में लिखा है कि रूपेश कुमार सिंह की रैयती जमीन पर पिछले 23 दिनों से विशेष समुदाय के लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर लकड़ी-बांस से ताजिया स्थापित किया गया है, जिसे हटाने के लिए प्रशासन कोई कदम नहीं उठा रहा है। पत्र में आरोपियों के नाम भी उल्लेखित हैं, जिनमें अहमद लेन, मो नसीम, मो तफरेज, मो सलीम, मो कादिर, मो नाजिर, मो सरवर आलम, मो जाहिद अंसारी, मो आरिफ अंसारी और मो सुहैल शामिल हैं। खास बात यह है कि मो आरिफ अंसारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला सचिव भी हैं। मरांडी ने बताया कि शिकायत गुमला थाना में दर्ज की गयी है, लेकिन प्रशासन और पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण की नीति के कारण दोषियों पर कार्रवाई नहीं हो रही और इससे क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव बढ़ने का खतरा है। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न स्थानों पर आये दिन घट रही ऐसी सांप्रदायिक तुष्टीकरण की वारदातें जिसका प्रकार भले अलग हो लेकिन भाव सभी का एक ही होता है इसमें लगातार अप्रत्याशित वृद्धि हो रही। अब तो राज्य की बहुसंख्यक हिंदू समाज यह समझने लगा है कि राज्य की सरकार उनकी जमीन, इज्जत आबरू, बहन-बेटियों को सुरक्षा प्रदान करने में विफल है। पत्र में लिखा है कि क्या राज्य सरकार की पुलिस इतने दबाव में है कि वो सच को सच नहीं कह सकती। अवैध कब्जे का अनुसंधान नहीं कर सकती?, अवैध कब्जा करने वालों से पूछ ताछ भी नहीं कर सकती,? आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकती? तो फिर वर्दी पहनकर उसे लज्जित करने का उसे न तो नैतिक अधिकार है, न संवैधानिक। बाबूलाल मरांडी ने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि वे निष्पक्ष और निर्भीक होकर अपनी जिम्मेदारी निभाएं, नहीं तो भाजपा पूरे प्रदेश में बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

## कफ सिरप मामला : बाबूलाल ने सीआइडी की भूमिका पर उठाये सवाल, बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही राज्य सरकार

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बार-बार बताने के बाद भी राज्य सरकार की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। सीआइडी विभाग क्या गुल खिला रहा है, इस विषय में भी कई बार अवगत करा चुके हैं। उन्होंने कहा कि गत वर्ष गुजरात पुलिस की सूचना के बाद धनबाद के बरवाअड्डा में पुलिस द्वारा प्रतिबंधित कफ सिरप (फेंसेडिल) का जखीरा जब्त किया गया था। यह जानते हुए भी कि इसका इस्तेमाल नशे के लिए होता है, इसे धड़ल्ले से बेचा जा रहा था। सीआइडी ने मामले को टेकओवर किया, लेकिन 14 महीने बीत जाने के बाद भी किसी आरोपी



की गिरफ्तारी नहीं की। उन्होंने कहा कि हमारे बच्चों का भविष्य दांव पर लगा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ-साथ गृह मंत्रालय का दायित्व भी सीएम के पास है, लेकिन एक ओर एसीबी तय समय के भीतर चार्जशीट दाखिल नहीं कर रही है। इसी तरह भ्रष्टाचार और आपराधिक मामलों की जांच पड़ताल में सीआइडी की कार्यशैली संदिग्ध रही है। चाहे पेपर लीक प्रकरण के आरोपियों को बचाना हो, नशे के कारोबारियों को संरक्षण देना हो या जमीन का घोटाला करना हो, सीआइडी सदैव इन गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्त पायी जाती रही है। यही वजह है कि आम जनता के साथ-साथ अब न्यायालय भी सीआइडी की कार्रवाई की विश्वसनीयता पर संदेह करता है। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में सीआइडी द्वारा की गयी रंगदारी और भ्रष्टाचार की सभी गतिविधियों की सार्वजनिक जांच करायी जाये ताकि सच्चाई सामने आ सके। जनता सब देख रही है।

# भाजपा सांप्रदायिकता का जहर घोलने की साजिश रच रही : विनोद पांडेय

## बाबूलाल मरांडी की राजनीति केवल आरोप पत्र बनकर रह गयी है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मरांडी जी हर बार झूठ, अफवाह और सांप्रदायिक जहर फैलाकर राजनीति में प्रासंगिक बने रहने की कोशिश करते हैं, लेकिन झारखंड की जनता उन्हें पूरी तरह नकार चुकी है।

उन्होंने कहा कि जिस भाजपा के शासनकाल में राज्य लूट-खसोट, घोटालों और बेरोजगारी का अड्डा बन गया था, आज वही भाजपा हेमंत सरकार को नैतिकता और ईमानदारी का पाठ पढ़ा रही है। यह वैसा ही है जैसे चोर-उचक्कों का गिरोह चौकीदारी की बात करे।

**धार्मिक मामलों में जहर घोलने की भाजपा की साजिश :** प्रवक्ता पांडेय ने कहा कि गुमला की घटना को भाजपा नेता जानबूझकर सांप्रदायिक रंग देकर माहौल बिगाड़ना चाहते हैं। भाजपा का इतिहास ही यही रहा है—जहां शांति हो, वहां नफरत बो देना। राज्य सरकार हर मामले में कानून सम्मत कार्रवाई कर रही है। लेकिन भाजपा चाहती है कि उसके शासन के समय की तरह झारखंड की धरती हमेशा तनाव और नफरत में झुलसती रहे ताकि उन्हें राजनीतिक रोटियां सेंकने का मौका मिले।

**भ्रष्टाचार की सबसे बड़ी आरोपी भाजपा :** उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी भ्रष्टाचार पर सवाल उठाते हैं, लेकिन भाजपा का चेहरा ही भ्रष्टाचार का पर्याय है। कोयला से जमीन घोटाले तक, फर्जी नियुक्तियों से लेकर परीक्षा लीक तक—झारखंड को सबसे ज्यादा कलंक भाजपा ने ही दिया। मरांडी जी भूल रहे हैं कि उनके कार्यकाल में पुलिस और प्रशासन भाजपा नेताओं के पिछलग्गू बन चुके थे।



### युवाओं और बच्चों की चिंता का ढोंग

प्रवक्ता पांडेय ने कहा कि भाजपा के नेता आज बच्चों और युवाओं की दुहाई देते हैं, जबकि हकीकत यह है कि भाजपा ने अपने शासन में झारखंड के युवाओं को सिर्फ बेरोजगारी, पलायन और भूखमरी दी। आज हेमंत सरकार स्कॉलरशिप, रोजगार, भर्ती प्रक्रिया और शिक्षा-स्वास्थ्य पर लगातार ठोस कदम उठा रही है। भाजपा को यह देखना पच नहीं रहा है कि राज्य के युवा अब आत्मनिर्भर बनने की राह पर हैं।

### मरांडी की राजनीति में सिर्फ नकारात्मकता

उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी की राजनीति अब आरोप पत्र से ज्यादा कुछ नहीं रह गयी है। न उनके पास विकास का एजेंडा है, न जनता के लिए कोई योजना। उनका हर बयान केवल सत्ता और राजनीतिक हताशा को दर्शाता है। विनोद पांडेय ने कहा- हेमंत सरकार जनता की चुनी हुई सरकार है। भाजपा चाहे जितनी चीख-पुकार करे, झूठ फैलाए, अफवाह गढ़े—झारखंड की जनता भाजपा को नकार चुकी है और आने वाले दिनों में और भी कड़ा सबक सिखाएगी।


# ज्वेलरी दुकानदार के घर से डेढ़ करोड़ के जेवर-नगदी की चोरी

## हजारीबाग के केरेडारी में हुई घटना, पुलिस जांच में जुटी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के केरेडारी थाना क्षेत्र में चोरों ने ज्वेलरी दुकानदार कुलदीप सोनी के घर से 1 करोड़ 41 लाख 70 हजार रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। यह घटना ओमे गांव स्थित जूनियर किड्स स्कूल के सामने शुक्रवार शाम को हुई। चोरों ने घर का दरवाजा और अलमारी का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर और नगदी पर हाथ साफ किया।

कुलदीप सोनी ने पुलिस को दिये आवेदन में बताया कि दुकान बंद होने पर वे कीमती जेवरात घर में ही रखते थे। चोरी हुए सामान में 22 और 18 कैरेट के सोने के मंगलसूत्र, चेन, लॉकेट,



झुमके सहित लगभग 1 करोड़ 30 लाख रुपये के आभूषण शामिल हैं। इसके अलावा, पत्नी और उनके निजी उपयोग के करीब 10 लाख रुपये के जेवर तथा 1 लाख 70 हजार रुपये नकद भी चोरी हुए हैं।

परिवार के सदस्यों ने बताया कि घटना के दिन शाम करीब 4:30 बजे वे दुर्गा पूजा का मेला देखने सलगा गये थे। शाम 6 बजे लौटने पर उन्हें चोरी का पता चला। इस बीच, शाम 5:15 बजे दूध देने पहुंचे गुदुन सिंह ने घर का ताला टूटा और दरवाजा खुला देखा। उन्होंने तुरंत पड़ोसियों को सूचित किया, जिसके बाद परिवार के लौटने पर चोरी की पुष्टि हुई। घटना की सूचना मिलते ही केरेडारी पुलिस सक्रिय हो गयी है। थाना प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही इसका खुलासा कर लिया जायेगा।

भाजपा रांची महानगर कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष का किया अभिनंदन

# बूथ स्तर के कार्यकर्ता का कार्यकारी अध्यक्ष बनना भाजपा में ही संभव : आदित्य साहू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा रांची महानगर कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पार्टी के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू का ढोल-बजा, पटाखा छोड़ और मिठाई बांट कर भव्य अभिनंदन और स्वागत किया। अभिनंदन कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू, रांची विधायक सीपी सिंह, महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, पूर्व विधायक राम कुमार पाहन, पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, मनोज मिश्रा, केके गुप्ता, बलराम सिंह एवं जितेंद्र वर्मा उपस्थित रहें। इससे पूर्व महानगर के कार्यकर्ताओं ने आदित्य साहू के महानगर कार्यालय पहुंचने पर पटाखा छोड़कर और ढोल बाजा के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि मुझ जैसे एक बूथ स्तर पर कार्य करने वाला




कार्यकर्ता अगर कार्यकारी अध्यक्ष बन सकता है तो वह भाजपा में ही संभव है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक मात्र संगठन है जहां कार्यकर्ताओं को सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने मेरे जैसे कार्यकर्ता पर जो विश्वास जताया है हम उस विश्वास पर खरे उतरेंगे। उन्होंने संबोधन के दौरान संगठन में संघर्ष को याद करते हुए भावुक होकर कहा कि ईमानदारी और निष्ठा ने कार्य करने वाला हर कार्यकर्ता भाजपा में आगे बढ़ सकता है। उन्होंने इस जिम्मेवारी के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने झारखंड सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ हर कार्यकर्ता को सड़क पर उतरना होगा। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि आदित्य साहू जैसे पुराने एवं जमीनी कार्यकर्ता को कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर पार्टी ने कार्यकर्ताओं को सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि आदित्य साहू के लंबे सांगठनिक अनुभव का फायदा पार्टी को मिलेगा। महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि आदित्य साहू के कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने से कार्यकर्ताओं में नयी ऊर्जा का संचार हुआ है। आदित्य साहू के नेतृत्व में पार्टी को नयी गति और ऊर्जा मिलेगी। इस अभिनंदन समारोह में सुबोध सिंह गुड्डू, लक्ष्मीचंद्र दीक्षित, कमाल खान, राजेंद्र केशरी, संजय जायसवाल, रमेश सिंह, अरुण झा, संदीप वर्मा, निशि जयसवाल, ऊषा पांडेय, कृपा शंकर सिंह, रोशनी खलखो, राजू सिंह, बसंत दास, अनीता वर्मा, संजीव चौधरी,विनय सिंह, पूनम जायसवाल, बिना मिश्रा, विकास रवि, बलसाई महतो, रोशन शर्मा, देवेंद्र शर्मा, सोनू सिंह, राकेश शर्मा, रवि मुंडा, प्रकाश साहू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बिहार में धर्मेंद्र प्रधान ने डाला डेरा, अमित शाह भी देंगे फुल टाइम

## चुनाव तारीखों के एलान से पहले भाजपा की पूरी मुस्तैदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान कभी भी होने की उम्मीद है। इस बीच एनडीए के लिए भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी कमान संभाल ली है और पार्टी के वरिष्ठ नेता अब जमीन पर पूरी तरह सक्रिय हो गये हैं। नव-नियुक्त चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान शनिवार से पटना में डेरा डाल चुके हैं और पूरे सप्ताह पार्टी कार्यकर्ताओं और सहयोगी दलों के साथ बैठकों का दौर चलेगा। धर्मेंद्र प्रधान को पहले भी बिहार में काम करने का अनुभव रहा है और वे जमीनी हकीकत की अच्छी समझ रखते हैं। उनकी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ भी काफी अच्छे संबंध हैं और पार्टी नेताओं को लगता है कि इससे सीट बंटवारे में आने वाली किसी भी संभावित बाधा को दूर करने में मदद मिलेगी।



**10 अक्टूबर तक सीट शेयरिंग फाइनल :** सूत्रों के अनुसार, भाजपा की योजना चुनाव की घोषणा के बाद 10 अक्टूबर तक सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने की है। फिलहाल लोजपा (रामविलास) नेता और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के साथ आंतरिक बातचीत चल रही है। पार्टी नेताओं का मानना है कि चिराग पासवान के साथ सीटों का मामला तय हो जाने के बाद जीतन राम मांझी की हम (सेक्युलर) और उपेंद्र कुशवाहा की रालोमो (राष्ट्रीय लोक मोर्चा) जैसे छोटे सहयोगियों को समायोजित करना आसान हो जायेगा।

**चिराग की डिमांड की वजह से देरी :** जानकारी के मुताबिक, चिराग पासवान ने 2024 के लोकसभा चुनावों में जीती गयी पांच सीटों के आधार पर विधानसभा की कम से कम 30 सीटें मांगी हैं। फिलहाल, चिराग पासवान टफ नेगोशिएटर (कठोर वातार्कार) लग रहे हैं। भाजपा सामान्य परिस्थितियों में उन्हें 20 से 25 सीटें देने को तैयार है। सीट बंटवारे के मामले में भाजपा और जदयू पूरी तरह से तालमेल में हैं और दोनों ही छोटे सहयोगियों के लिए चर्चा जल्द खत्म करना चाहते हैं। एनडीए में इस बात पर आम सहमति है कि सहयोगियों के बीच सीटों का आवंटन उनके संबंधित क्षेत्रों में ताकत और वोट आधार के मुताबिक किया जाना चाहिए।

### बिहार पर अमित शाह की पैनी नजर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बिहार में चुनावी अभियान की प्रगति और सहयोगियों के साथ चल रही चर्चाओं पर करीब से नजर रख रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि ये लंबे समय बाद है, जब अमित शाह किसी राज्य चुनाव पर इतना अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि अमित शाह अब एक या दो दिन के दौरे की बजाय बिहार में अधिक समय तक रुकेंगे। चुनाव टीम की तैनाती से ये साफ है कि पार्टी का मुख्य ध्यान राज्य के गैर-यादव ओबीसी और इबीसी वोट बैंक पर होगा। 2020 के चुनाव में भूपेंद्र यादव पार्टी के प्रभारी थे, जबकि केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय अभियान का नेतृत्व कर रहे थे।

### निशाने पर 4.2 प्रतिशत कुशवाहा वोटर भी

2025 के चुनाव में धर्मेंद्र प्रधान के साथ उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सह-प्रभारी हैं। बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। ये दोनों नेता प्रभावशाली कुशवाहा समुदाय से आते हैं। 2024 के चुनाव में कुशवाहा समुदाय के मतदाताओं ने बड़ी संख्या में एनडीए से दूरी बना ली थी, जिसके चलते एनडीए गठबंधन को 10 सीटों पर हार का सामना करना पड़ा था। चुनाव टीम में दो कुशवाहा नेताओं के शीर्ष पर होने से रणनीति साफ है, कुशवाहा वोट बैंक को एकजुट करना, जिसका राज्य में हिस्सा लगभग 4.2% है।

जिला कांग्रेस कमेटी के नये अध्यक्षों की नियुक्ति

# कुमार राजा फिर रांची महानगर अध्यक्ष बने

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में कांग्रेस पार्टी ने संगठनात्मक ढांचे को मजबूती देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआइसीसी) ने संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में जिला कांग्रेस कमेटियों के नये अध्यक्षों की नियुक्ति की है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन नियुक्तियों को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दी है। नयी नियुक्तियों के साथ कई विधायकों और वरिष्ठ नेताओं को भी जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गयी है, जिससे संगठन और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय बेहतर हो सके। जारी सूची में रांची महानगर अध्यक्ष की जिम्मेवारी एकबार फिर से विश्वास जताते हुए कुमार राजा को दी गयी है। वहीं रांची ग्रामीण अध्यक्ष सोमनाथ मुंडा बनाया गया है।

### ये बने अध्यक्ष

1. बोकारो - जवाहरलाल मेहता
2. चतरा - चंद्रदेव गोप
3. देवघर - मुकुंद दास
4. धनबाद - संतोष कुमार सिंह
5. दुमका - स्टीफन मरांडी
6. पूर्वी सिंहभूम - परविंदर सिंह
7. गढ़वा - ई ओबैदुल्लाह हक अंसारी
8. गिरिडीह - सतीश केडिया
9. गोड्डा - मोहम्मद यहया सिद्दीकी
10. गुमला - राजनील तिग्गा
11. हजारीबाग - जेपी पटेल
12. जामताड़ा - स्मृति दीपिका बेसरा
13. खूंटी - रवि मिश्रा
14. कोडरमा - प्रकाश राजक
15. लातेहार - कामेश्वर यादव
16. लोहरदगा - सुखैर भगत
17. पाकुड़ - श्रीकुमार सरकार
18. पलामू - बिमला कुमारी
19. रामगढ़ - ममता देवी
20. रांची महानगर - कुमार राजा
21. रांची ग्रामीण - सोमनाथ मुंडा
22. साहिबगंज - बरकतउल्लाह खान
23. सराइकेला-खरसावां - राज बागची
24. सिमडेगा - भूषण बाड़ा
25. पश्चिमी सिंहभूम - रंजन बोयपाय

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 05 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in



## क्षत्रिय गौरव एकता रांची जिला की बैठक संपन्न

# एक मंच पर आने से ही राजपूतों को मिलेगी राज्य में राजनीतिक भागीदारी : प्रवीण सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** क्षत्रिय गौरव एकता रांची जिला की बैठक शनिवार को पुराना विधानसभा सभागार में अमरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान राजपूत समाज को संगठित करने और फरवरी माह में महासम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। महासम्मेलन की तिथि सभी जिलों में संगठन खड़ा होने के बाद घोषित की जायेगी। बैठक में जिले के प्रत्येक वार्ड में व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर लोगों को जोड़ने पर जोर दिया गया, ताकि समुदाय सुख-दुख की साझेदारी कर सके और एक मंच पर आये। कार्यक्रम में क्षत्रिय गौरव के संस्थापक प्रवीण सिंह ने कहा कि राजपूत समाज की सहायता हर कोई चाहता है, लेकिन एकजुट न होने के कारण राजनीतिक रूप से राजपूत समुदाय पिछड़ गया है। उन्होंने कहा कि आज हम अपने ही घर की लड़ाई में उलझे हैं, इसे खत्म करना होगा। जब तक हम खुद को मजबूत नहीं करेंगे, कोई हमारा भला नहीं करेगा। एकजुट रहेंगे तभी राजनीतिक भागीदारी मिलेगी। हर कोई हमारे समाज के पास चलकर आयेगा। उन्होंने साफ कहा कि क्षत्रिय गौरव का मकसद नया संगठन बनाना नहीं बल्कि घर-घर जाकर लोगों को जोड़ना और इगो दूर करना है। सभी एक मंच पर एकजुट हों तभी क्षत्रिय समुदाय का राजनीतिक आर्थिक और अन्य हर दिशा में विकास संभव है। उन्होंने दावा किया कि झारखंड में अब तक आठ लाख से अधिक राजपूतों की संख्या दर्ज हो चुकी है। कार्यक्रम में कई सांसद और विधायक शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि सत्ता हमेशा झुकती है, लेकिन अपनी बात मनवाने वाला होना चाहिए। हम एकजुट होंगे तो हर दरवाजा खुलेगा।

### मुखर होकर आवाज करनी होगी बुलंद : सुनील

वहीं पूर्व सांसद सुनील सिंह ने कहा कि समाज को मुखर होकर अपनी आवाज बुलंद करनी होगी। सुरेंद्र सिंह ने संगठन को मंडल वार ढांचे में मजबूत करने की बात कही। डॉ अजय शाहदेव ने रांची को राजपूतों का गढ़ बनाने और समाज को राज्यसभा तक प्रतिनिधित्व दिलाने पर जोर दिया। युवा रवि प्रताप सिंह ने राजनीति में सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया। अभिषेक सिंह ने छोटे-छोटे ग्रुप बनाकर काम करने की रणनीति की बात कही। बबीता सिंह ने हर वार्ड में लोगों को जोड़ने की घोषणा की। संतोष सिंह ने संगठन की मजबूती पर बल दिया, जबकि लाल सूरज नाथ शाहदेव ने मंडल वार बैठकें कर सूची तैयार करने का सुझाव दिया। बैठक का संचालन अभिषेक सिंह और धन्यवाद ज्ञापन रमेश सिंह ने किया। बैठक में सत्यनारायण सिंह, सुरेंद्र सिंह प्रेम प्रकाशनाथ शाहदेव, अजयनाथ शाहदेव, रमेश सिंह, अभिषेक सिंह, सुनील सिंह, नीतू सिंह, भूपेंद्र सिंह सिंह, कुंदन सिंह, रवि सिंह, मनीष सिंह सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

## जी-सैट ब्रोशर जारी कर ब्रदर्स एकेडमी ने मिशन एडमिशन 2026 की घोषणा की

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** ब्रदर्स एकेडमी ने शनिवार को ब्रोशर जारी किया। साथ ही मिशन एडमिशन 2026 की भी घोषणा की। अकादमी के निदेशक पारस अग्रवाल ने 'मिशन एडमिशन 2026' के तहत जी-सैट ब्रोशर को रिलीज किया। कहा कि अकादमी का उद्देश्य छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना है। उन्हें उनके शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करना है। जी-सैट परीक्षा के माध्यम से छात्रों को उनकी क्षमता का आकलन करने और छात्रवृत्ति पाने में मदद मिलेगी। जी-सैट परीक्षा की तिथियां 12 अक्टूबर, 02 नवंबर और 16 नवंबर 2025 निर्धारित है। एडमिशन प्रक्रिया दिसंबर 2025 से शुरू होगी और नये सत्र की कक्षाएं मार्च 2026 से प्रारंभ होंगी। ब्रदर्स एकेडमी अपनी मजबूत फैकल्टी टीम, प्रभावी शिक्षण पद्धतियों और हर छात्र पर व्यक्तिगत ध्यान देने के लिए जानी जाती है, जो उन्हें सफलता की ओर ले जाती है। जो छात्र इस प्रतिष्ठित अकादमी का हिस्सा बनने के इच्छुक हैं, वे अधिक जानकारी के लिए नीचे दिये गये विकल्पों का उपयोग कर सकते हैं। हमारे परामर्शदाताओं से फोन पर बात कर सकते हैं या उनसे मिल सकते हैं। फोन नंबर: 74884-08051 / 62014-69038 (सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक)। वेबसाइट पर जाकर आसानी से ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं।

## रिम्स के मरीज और परिजनों के बीच भोजन का वितरण




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री जीण माता परिवार रांची द्वारा शनिवार को रिम्स परिसर में स्थित रोटी बैंक के सहयोग से रिम्स के मरीज एवं उनके परिजनों के बीच भोजन का वितरण किया गया इसअवसर पर इस अवसर पर करीब 400 लोगों ने भोजन प्राप्त किया। रोटी बैंक की स्थापना 1 मार्च 2020 को विजय पाठक के द्वारा की गयी थी तब से लेकर आज तक प्रतिदिन उनके द्वारा रात्रि 8:00 बजे से करीब 400 लोगों को निशुल्क भोजन कराया जाता है। इस अवसर पर विजय पाठक, दिलीप पटवारी, सुभाष अग्रवाल, गौरी शंकर जी भारतीय, कमल, मुकेश भरतिया, प्रदीप सिंघानिया इत्यादि मौजूद थे।

## पुरस्कृत किये जाने पर श्रीरामलला दुर्गा पूजा समिति ने जताया आभार



अशोक चौधरी
अध्यक्ष

कुणाल अजमानी
सचिव

प्रमोद सारस्वत
प्रवक्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्रीरामलला दुर्गा पूजा समिति, जिला स्कूल के पदाधिकारियों ने सर्वश्रेष्ठ और प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किये जाने पर सभी का आभार जताया है। अध्यक्ष अशोक चौधरी, सचिव कुणाल अजमानी और प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत ने बताया भुज के स्वामीनारायण मंदिर के प्रारूप और मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं की मनोहारी प्रतिमाओं को दर्शनार्थियों ने खूब सराहा। इसकी ख्याति ऐसी रही कि स्वामीनारायण मंदिर के संत भी यहां दर्शन को चले आये। खराब मौसम के बाद भी बड़ी संख्या में स्थानीय सहित आस-पास के राज्यों से भक्त दर्शन को पहुंचे। प्रमोद सारस्वत ने बताया कि समिति की ओर से सभी के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था तो की गयी, दर्शनार्थियों की सेवा को पदाधिकारी और सदस्य पूरी तरह से मुस्तैद रहे। कुणाल ने मां भवानी के भक्तों के साथ सरकार, प्रशासनिक अधिकारी और ट्रैफिक पुलिस, नगर निगम प्रशाशक, पारस हॉस्पिटल, जिला स्कूल प्रबंधन समिति आदि के प्रति आभार जताया। कहा कि सभी के सहयोग से बड़ा आयोजन हंसते-खेलते कैसे संपन्न हुआ पता ही नहीं चला। अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बताया कि अबकी बार और भी भव्य रूप में पूजा की जयेगी।

## फिरदौस नगर डोरंडा में दो दिवसीय उर्स ए गौसुल आजम संपन्न

# अल मदद पीराने पीर गौसुल आजम दस त गीर : अलहाज अलकमा शिबली कादरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** खानकाह मजहरिया मुनअमिया फिरदौस नगर मनीटोला डोरंडा में चल रहे दो दिवसीय उर्स ए गौसुल आजम शनिवार को संपन्न हुआ। उर्स का आयोजन खानकाह के सज्जादा नशी पीरे तरीकत रहबरे शरीयत अलहाज सैयद शाह मौलाना अलकमा शिबली कादरी साहब के जानिब से किया गया। उर्स के दौरान सूफियाना कव्वाली का भी आयोजन किया गया, जिसमें झारखंड के सभी जिलों के अलावा बिहार, बंगाल सहित अन्य राज्यों से भी अकीदतमंद शामिल हुए। उर्स के आखरी दिन शनिवार को सुबह 10 बजे से मिलाद शरीफ वा हुजूर गौस पाक की शान में एक अजीमो शान जलसे का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के कई अलीमेंदीन शामिल रहे।

मौके पर सैयद शाह अलकमा शिबली कादरी ने कहा कि हुजूर गौसुल आजम की जिंदगी हमारे लिए राहें निजात है। इसलिए आये हम सब पूरी शिद्दत और मोहब्बत से कहते हैं- अल मदद पीराने पीर गौसुल आजम दस त गीर वही एदारे शरिया के नाजिमें आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी साहब ने हुजूर गौस ए पाक की जीवनी और उनके द्वारा बतायी गयी बातों को लोगों को समझाया और अच्छे और नेक काम करने की बातें बतायीं। उसके बाद फातिहा खानी, कव्वाली व दोपहर में लंगर शरीफ का एहतेमाम किया गया।

वहीं शाम 4 बजे संवार ए जयान व कव्वाली का आयोजन किया गया। इसके बाद नमाजे मगरिब फातिहा खानी वा आखरी कुल शरीफ के साथ दो दिवसीय उर्स ए गौसुल आजम संपन्न हुआ। मौके पर सैयद मौलाना अबु राफे तिबरानी, सैयद हेजाजी, सैयद हम्मादी, सैयद मोहम्मद अदनान अय्याजी, मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, कारी अय्युब, मुफती जमील अहमद मिसबाही, काजी मसउद फरीदी, कारी आफताब जेया, कारी अवेस, मौलाना आकिब जावेद, मौलाना शमशाद मिसबाही, कारी तालिब वारसी, मौलाना मंजूर, मो रिजवान, मो नजीबुल्ला, शाहिद खान, मो कामरान, मो चुन्नू, मो मुन्ना, मो शब्बीर हुसैन, मो कमरू, हाजी रहमत, मो राजा, मो रियाज कादरी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## देशप्रिय क्लब : सिंदूर खेला के साथ विदा हुई मां





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देशप्रिय क्लब एवं लाइब्रेरी, थरपखना में विजयदशमी पर पूजा-अर्चना और घट विसर्जन के बाद महिलाओं ने सिंदूर दान किया। इसके बाद जमकर सिंदूर खेला। पारंपरिक वेष-भूषा में सजी-संवरी महिलाओं का उत्साह और भक्ति देखते ही बन रहा था। एक-दूसरे का मांग भर गालों पर सिंदूर लगाना सब के मन भाया। सभी ने मां के अगले साल फिर आने का आह्वान किया। सांझ ढलते विसर्जन शोभायात्रा के साथ मां और अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। 1940 से क्लब में भव्य रूप में पूजनोत्सव की जा रही है। बांग्ला रीति रिवाजों से शुरू हुई परंपरा का आज भी उसी अंदाज में निर्वहन किया जा रहा है। क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमल कुमार बोस, सचिव प्रणव कुमार चौधरी, कार्यकारिणी सदस्य खोखन मुखर्जी, काजल बोस, अमित दास, डॉ. रीना सेन, ईती बोस और बुलबुल मुखर्जी आदि ने पूजा के सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया।

## चंदन महतो बने जेएलकेएम के केंद्रीय युवा मोर्चा के महासचिव



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने अपने केंद्रीय युवा मोर्चा का पुनर्गठन किया है, जिसमें चंदन महतो को महासचिव पद पर नियुक्त किया गया है। इससे पहले वे पार्टी के केंद्रीय संगठन मंत्री के रूप में कार्यरत थे और संगठन को सक्रिय करने में उनकी भूमिका सराहनीय रही है। केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो ने नियुक्ति पत्र में स्पष्ट किया है कि युवा मोर्चा को नयी दिशा देने के लिए चंदन महतो जैसे ऊजार्वान और जमीनी नेताओं की भूमिका अहम होगी। नियुक्ति के बाद चंदन महतो ने केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके लिए गर्व की बात है कि उन्हें जेएलकेएम जैसे संगठन में इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वे संगठन की नीतियों और सिद्धांतों का पालन करते हैं और पूरी ईमानदारी और निष्ठा से पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे। इस निर्णय से पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, कोल्हान प्रमंडल के हजारों साथियों ने हर्ष व्यक्त कर चंदन महतो को बधाई दी है। माना जा रहा है कि चंदन महतो की चयन से जेएलकेएम के युवा मोर्चा को नयी ऊर्जा और गति मिलेगी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### श्री श्याम प्रभु को खीर-चूरमा का भोग अर्पित किया गया



रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्याम मंडल, रांची द्वारा अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार को खाटू नरेश श्याम बाबा को चांदन द्वादशी के पावन अवसर पर संध्या 6:30 बजे से 9 बजे तक श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया। भोग के मुख्ययजमान श्याम सुंदर पोद्दार ने अपने पूरे परिवार के साथ जिनमें पार्वती देवी पोद्दार, ज्योति पोद्दार, ऋतु पोद्दार, रोहित पोद्दार, पूजा पोद्दार, अभिषेक, अभिराज, सृष्टि, अर्पण, अनिल अग्रवाल, ममता अग्रवाल, आयुष, आदित्य ने श्याम बाबा को खीर चूरमा का भोग अर्पित किये। सर्व प्रथम मंडल के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका एवं पोद्दार परिवार द्वारा गणेश पूजन कर मंदिर में विराजे वीर बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी पूजन कर विभिन्न प्रकार के फल एवं मिष्ठान अर्पित कर श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमे का भोग अर्पित किया। इस अवसर पर पूरा मंदिर परिसर हारे के सहारे की जय - लखदातार की जय जयकारों के गूंज उठा। द्वादशी के दिन श्री श्याम प्रभु का प्रिय भोग खीर चूरमा को लेने भक्तगण कतारबद्ध होकर प्राप्त कर रहे थे। साथ ही श्री श्याम मंडल के कार्यकर्ता आये हुए भक्तजनों को शुद्ध पेयजल का वितरण कर रहे थे। आज के खीर चूरमा का भोग श्री श्याम मंदिर में ही निर्मित किया गया तथा 500 से ज्यादा भक्तजनों प्रसाद प्राप्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश सारस्वत, प्रदीप अग्रवाल, प्रियांश पोद्दार, जितेश अग्रवाल, अजय साबू, नितेश लखोटिया, महेश सारस्वत, अमित जलान का सहयोग रहा।

### जयंती पर याद किये गये लाल बहादुर शास्त्री



रांची (आजाद सिपाही)। चित्रांश परिवार, सिंह मोड़ में शुक्रवार को राष्ट्र पिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी। परिवार के लोगों ने तस्वीरों पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उनके जीवन से प्रेरणा लेने पर बल दिया। यशवंत शरण, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, अमरेंद्र सहाय, विनय कुमार आदि ने देश की आजादी में बापू के योगदान, सत्य, अहिंसा के सिद्धांत के लिए उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। साथ ही भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री जी की ईमानदारी, सादगी, दृढ़संकल्प और जय जवान जय किसान का उद्घोष को कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह सदैव भारतीय समाज को प्रेरित करते रहेगा। कार्यक्रम में राजेंद्र प्रसाद अंबष्ठ, अनोज सहाय, प्रशांत कुमार, नीरज, रवि शंकर प्रसाद ने इसमें मुख्य रूप से हिस्सा लिया।

### एनआइबीएम में इंटर और स्नातक के लिए विशेष बैच




रांची (आजाद सिपाही)। इंटर और स्नातक युवा के लिए इंटर के बाद और स्नातक में प्रवेश करने के साथ ही सरकारी नौकरी बैंकिंग, एसएससी, रेलवे, झारखंड एसएससी की तैयारी प्रारंभ कर देनी चाहिए। अच्छी तैयारी में लगभाग 1 से 2 वर्ष लग जाते हैं। ऐसा करने से स्नातक समाप्त होने के तुरंत बाद सरकारी नौकरी प्राप्त हो सकती है। पिछले 27 वर्षों से लगातार रिकॉर्ड रिजल्ट देने वाली एनआइबीएम, श्रीसाईं टावर चौथी मंजिल सर्कुलर रोड लालपुर रांची में तैयारी शुरू करनी चाहिए। यहां की पढ़ायी गयी स्टडी मैटेरियल सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में लगभग हुबहू मैच करते हैं। सभी शिक्षक अनुभवी हैं। निदेशक एमके गुप्ता खुद मैथ्स और रीजनिंग पढ़ाते हैं। यहां लाइब्रेरी रीडिंग रूम भी है, जहां हजारों किताबें हैं। युवा ग्रुप बनाकर अंतिम चयन तक पढ़ते हैं। प्रतिदिन अपना डाउट विशेषज्ञों से पूछते हैं। क्लास का वीडियो और प्रति प्रश्न का प्रिंटेड हल दिया जाता है। अंतिम रूप से चयनित युवाओं और विशेषज्ञों के द्वारा करियर काउंसलिंग भी करायी जाती है। परीक्षा में कैसे सफल हो इसकी तकनीक बतायी जाती है। सभी स्टडी मैटेरियल और किताब नये पैटर्न पर आधारित हैं। निदेशक ने चयनित युवाओं को सम्मानित किया। बताया कि आगामी परीक्षा बैंकिंग, एसएससी, रेलवे के लिए अंग्रेजी और हिंदी माध्यम में विशेष बैच 10 और 13 अक्टूबर 2025 से शुरू की जा रही है, इच्छुक विद्यार्थी श्रीसाईं टावर चौथी मंजिल सर्कुलर रोड लालपुर रांची में संपर्क कर सकते हैं। विशेष जानकारी के मोबाइल नं. 8825250625 और 9334726278 पर या वेबसाइट युट्यूब पर संपर्क किया जा सकता है।

### स्टूडेंट फेडरेशन छठ पूजा समिति की बैठक आज

रांची (आजाद सिपाही)। स्टूडेंट फेडरेशन बड़ा तालाब छठ पूजा समिति की वार्षिक बैठक रविवार को बड़ा तालाब दुर्गा मंदिर में दिन के साढ़े 11 बजे से होगी। इसमें स्टूडेंट समिति का वार्षिक चुनाव होगा। पदाधिकारियों और सदस्यों के चयन के साथ इस 75वें वर्ष के मौके पर छठ पूजा के भव्य आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया जायेगा। संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने सभी से इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की है।






## महत्वपूर्ण खबरें

### बुजुर्गों की सेवा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी : अजय



रांची (आजाद सिपाही)। आज के जीवन में पिता की कही बात (बुजुर्गों की सेवा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है) को ध्यान में रखते हुए आदर, बनारी गांव के घाघरा प्रखंड नेतरहाट के निवासी बेणेश्वर मुंडा (जिनकी उम्र 85 वर्ष है) की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उक्त बातें अनुज साह ने कहीं। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए एक भावुकता वाला छण था। भगवान से सच्चे दिल से यह प्रार्थना है कि ऐसा कार्य करने का सौभाग्य निरंतर प्राप्त होता रहे।

### गीता गायन प्रतियोगिता में आकाश गुप्ता प्रथम



प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी को पुरस्कृत करतीं जज मृणालिनी अखौरी।

रांची (आजाद सिपाही)। देवी दर्शन गेतलहातू में चयनित योगा, नित्य, भजन गायन एवं गीता गायन का प्रतियोगिता हुई। गायन प्रतियोगिता में प्रथम आकाश गुप्ता, द्वितीय ऋषभ राज, तृतीया अर्ग्या मिश्रा। गीता गायन में भी प्रथम आकाश गुप्ता, द्वितीय अर्ग्या मिश्रा, जिसके जज वाराणस हिंदू विश्वविद्यालय के संस्कृत के प्रोफेसर सत्यम शुक्ला आये थे। गायन में जज मृणालिनी अखौरी आयी थी। पुरस्कार के रूप में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया गया, इसमें पुरस्कार राशि में प्रथम 5000, द्वितीय 3000, एवं तृतीय को 2000 दिया गया। तीनों प्रतिभागी को शील्ड, मेडल, पुरस्कार राशि एवं प्रमाण पत्र दिया गया।

### आजसू ने जेपीएससी से जेट के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग की



रांची (आजाद सिपाही)। ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन (आजसू ) ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) से झारखंड संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (जेट) के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग की है। आजसू के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो ने कहा कि राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में त्योहारों के कारण अवकाश रहा, जिससे विद्यार्थियों को डिग्री प्रमाणपत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आजसू ने जेपीएससी से आवेदन की अंतिम तिथि को कम से कम दो सप्ताह के लिए बढ़ाने का आग्रह किया है। विद्यार्थियों को डिग्री प्रमाणपत्र और अन्य दस्तावेज प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जेट परीक्षा लगभग 8 वर्षों के बाद आयोजित की जा रही है, जो झारखंड के स्थानीय, मूलवासी, आदिवासी और वंचित छात्रों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। आजसू ने आयोग से आग्रह किया है कि वह राज्य के सभी स्थानीय विद्यार्थियों को समान अवसर प्रदान करने की भावना से आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाये।

### लावालौंग में डायरिया से तीन लोग पीड़ित

लावालौंग / चतरा (आजाद सिपाही)। लावालौंग प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत कटिया पंचायत के टेढ़ी महुआ गांव में डायरिया से तीन लोग पीड़ित हैं। टेढ़ी महुआ गांव निवासी बसंती देवी पति चैता गंझू, रघु कुमार पिता केशव गंझू और पीना कुमारी पिता महेंद्र गंझू तीनों डायरिया बीमारी से पीड़ित हैं।

# धूरिना कंपनी से वसूली जायेगी राशि, डीइओ ने लिखी चिट्ठी

- कंपनी में जिन बच्चों की इंजीनियरिंग का दिया रिजल्ट विभाग उन्हें तलाश रहा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** मेसर्स धूरिना वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड को शिक्षा विभाग से गलत तरीके से लाखों रुपये का आवंटन कराना भारी पड़ गया। जिन बच्चों की इंजीनियरिंग का रिजल्ट दिखा कर डीएमएफटी फंड के लाखों रुपये की उगाही करायी है, उसकी जांच काफी तेजी से आगे बढ़ रही है। शिक्षा विभाग आवंटित राशि को वसूलने की तैयारी कर रहा है। डीइओ ने कंपनी को राशि वापस करने की चिट्ठी लिख डाली है। हालांकि कंपनी की तरफ से विभाग को जवाब अभी तक नहीं मिला है। उदित्य राज पांडे का फर्जी सर्टिफिकेट लगाने के बाद धूरिना वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड का रामगढ़ जिले में किया गया कार्य सवालों के घेरे में आ गया है। अब शिक्षा विभाग के अधिकारी उन 9 बच्चों को तलाश रहे हैं, जिनका सर्टिफिकेट धूरिना वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा विभाग में लगाया गया है। उन बच्चों की पढ़ाई संपन्न हुए 2 साल हो गये हैं। जेइइ और नीट का रिजल्ट आए हुए 1 वर्ष हो चुका है। बच्चे अलग-अलग स्थान पर एडमिशन लेकर पढ़ाई कर रहे हैं। उनका पता लगा पाना थोड़ा मुश्किल हो रहा है।

**उदित्य राज पांडे के नाम पर कंपनी ने बनाई फर्जी अटेंडेंस :** जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम कुमारी ने बताया कि मेसर्स धूरिना वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड ने दस्तावेजों की जालसाजी की। धोखाधड़ी की और जाली दस्तावेजों को असली रूप में उपयोग किया। खातों और अभिलेखों में छेड़छाड़ की। उन्होंने आपराधिक विश्वास घात और सरकारी धन का दुरुपयोग किया। यहां तक कि आपराधिक षड्यंत्र कर विभाग को धोखा दिया। उन्होंने बताया कि कंपनी के द्वारा जितने दस्तावेज उदित्य राज पांडे के नाम पर लगाये गये, सारे फर्जी थे। उदित्य राज पांडे के शपथ पत्र से यह स्पष्ट हो गया है कि कंपनी ने उदित्य राज पांडे के नाम पर फर्जी रजिस्ट्रेशन फॉर्म तैयार किया। जेइइ और नीट का स्कोर कार्ड भी बिना उसके सहमति के कंपनी ने इस्तेमाल किया। मेसर्स धूरिना वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा उपलब्ध कराये गये नामांकन सूची में भी गलत तरीके से उदित्य का नाम डाला गया। फर्जी उपस्थिति पंजी उसके नाम पर बनायी गयी।

**सरकारी विद्यालयों के बच्चों को पढ़ाने की थी जिम्मेदारी :** डीइओ ने बताया कि मेसर्स धूरिना वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड को रामगढ़ जिले के सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे 100 छात्रों को पढ़ाने की जिम्मेदारी दी गयी थी। डीएमएफटी से 47 लख रुपये का आवंटन कंपनी को था। इसमें से 10 फीसदी बच्चों को जेईई और नीट की परीक्षा पास करवाना अनिवार्य था।

**रामगढ़ पुलिस भी जांच में बढ़ रही आगे**

रामगढ़ थाने में डीइओ द्वारा दर्ज कराये गये कांड संख्या 271/ 25 के बाद पुलिस भी सक्रिय हो गयी है। पुलिस उन बारिकियों को तलाश रही है जहां कंपनी ने फर्जीवाड़ा किया है। सारे दस्तावेजों का अवलोकन शुरू हो गया है। जितने भी दस्तावेज शिक्षा विभाग के द्वारा पुलिस को उपलब्ध कराये गये हैं, इसकी छानबीन हो रही है।

# भाजपा नेता रमेश सिंह को फिर मिली धमकी

- राहुल सिंह गैंग ने मांगी रंगदारी, जांच में जुटी पुलिस
- सुखदेव नगर थाना में दर्ज करायी प्राथमिकी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा नेता रमेश सिंह से राहुल सिंह गैंग ने रंगदारी मांगी है। इस संबंध में रमेश सिंह ने सुखदेव नगर थाना में रंगदारी मांगने की प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि 3 अक्टूबर को सुबह 10.35 और 11.02 बजे उन्हें वाट्सएप पर फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को राहुल सिंह गैंग से राहुल सिंह बोल रहा हूं कहा। उसने कहा कि आप बहुत कमा रहे हैं हमको रंगदारी देना हगा। अन्यथा अंजाम भुगतना होगा। फोन करने वाले ने यह भी कहा कि तुम्हारे प्रत्येक काम पर हमारी नजर है। बिना हमको मैनेज किये कोई भी काम नहीं कर पाओगे। हमारी बात नहीं मानोगे और रंगदारी नहीं दोगे तो तो अंजाम बहुत बुरा होगा। हमसे मिलकर गैंग की मदद करोगे तो गैंग आपकी मदद करेगा। हम फिर कॉल करेंगे बताना कब और कितना पैसे दे रहे हो। इधर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

गौरतलब हो कि भाजपा नेता रमेश सिंह को इससे पहले पीएलएफआइ समेत अन्य अपराधी उनसे रंगदारी की मांग कर चुके हैं। लेकिन पुलिस की कार्रवाई ऐसी है कि अपराधियों का कोई सुराग तक नहीं मिला है।

# पारस हॉस्पिटल एचइसी में 70 वर्षीय महिला के पेट से निकाला गया सात किलो का ट्यूमर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पारस एचइसी हॉस्पिटल, एचइसी ने एक बड़ी चिकित्सीय उपलब्धि हासिल की है। यहां 70 वर्षीय महिला के पेट से सात किलो का विशाल ओवेरियन ट्यूमर सफलतापूर्वक निकालकर उन्हें नया जीवन दिया गया। महिला जमशेदपुर के पास स्थित एक सुदूर ग्रामीण इलाके से आयी थी और लगातार पेट में सूजन और भूख कम लगने की समस्या से परेशान थी। पारस हॉस्पिटल में भर्ती होने के बाद उनकी विस्तृत जांच की गयी। हॉस्पिटल के कैंसर सर्जरी विभाग के डॉ अभिनव शेखर के नेतृत्व में किये गये सीटी स्कैन में पता चला कि महिला के पेट में बड़ा ओवेरियन ट्यूमर है। इसके बाद एक जटिल शल्यक्रिया (सर्जरी) की गयी, जिसमें सात किलो का ट्यूमर सुरक्षित रूप से निकाल दिया गया। सर्जरी के बाद महिला ने तेजी से स्वास्थ्य लाभ किया और चौथे दिन ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गयी। वर्तमान में वह पूरी तरह स्वस्थ हैं, सामान्य भोजन ले रही हैं और अपने रोजमर्रा के काम स्वयं कर पा रही हैं।

पारस हॉस्पिटल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि पारस एचइसी हॉस्पिटल, एचइसी में उपलब्ध उन्नत सर्जिकल तकनीक और समग्र कैंसर इलाज की सुविधाएं राज्य के सबसे दूरस्थ इलाकों के मरीजों तक भी विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा पहुंचा रही हैं। एक ही छत के नीचे कैंसर से संबंधित सभी प्रकार का इलाज हो रहा है।

# राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले की चाइबासा कोर्ट में सुनवाई टली, 9 अक्टूबर को फिर होगी सुनवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा नेता अमित शाह पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले में शनिवार को चाइबासा स्थित एमपी-एमएलए विशेष न्यायालय में सुनवाई नहीं हो सकी। कारण यह रहा कि मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश अवकाश पर थे। अब अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 9 अक्टूबर 2025 निर्धारित की है। राहुल गांधी ने अपने विरुद्ध चल रहे मुकदमे में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 205 के तहत आवेदन दाखिल किया है, जिसमें उन्होंने व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट की मांग की है। इस आवेदन पर 4 अक्टूबर को फैसला सुनाया जाना था, लेकिन न्यायिक अवकाश के चलते मामला टल गया। मामले में राहुल गांधी की ओर से पेश अधिवक्ता सुभाष चंद्र मिश्रा ने बताया कि 22 सितंबर को दोनों पक्षों की दलीलें पूरी हो चुकी थीं, जिसके बाद अदालत ने निर्णय सुरक्षित रख लिया था। अब इस पर अंतिम आदेश 9 अक्टूबर को सुनाया जायेगा। यह आवेदन राजनीतिक दृष्टिकोण से भी अहम माना जा रहा है। यदि अदालत राहुल गांधी को व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट देती है, तो वे बिना अदालती प्रतिबंध के अपने संसदीय और राजनीतिक दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे। लेकिन अगर आवेदन खारिज हो जाता है, तो उन्हें हर सुनवाई में अदालत में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। इस मामले पर कांग्रेस समर्थकों और नेताओं की निगाहें भी टिकी हुई हैं। उनका कहना है कि राहुल गांधी राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय हैं और उन्हें विभिन्न राज्यों में लगातार यात्रा करनी पड़ती है, ऐसे में अदालत में बार-बार उपस्थित होना व्यवहारिक रूप से कठिन है। वहीं अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता केशव प्रसाद महतो का कहना है कि कानून सबके लिए बराबर है। राहुल गांधी को भी अन्य आम नागरिकों की तरह न्यायिक प्रक्रिया का पालन करना चाहिए और अदालत में नियमित रूप से उपस्थित होना चाहिए। गौरतलब है कि यह मामला 28 मार्च 2018 के एक कार्यक्रम में राहुल गांधी द्वारा दिये गये बयान से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने भाजपा नेता अमित शाह के खिलाफ कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसको लेकर भाजपा नेता प्रताप कटियार ने चाइबासा सीजीएम कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था, जिसे बाद में एमपी/एमएलए विशेष न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया गया।

# रांची में टूटा 11 साल की बारिश का रिकॉर्ड

- आज से मौसम साफ होने की संभावना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र का असर झारखंड के मौसम पर साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। राजधानी रांची में दुर्गा पूजा के दौरान लगातार बारिश ने लोगों को प्रभावित किया। बुधवार और गुरुवार, शुक्रवार के बाद शनिवार को भी बारिश हुई, और शहर में 21 मिमी वर्षा दर्ज की गयी। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिन तक झारखंड में इसी तरह का मौसम बना रह सकता है। हालांकि, 5 अक्टूबर के बाद आसमान साफ होने की संभावना जतायी गयी है, और मानसून की वापसी 10 अक्टूबर के बाद मानी जा रही है। इस साल रांची में मानसून के दौरान पिछले 11 वर्षों का रिकॉर्ड टूट गया। वर्ष 2014 के बाद पहली बार 1550 मिमी से अधिक वर्षा दर्ज की गयी है। जून में सामान्य 197.6 मिमी के मुकाबले 587.8 मिमी। जुलाई में सामान्य 324 मिमी के मुकाबले 386 मिमी। सितंबर में 212.3 मिमी की तुलना में 276 मिमी वर्षा हुई। दिलचस्प बात यह है कि इस बार शहर में ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गयी। दुर्गा पूजा के दौरान बारिश ने जरूर खलल डाला, लेकिन मौसम विभाग ने दीपावली और छठ पूजा के दौरान साफ मौसम रहने का अनुमान जताया है। फिलहाल बंगाल की खाड़ी में कोई नया सिस्टम बनने के संकेत नहीं हैं, जिससे लोगों को त्योहारों में मौसम की ओर से राहत मिल सकती है।

### डीसी ने सात सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित

रांची (आजाद सिपाही)। समाहरणालय ब्लॉक-ए में शनिवार को सेवानिवृत्ति विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने की। इस अवसर पर जिले के 7 सेवानिवृत्त शिक्षकों को मोमेंटो और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने बताया कि अब शिक्षकों को सेवानिवृत्ति के दिन ही सभी लाभ दिये जा रहे हैं, जिसे उन्होंने बड़ी उपलब्धि बताया। सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक : राजू कुमार उपाध्याय - सशि, राउमवि गागी, कांके। सरोज लकड़ा - सशि, रामवि सुकुरहुद्ध, कांके। अनिल कुमार - सशि, रामवि टांगर, चान्हो। विनोद कुमार - सशि, रामवि लुंदरी, चान्हो। अजय कुमार - सशि, रामवि लालगुटुवा, नगड़ी। सुमन किस्पोट्टा - सशि, सेंट जोसेफ मध्य विद्यालय, हुलहुंडू। जीवानी बागे - सशि, गोस्नर मध्य विद्यालय, रांची-2। उपायुक्त ने इस आयोजन के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज को विशेष धन्यवाद दिया।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना संख्या एस एण्ड टी–सी–डीएचएन–26**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता निर्माण/पूर्व मध्य रेल/महेंद्रूघाट/पटना निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन ई–निविदा के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। **ई–निविदा संख्या:** एस एण्ड टी–सी–डीएचएन–26 **(1) कार्य का नाम:** धनबाद डिवीजन के पूर्व मध्य रेलवे में द्विन सिंगल लाइन के संबंध में सिंद्री ब्लॉक हट से कनेक्टिविटी के लिए पाथर्डीह स्टेशन पर मौजूदा क्योसन मेक वितरित (1+2 आर्किटेक्चर) इलेक्ट्रॉनिक्स इंटरलॉकिंग सिस्टम (इनडोर और आउटडोर) में परिवर्तन **(2) अनुमानित लागत:** रुपया 7,42,44,728.75 **(3) अमानत राशि:** रुपया 5,21,200.00 **(4) निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य **(5) कार्य निस्पादित करने का समय:** 06 महिना **(6) ई निविदा ऑनलाइन जमा करने का अंतिम दिन एवं समय:** 22.10.2025,15:00 बजे तक। विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज भारतीय रेल की वेबसाइट http://www. ireps.gov.in पर देखने के लिए उपलब्ध है। **उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद**

पीआर/1082/डीएचएन/एस एण्ड टी/टी/25–26/28

# ओपी जिंदल आइटीआइ में हुआ दीक्षांत समारोह, उत्कृष्ट छात्र-छात्राएं सम्मानित

- समारोह के मुख्य अतिथि जिंदल स्टील पतरातू डब्लूआरएम के संतोष कुमार गुप्ता और विशिष्ट अतिथि सीएसआर प्रमुख कुमार राहुल उपस्थित थे

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुरकुंडा।** ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज पतरातू में शनिवार को भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सत्र 2023-25 और 2024-25 के प्रशिक्षणार्थियों को अगस्त 2025 में आयोजित परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर प्रमाण-पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिंदल स्टील पतरातू डब्लूआरएम के संतोष कुमार गुप्ता और विशिष्ट अतिथि सीएसआर प्रमुख कुमार राहुल उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य संबित कुमार साहू ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की आराधना से की गयी, जिसकी सुंदर प्रस्तुति आईटीआई की छात्राओं ने दी। इसके बाद 145 छात्र-छात्राओं को दीक्षांत प्रमाण-पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। विभिन्न ट्रेडों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसमें इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में मुस्कान कुमारी और हिमांशु प्रसाद, फिटर ट्रेड में रियान आसिफ, वेल्डर ट्रेड में पूजा कुमारी और सरोज नायक, मैकेनिक डीजल ट्रेड में सुलेखा कुमारी शामिल है। मुख्य अतिथि संतोष कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में कुशल तकनीकी जनशक्ति की अत्यधिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ओपी जेसीसी जैसे संस्थान समाज को आत्मनिर्भर और कुशल युवाओं से सशक्त बना रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जिंदल फाउंडेशन लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रशंसनीय कार्य कर रहा है, जिसकी अध्यक्ष शालू जिंदल को उन्होंने धन्यवाद दिया। विशिष्ट अतिथि कुमार राहुल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आत्मविश्वास, एकाग्रता, समर्पण और निरंतर मेहनत जरूरी है। उन्होंने कहा कि एक सफल व्यक्ति न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा बनता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य संबित कुमार साहू ने कहा कि डिग्री सिर्फ एक कागज का टुकड़ा नहीं, बल्कि आपकी मेहनत, संघर्ष और धैर्य का प्रतीक है। उन्होंने छात्रों से कहा कि आपका असली डिग्री आपका व्यवहार और आपकी इज्जत है। उन्होंने इस सत्र के प्लेसमेंट परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि 10 छात्रों का चयन जिंदल शा, अबू धाबी में और 12 छात्रों का जेएसपी रायपुर में हुआ है, जबकि शेष छात्रों के लिए संस्थान विभिन्न इकाइयों में अवसर तलाशने में जुटा है। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। मंच संचालन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समारोह में नई ऊर्जा का संचार हुआ।

**शिक्षकों की आवश्यकता**

**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा संस्कृत शिक्षण की केन्द्रीय योजना के अंतर्गत यदुनाथ - संस्कृत - महाविद्यालय, अनुगोल में शिक्षक की आवश्यकता है।**

**विषयः-** संस्कृत दर्शन -1 (पूर्णकालिक) शिक्षक की आवश्यकता है।

**शैक्षिक योग्यताः-** राज्य सरकार /यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित परंपरागत उपाधि धारक एवं प्रशिक्षित अभ्यर्थी को वरीयता

**मानदेयः** रु 20,000/- प्रतिमाह

नोटः- अभ्यर्थी अपने जीवनवृत्त के साथ साधे कागज पर आवेदन कर सकते है। आवेदन के साथ समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रें की छायाप्रति एवं पहचान-पत्र पंजीकृत डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर निम्नलिखित पते पर महाविद्यालय कार्य दिवसों में दिनांक 17.10.25 सायं 5:00 बजे तक प्रेषित/प्रस्तुत कर सकते है। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। साक्षात्कार की सूचना महाविद्यालय द्वारा अभ्यर्थी को पृथक से दी जायेगी।

**प्राचार्य**
**यदुनाथ-संस्कृत-महाविद्यालय, अनुगोल, ओडिशा, पिन- ७५९१२२, दूरभाष - ९४३७८३१५००**

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: ई-टेंडर/2025/33, दिनांक 29.09.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए मदों के समक्ष उल्लेखित तारीख को **अपराह्न 3.00 बजे से पहले** ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं तथा **अपराह्न 3.30 बजे खोली** जाएंगी: **निविदा सं.: ई-केजीपी-वेस्ट-45-2025, कार्य का विवरण:** खड़गपुर मंडल के लिए 50 मिमी आकार के मशीन से तोड़े गए 1,90,274 घन मी हार्ड स्टोन बैलास्ट की आपूर्ति एवं तालझरी/राजग्राम/पिनरगड़िया डिपो में रेलवे वैगनों/होपरों में उसकी लोडिंग। **निविदा मूल्य:** रु. 38,04,14,808.20; **बयाना राशि:** रु. 20,52,100; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0.00; **कार्य समापन अवधि:** 24 महीने; **खुलने की तारीख:** 22.10.2025; **बोली शुरू होने की तारीख:** 08.10.2025 से 22.10.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। निविदाओं के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देश के लिए इच्छुक निविदातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑन लाइन जमा करें। इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र:** प्रत्याशित बोलीदातागण सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। **(PR-682)**

# मशीनें तो आयेंगी पर इंसान भी रहेंगे

क्या मशीनें इंसानों की जगह ले लेंगी? आर्टिफिशल इंटेलिजेंस की तेज तरक्की के बाद यह सवाल और भी गंभीर हो उठा है। ऐसे वक्त में वायुसेना प्रमुख एयर मार्शल अमरप्रीत सिंह का बयान मशीनों को लेकर फैले डर को कम करने वाला है।

**इंसानों की भूमिका :** टेस्ला के सीइओ इलॉन मस्क ने कुछ दिनों पहले ट्वीट किया था कि युद्ध का भविष्य ड्रोन हैं, इंसानों द्वारा संचालित एयरक्राफ्ट नहीं। वायु सेना प्रमुख ने इसी ट्वीट पर साफ किया कि इंसानों की भूमिका बनी रहने वाली है। मानवरहित सिस्टम डिवेलप होंगे, उनका उपयोग बढ़ेगा, लेकिन वे खुद से काम नहीं कर सकते। उनको चलाएगा कोई इंसान ही।

**मैन्ड प्रोजेक्ट :** दुनिया के कई देशों में छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों पर काम चल रहा है। ब्रिटेन, इटली और जापान मिलकर ग्लोबल कॉम्बैट एयर प्रोग्राम में लगे हुए हैं। वहीं अमेरिका ने NGAD लॉन्च किया है। चीन के बारे में भी चर्चा है कि वह Chengdu J-36 डिवेलप कर रहा है। और ये सारे प्रॉजेक्ट मैन्ड हैं।

> **हालांकि सेना और सरकार की तरफ से पहले भी देश को जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन एयरफोर्स चीफ के बयान की जरूरत इसलिए थी क्योंकि पाकिस्तान की तरफ से लगातार झूठ फैलाया जा रहा है।**

**साझेदारी का कमाल :** कोई भी युद्ध बेहतर तालमेल और साझेदारी से जीता जाता है- फिर भले ही वह इंसानों और मशीनों के बीच क्यों न हो। भारत समेत कई देशों में अनमैन्ड कॉम्बैट एरियल वीकल या ड्रोन पर प्रॉजेक्ट चल रहे हैं। इनको लड़ाकू विमानों के साथ टीम में काम करने के लिए ही तैयार किया जा रहा।

**ड्रोन का इस्तेमाल :** रूस- यूक्रेन युद्ध में ड्रोन की भूमिका दिखी। इसी तरह, पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान टकराव में भी ड्रोन अहम भूमिका में रहे। लेकिन, दोनों जगह ड्रोन्स ने तभी बेहतर परिणाम दिया, जब उनका इस्तेमाल सही ढंग से हुआ।

**पाकिस्तान को जवाब :** वायु सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को भी दोहराया। हालांकि सेना और सरकार की तरफ से पहले भी देश को जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन एयरफोर्स चीफ के बयान की जरूरत इसलिए थी क्योंकि पाकिस्तान की तरफ से लगातार झूठ फैलाया जा रहा है। यहां तक कि पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने इसके लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच तक का इस्तेमाल किया। कोरे दावे संघर्ष में हुए नुकसान की भरपाई नहीं कर सकते। भारतीय सेना ने तो सबूत सामने रख दिए, पाकिस्तान के पास अगर कुछ है, तो दिखाना चाहिए, वरना झूठे नैरेटिव से उसे ही घाटा होगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय एक समय पर एक भोजन के सिद्धांत पर कार्य करते हुए 8 करोड़ से अधिक बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के जरिए, भविष्य को पोषित कर रहा है। इस प्रयास का मूल है- पूरक पोषण कार्यक्रम, जिसके अंतर्गत बच्चों को गर्म पका हुआ भोजन और सभी लाभार्थियों को पौष्टिक टेक होम राशन प्रदान किया जाता है, जिसका उद्देश्य अनुशंसित आहार भत्ता (आरडीए) और औसत दैनिक सेवन (एडीआइ) के बीच के महत्वपूर्ण अंतर को पाटना है।**

# मोटापे और कुपोषण से सीधे निपटना: मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 रणनीति



अन्नपूर्णा देवी



2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत के पोषण परिदृश्य को रूपांतरित करने के लिए एक प्रमुख योजना के रूप में पोषण अभियान शुरू किया गया था। महिलाओं और बच्चों के पोषण एवं कल्याण पर केंद्रित यह मिशन, भारत की कुपोषण के विरुद्ध लड़ाई में एक निर्णायक मोड़ साबित हुआ है। यह केवल एक योजना नहीं, बल्कि एक विकासशील भारत के निर्माण हेतु प्रतिबद्धता है- एक ऐसा भारत जो स्वस्थ, सशक्त और समावेशी हो। विकसित भारत@2047 की यात्रा में पोषण अभियान एक प्रमुख स्तंभ बनकर उभरा है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु संकल्पित है- एक ऐसा भारत जहाँ हर बच्चा सुपोषित हो, हर माँ सशक्त हो, और हर नागरिक को आगे बढ़ने का अवसर मिले। जब एक बच्चा सही पोषण पाता है, अच्छी तरह सीखता है और मजबूती से बढ़ता है- तो हम केवल एक जीवन नहीं, बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र की दिशा बदलते हैं। बच्चों को पर्याप्त पोषण, शिक्षा और सामुदायिक देखभाल प्रदान करके हम एक सुरक्षित और समृद्ध भविष्य में निवेश कर रहे हैं- विकसित भारत के भावी नेतृत्व को आकार दे रहे हैं। एक स्वस्थ बच्चा केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि भारत के उज्ज्वल भविष्य की चिंगारी है।

> **विकसित भारत @ 2047 की यात्रा में पोषण अभियान एक प्रमुख स्तंभ बन कर उभरा है।**

मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के माध्यम से मंत्रालय बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं के पोषण परिणामों को बेहतर बनाने हेतु एक समन्वित तंत्र विकसित कर रहा है।

इस अभियान का केंद्र है, देशभर में फैले 14 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों का विशाल नेटवर्क, जो लगभग 10 करोड़ लाभार्थियों को सेवा प्रदान कर रहा है। यद्यपि इसमें 1 करोड़ से अधिक महिलाएं और 23 लाख से अधिक किशोरियाँ शामिल हैं, लेकिन लाभार्थियों में से अधिकांश 6 महीने से 6 वर्ष की आयु के बच्चे हैं।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय एक समय पर एक भोजन के सिद्धांत पर कार्य करते हुए 8 करोड़ से अधिक बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के जरिए, भविष्य को पोषित कर रहा है। इस प्रयास का मूल है- पूरक पोषण कार्यक्रम, जिसके अंतर्गत बच्चों को गर्म पका हुआ भोजन और सभी लाभार्थियों को पौष्टिक टेक होम राशन प्रदान किया जाता है, जिसका उद्देश्य अनुशंसित आहार भत्ता (आरडीए) और औसत दैनिक सेवन (एडीआइ) के बीच के महत्वपूर्ण अंतर को पाटना है। हम विविध आहार को अपनाते हुए स्थानीय, मौसमी और पारंपरिक खाद्य पदार्थों जैसे श्री अन्न- जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, कुट्टू आदि को बढ़ावा देकर- हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि प्रत्येक बच्चे को सीखने, बढ़ने और फलने-फूलने के लिए आवश्यक ऊर्जा मिले। जहां हमने बच्चों में स्टंटिंग और वेस्टिंग की समस्याओं से निपटने में प्रगति की है, वहीं अब हम एक अन्य महत्वपूर्ण पोषण संकेतक- अधिक वजन और मोटापे की समस्या को भी दूर करने की दिशा में अग्रसर हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, बचपन में मोटापा बच्चों के वयस्क होने पर उनके लिए गंभीर परिणाम उत्पन्न कर सकता है, जिससे टाइप-2 मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी गैर-संचारी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। मोटापे और अधिक वजन के मनोवैज्ञानिक परिणाम भी हो सकते हैं, जो स्कूल के प्रदर्शन और जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं, और बढ़ते भेदभाव और कलंक के कारण यह स्थिति और भी बदतर हो जाती है।

यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न कैलिफोर्निया द्वारा यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया बर्कले और मैकगिल के सहयोग से किये गये एक अध्ययन में पाया गया कि जिन बच्चों को गर्भावस्था के दौरान गर्भ में रहते हुए भी, अपने पहले 1,000 दिनों के दौरान चीनी सेवन पर नियंत्रण लगाया गया, उनमें वयस्क होने पर टाइप 2 मधुमेह होने का जोखिम 35 प्रतिशत तक कम और उच्च रक्तचाप होने का जोखिम 20 प्रतिशत तक कम हो गया। यह दशार्ता है कि गर्भवती माँ का चीनी सेवन भी बच्चों के दीर्घकालिक स्वास्थ्य पर प्रभाव डालता है। इस समस्या के समाधान और पूरक पोषण की समग्र गुणवत्ता में सुधार के लिए, मंत्रालय ने हाल ही में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पूरक पोषण की संरचना के संबंध में एक परामर्श जारी किया है। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन और राष्ट्रीय पोषण संस्थान की सिफारिशों के अनुरूप है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशानिर्देशों के अनुसार, वयस्कों और बच्चों, दोनों के लिए चीनी का सेवन कुल दैनिक ऊर्जा सेवन के 10 प्रतिशत तक कम किया जाना चाहिए। हल्ड दैनिक ऊर्जा सेवन में अधिमुक्त शर्करा की मात्रा को और घटाकर 5 प्रतिशत करने की सिफारिश की गई है।

राष्ट्रीय पोषण संस्थान NIN की 2024 के आहार दिशानिर्देशों के अनुसार 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कोई अतिरिक्त चीनी नहीं दी जानी चाहिए और गर्भवती महिलाओं सहित सभी आयु व जेंडर समूहों के लिए चीनी का सेवन 5 प्रतिशत से कम होना चाहिए। अधिमुक्त शर्करा बच्चों में दंत क्षय और दांतों की सड़न- का एक प्रमुख कारण भी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, यह दंत क्षय (कैविटी) को बढ़ाने में एक आवश्यक आहार कारक है। चीनी सेवन को सीमित करने से बच्चों में दांतों की सड़न और क्षय को कम किया जा सकता है।

हमारे मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को परामर्श दिया है कि परिष्कृत चीनी का उपयोग सीमित किया जाये, जरूरत पड़ने पर गुड़ या अन्य प्राकृतिक मिठास का इस्तेमाल करें, और इसे कुल ऊर्जा सेवन के 5 प्रतिशत से कम तक सीमित रखें। हमने अनुरोध किया है कि पूरक पोषण में नमक का इस्तेमाल कम से कम किया जाए। हम राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से सुबह के नाश्ते और स्वास्थ्यवर्धक आहार में मिठास वाले व्यंजनों की संख्या भी घटाने का आग्रह किया गया है। हम राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को ऐसे व्यंजन विकसित करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं जिनमें अतिरिक्त नमक और चीनी न हो, जिससे लाभार्थी अपनी व्यक्तिगत पसंद के अनुसार स्वाद बदल सकें। सभी आयु समूहों में वसा, नमक और चीनी की अधिकता वाले खाद्य पदार्थों के उपयोग को भी हतोत्साहित किया गया है।

खाद्य गुणवत्ता में सुधार के लिए हमने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से आग्रह किया है कि सामग्री को खाद्य सुरक्षा और मानक विनियम 2011 का पालन करना चाहिए और शिशु आहार खाद्य सुरक्षा और मानक (शिशु पोषण हेतु खाद्य) विनियम, 2020 का पालन करना चाहिए।अतिरिक्त चीनी को ना कहकर, भारत मोटापे, उच्च रक्तचाप व मधुमेह जैसी रोकथाम योग्य बीमारियों से मुक्त भविष्य के लिए हां कह रहा है। जहां पारंपरिक खाद्य पदार्थ बाजार में लोकप्रिय हो रहे हैं, वहीं मंत्रालय पहले से ही पुष्टाहार- स्थानीय, मौसमी सामग्री और अनाज जैसे रागी, बाजरा, टुकड़ा गेहूं, चना और फोर्टिफाइड चावल से बने पौष्टिक प्रीमिक्स प्रदान कर रहा है। ये मिश्रण- स्वाद और पोषण दोनों में समृद्ध हैं, जिन्हें स्थानीय स्वादानुसार मीठे या नमकीन रूप में तैयार किया जा सकता है।

पुष्टाहार, दुकानों से खरीदे जाने वाले मिश्रणों का एक स्वास्थ्यवर्धक और अधिक बहुमुखी विकल्प है, जो स्थानीय, मौसमी स्वाद और संपूर्ण पोषण प्रदान करता है।

जैसे-जैसे हम अपने नागरिकों को पर्याप्त कैलोरी प्रदान करके सुपोषित भारत की ओर बढ़ रहे हैं, यह भी महत्वपूर्ण है कि हमारे बच्चों और महिलाओं को जो भोजन दिया जा रहा है,उसकी गुणवत्ता पर ध्यान दें। यह आवश्यक है कि हम अपने बच्चों, जो हमारे देश का भविष्य हैं, को जो भोजन प्रदान करते हैं, वह उनके समग्र विकास और स्वास्थ्य के लिए उपयुक्त होना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कहा है, अपने खान-पान की आदतों में छोटे-छोटे बदलाव करके हम अपने भविष्य को अधिक मजबूत, स्वस्थ और रोग-मुक्त बना सकते हैं। इस अमृत काल में, हमारे बच्चों को पौष्टिक भोजन और पर्याप्त कैलोरी उपलब्ध होनी चाहिए। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उनके लिए भोजन न केवल पर्याप्त होना चाहिए, बल्कि पौष्टिक भी होना चाहिए, जो उनके समग्र विकास और वृद्धि में योगदान दे।

**(लेखिका : केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# हथियार के साथ अपराधी गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**चांडिल।** सरायकेला-खरसावां जिले के कपाली ओपी क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़े अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी का नाम मो साजिद अंसारी उर्फ छोटा साजिद है, जो कपाली ओपी और आजादनगर थाना क्षेत्र का सक्रिय अपराधी है। पुलिस ने उसे साततल्ला मैदान में छापेमारी कर गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उसके पास से एक लोडेड पिस्टल, एक देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार अपराधी के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं और वह क्षेत्र में आतंक का पर्याय बना हुआ था।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया था। इस टीम ने तकनीकी और मानवीय साक्ष्य के आधार पर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार अपराधी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

# चाकू गोद कर हत्या करने का आरोपी ससुर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना अंतर्गत आदर्श नगर, गम्हरिया में पारिवारिक विवाद के दौरान एक व्यक्ति की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने घटना के आरोपी ससुर को त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार बीते 2 अक्टूबर 2025 की रात करीब 9 बजे आदर्श नगर में पुटुश कुमार (उम्र 34 वर्ष), पिता जगदीश प्रसाद, निवासी देवरिया (जिला नालंदा, बिहार) पर उसके बहन के ससुर दशरथ प्रसाद (उम्र 58 वर्ष) ने घरेलू विवाद के चलते चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल पुटुश को टीएचएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 03 अक्टूबर को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई,घटना के बाद आरोपी दशरथ प्रसाद फरार हो गया था। इस संबंध में वादिनी के लिखित आवेदन पर आदित्यपुर थाना कांड संख्या 299/25, दिनांक धारा 103/3(5) बीएनएस. के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया।



पुलिस अधीक्षक सरायकेला-खरसावां के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समीर कुमार सवैया के नेतृत्व में गठित विशेष छापामारी टीम ने तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्यों के आधार पर आरोपी दशरथ प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी टीम में आदित्यपुर थाना प्रभारी विनोद तिर्की सहित कई पुलिस अधिकारी व सशस्त्र बल शामिल थे। पुलिस ने आरोपी के पास से एक लोहे का चाकू बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

# विधायक मंगल कालिंदी ने तिरुपति बालाजी के दर्शन कर दान किये बाल

**क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए की कामना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी ने आंध्र प्रदेश स्थित देश के प्रसिद्ध तीर्थस्थल तिरुपति बालाजी मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन किये। शनिवार को विधायक ने विधिवत पूजा-अर्चना कर अपने क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और विकास के लिए प्रार्थना की। विधायक श्री कालिंदी ने भगवान बालाजी के प्रति अपनी गहरी आस्था का परिचय देते हुए परंपरा के अनुसार सिर के बाल भी दान किये।



श्री कालिंदी ने कहा तिरुपति बालाजी का आशीर्वाद उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण है और यह धार्मिक यात्रा उन्हें जनसेवा के कार्यों के लिए नयी ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करती है। विधायक ने कहा लगातार चार वर्षों से तिरुपति बालाजी के दर्शन कर हर बार बाल दान की परंपरा को निष्ठा से निभा रहे हैं। इस बार भी उन्होंने उसी श्रद्धा के साथ यह धार्मिक कर्म सम्पन्न किया। उनके साथ सरबजोत भाटिया भी मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना में भाग लिया। विधायक की इस आस्था और धार्मिक समर्पण को क्षेत्र के लोगों और समर्थकों ने सराहा है। तिरुपति यात्रा के माध्यम से विधायक का यह संदेश भी साफ है आध्यात्मिकता और जनसेवा एक-दूसरे के पूरक हो सकते हैं।

# टाटा स्टील की नयी पहल से तीरंदाजी को मिला गौरवपूर्ण अतीत का सम्मान : डीबी सुंदरा रामम

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भारत की धनुर्विद्या परंपरा को आधुनिक खेल मंच पर एक नई पहचान देते हुए टाटा स्टील समर्थित चेरो आर्चर्स टीम ने आर्चरी प्रीमियर लीग के पहले संस्करण में धमाकेदार एंट्री की।शनिवार को टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज डी. बी.सुंदरा रामम ने कहा टीम झारखंड के वीर चेरो आदिवासी योद्धाओं की गौरवशाली विरासत से प्रेरित होकर बनायी गयी है। जिन्होंने कभी मुगल और अंग्रेजी साम्राज्य को अपनी तीरंदाजी कौशल और साहस से चुनौती दी थी। चेरो आर्चर्स टीम में डेनमार्क के वर्ल्ड नंबर 1 कंपाउंड आर्चर मैथियास फुलर्टन, भारत के ओलंपियन अतानु दास, वर्ल्ड नंबर 9 कैथरिना बाउर, और भारतीय प्रतिभाएं राहुल, प्रिथिका प्रदीप, मडाला हमसिनी, साहिल राजेश और कुमकुम मोहोड शामिल हैं।

उन्होंने कहा टीम 2 से 12 अक्टूबर तक चलने वाली एपीएल में अन्य दमदार टीमों प्रिथ्विराज योद्धा,काकतिया नाइट्स, माइटी मराठा, राजपूताना रॉयल्स और चोल चीफ्स से मुकाबला करेगी।टाटा स्टील 1996 में स्थापित टाटा आर्चरी अकादमी खेल को जमीनी स्तर पर बढ़ावा देने में अग्रणी रही है।

अकादमी अब तक नौ ओलंपियन,तीन द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता और 150 से अधिक अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज तैयार कर चुकी है। हाल ही में कैडेट्स अंकिता भकत और भजन कौर ने एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतकर अकादमी की सफलता को और मजबूत किया।



उन्होंने कहा चेरो आर्चर्स न केवल एक टीम है बल्कि यह भारत की वीर परंपरा और आधुनिक खेल संस्कृति का संगम है। यह लीग न केवल खेल का रोमांच पेश करेगी बल्कि देश की सांस्कृतिक विरासत को भी नयी पीढ़ी से जोड़ेगी।

# मानगो आवास प्लाजा में गैस सिलिंडर फटने से लगी आग, तीन लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** शनिवार शाम मानगो पोस्ट ऑफिस रोड स्थित आवास प्लाजा में रसराज स्वीट्स के किचन में दो सिलेंडर फटने से भीषण आग लग गई। आगजनी में आसपास की लगभग 10 दुकान चपेट में आगया। हादसे में दुकान मालिक निताई साहू, कारीगर तपन नामता और एक बच्ची सोनिया घायल हो गयीं। तपन की हालत गंभीर बतायी जा रही है।




उधर आग लगते ही स्थानीय लोगों ने जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय को सूचना दी। श्री राय ने तत्परता दिखाते हुए फायर ब्रिगेड को अलर्ट किया और अपने जनसुविधा प्रतिनिधियों को तत्काल मौके पर भेजा। नीरज सिंह, पिंटू सिंह, संतोष भगत, टुनटुन सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालकर एमजीएम अस्पताल पहुंचाया। तपन नामता को गम्भीर अवस्था में आइसीयू में भर्ती कराया गया।

वहीं बच्ची सोनिया का चेहरा झुलस गया है। विधायक सरयू राय ने अस्पताल अधीक्षक से बात कर समुचित इलाज सुनिश्चित कराया।घटना के समय कॉम्प्लेक्स में रहने वाले 24 परिवारों को भी सुरक्षित बाहर निकाला गया। स्थानीय लोगों ने विधायक प्रतिनिधियों की त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

# लगातार बारिश से गढ़वा हुआ पानी-पानी

## बंशीधर नगर रेलवे अंडर पास में जल जमाव से जिला मुख्यालय से तीन प्रखंडों का संपर्क बाधित

- भवनाथपुर से रांची जाने वाली सभी बसों का परिचालन ठप
- कैदियों को पुलिस सुरक्षा में पैदल रेलवे ट्रैक पार कराकर न्यायालय में की गई पेशी



बंशीधरनगर रेलवे अंडर पास में जमा बारिश का पानी।

प्रशांत सहाय

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय और आसपास के इलाकों में शुक्रवार से हो रही लगातार भारी बारिश से गुमला जिला पानी-पानी हो गया है। लगातार मूसलाधार वर्षा से पूरा नगर जलमग्न हो गया है। सड़कों पर कई इंच तक पानी जमा हो गया है। घरों में भी पानी घुस गया है। जिससे लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। रेलवे अंडर पास में पांच से छह फीट तक पानी भर जाने से बंशीधर नगर का संपर्क भवनाथपुर, खरौंधी, केतार और विशुनपुरा प्रखंडों से पूरी तरह टूट गया है। जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। लोग रेलवे ट्रैक के ऊपर से किसी तरह पैदल आना-जाना कर रहे हैं। स्थानीय न्यायालय और अस्पताल जाने वाले मरीजों एवं आम नागरिकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। यहां तक कि न्यायालय में उपस्थित होने वाले कैदियों को भी पुलिस की सुरक्षा में पैदल रेलवे ट्रैक पार कराया गया। इसी बीच थाना क्षेत्र के चितविश्राम गांव के गगरियाघाट टोला निवासी बालेश्वर राम के 18 वर्षीय पुत्र धीरज कुमार की नदी में डूबने से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, धीरज टेंट हाउस में काम करता था और दुर्गा पूजा समाप्त होने के बाद बारोडीह गांव में टेंट हटाने के बाद रात 12 बजे घर लौट रहा था। घर पहुंचने के लिए उसे बाकी नदी पार करनी थी, लेकिन तेज बहाव के कारण वह नदी में बह गया। शनिवार की सुबह जब परिवार और ग्रामीणों ने खोजबीन की, तो युवक का शव घटना स्थल से लगभग 300 मीटर पूर्व बांस में फंसा मिला। इसकी सूचना पाकर विधायक के पुत्र मानवेंद्र प्रताप देव, झामुमो के वरिष्ठ नेता मुक्तेश्वर पांडेय सहित कई लोग पहुंचकर मृत युवक के परिजनों को ढांढस बंधाया और आर्थिक सहयोग दिया। वहीं, सूर्यमंदिर के समीप रहने वाले हड़ताल चंद्रवंशी के दो मवेशी (एक गाय और एक बछड़ा) भी बाकी नदी के तेज बहाव में बह गए, जिससे दोनों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि इतनी भारी बारिश और जलजमाव कई वर्षों बाद देखने को मिली है। नगर के मुख्य सड़कों से लेकर मोहल्लों तक जलजमाव की स्थिति बन गई है। बस स्टैंड, राजा पहाड़ी रोड, हनुमान मंदिर मार्ग, गोसाईबाग और अन्य इलाकों में दो से तीन फीट तक पानी जमा है। लोग घरों में कैद हैं और बिजली व्यवस्था भी कई स्थानों पर बाधित है। उधर, स्थानीय प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। अनुमंडल प्रशासन की ओर से राहत और बचाव कार्य भी शुरू कर दिया गया है। खतरे वाले इलाकों में लोगों से सतर्क रहने और नदी-नालों के पास न जाने की अपील की गई है। बारिश के कारण रेलवे और सड़क यातायात दोनों प्रभावित हैं। बाजारों में सन्नाटा पसरा है और स्कूल-कॉलेज भी बंद हो गए हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे तक भारी वर्षा की संभावना जताई है। यदि बारिश का यह सिलसिला जारी रहा, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। अंडर पास में पानी भरने पर विधायक पुत्र मानवेंद्र प्रताप और झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय ने रेलवे के अधिकारियों से फोन पर संपर्क कर जल्द आवागमन बहाल करने की अपील की है।

## लगातार बारिश से एक दर्जन से अधिक मकान ध्वस्त, पुल-पुलिया भी क्षतिग्रस्त

विमलेश कुमार

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले 24 घंटे से हो रही लगातार बारिश ने जन जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। शुक्रवार की रात भारी बारिश के बीच एक दर्जन से अधिक कच्चे मकान ध्वस्त हो गए। जानकारी के अनुसार भवनाथपुर पंचायत के निमिया टोला में रविंद्र भूईयां, सुरेंद्र भूईयां का बर्तन, अनाज, साइकिल, कपड़ा बह गया, नरेश भूईयां, तीन कोनिया टोला में प्रेम पासवान (50) का कच्चा मकान ढह जाने से पैर टूट गया। जबकि महेंद्र वियार, नवीन ठाकुर, प्रवेश राम, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की बाउंड्री गिर गयी। अरसली दक्षिणी में राजेंद्र सिंह, मुना सिंह, रामदेव सिंह, सुरेश मिस्त्री, सुजीत यादव, अजीत ठाकुर, अनिल सिंह, रामदेव सिंह, वली अंसारी, मकरी पंचायत में रघुनाथ पाल, अखिलेश पासवान का कच्चा मकान ध्वस्त हो गया। वहीं, बनसानी पंचायत के रोहिणीया गांव में सूर्य नारायण सिंह, रूपम सिंह, बुधन यादव, अनिल यादव, उपेंद्र चंद्रवंशी, अवधेश राम के कच्चे मकान गिर गये। इसके अलावा अरसली उतरी के खड़ार टोला जाने वाली पुलिया का गार्ड वाल



भी बह गया, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। वहीं, अरसली के पियाहवा बांध कटाव से टूटने के कगार पर है।

### कुछ जगहों पर गांवों का संपर्क भी टूटा

बनसानी तालाब टूटने के कारण उसमें डाली गयी पांच लाख रुपये की मछलियां बह गयी। वहीं, भवनाथपुर के निमिया टोला स्थित पुलिया बह जाने से चार गांव का आगमन बाधित हो गया। कर्पूरी चौक के पुल के पास पानी के तेज बहाव में गुलाम मोहम्मद की गुमटी बह गयी। वहीं, झगराखाड रोड से जिरहूला रोड क्षतिग्रस्त हो गया। भारी वर्षा और पानी के तेज बहाव के कारण आश्रम स्थित पुल और थाना मोड़ स्थित वर्षों पुरानी पुल क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि सिंदुरिया से टाउनशिप जाने वाली पुलिया का भी गार्ड वाल टूटने के साथ ही कई गांवों में बने छोटे पुल, पुलिया और गार्ड वाल भी जलप्रवाह में बह गए हैं, जिससे ग्रामीण मार्ग बाधित हो गए हैं। कई गांवों का संपर्क मुख्य सड़क से टूट गया है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन की ओर से नुकसान का आकलन करने के लिए टीम गठित की गई है। भवनाथपुर अंचल कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, सीओ शंभु राम ने राजस्व कर्मियों को प्रभावित गांवों का सर्वेक्षण कर रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया गया है। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से तुरंत राहत एवं पुनर्वास की मांग की है। दूसरी ओर, लगातार हो रही बारिश के कारण जनजीवन अभी भी सामान्य नहीं हो पाया है। ग्रामीणों में भय और चिंता का माहौल है। यदि बारिश ऐसे ही जारी रही तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

## 13 महीना का मानदेय बकाया



, आर्थिक तंगी से गुजर रहा कंप्यूटर ऑपरेटर

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** प्रखंड कार्यालय में पूर्व में प्रधानमंत्री आवास योजना के कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में कार्यरत तसरार पंचायत के महुदंड गांव निवासी रामाशंकर ठाकुर को पिछले 13 महीनों से बकाया मानदेय नहीं मिला है। इस कारण उसका परिवार गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। हालात ऐसे बने हुए है कि घर में खाने तक पर आफत आ गयी है। रामाशंकर ठाकुर ने बताया कि परिवार के कई सदस्य सर्दी-खांसी और जुकाम जैसी बीमारियों से ग्रस्त हैं, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण उनका इलाज भी नहीं करा पा रहा है। बताया कि उन्हें 23 अप्रैल को बीडीओ ने बिना कोई कारण बताये कार्यमुक्त कर दिया था। भावुक स्वर में कहा कि बीडीओ साहब के निर्देश पर दिन-रात काम करता था। कई बार रातों में भी आवास योजनाओं का काम किया, फिर भी आज तक वेतन नहीं मिला। अब स्थिति इतनी खराब है कि मानसिक तनाव में जी रहा हूं। रामाशंकर ने बताया कि उन्होंने कई बार प्रखंड कार्यालय जाकर आवेदन दिया, लेकिन हर बार सिर्फ यही जवाब मिला कि चिट्ठी आगे भेज दी गई है। पर अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। प्रशासन की इस लापरवाही से आक्रोशित होकर रामाशंकर ठाकुर ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बकाया भुगतान नहीं किया गया, तो वे पहले गढ़वा डीसी को इससे अवगत करायेगा। वहां भी समाधान नहीं हुआ तो न्यायालय में जाकर हक की लड़ाई लड़ेंगे। दूसरी ओर, इस बाबत बीडीओ देवलाल करमाली ने कहा कि रामाशंकर ठाकुर के बकाया मानदेय से संबंधित चिट्ठी जिला कार्यालय को भेज दी गई है। भुगतान जिला स्तर से ही होता है। उनका बकाया भुगतान शीघ्र ही कर दिया जाएगा।

## मूसलाधार बारिश से घघरी गांव में आफत, बंधा टूटने से मार्ग बाधित



**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के घघरी गांव में शुक्रवार की रात हुई मुसलाधार बारिश घघरी-चैनपुर गांव के मुख्यमार्ग के ऊपर बने बांध को बहा ले गयी। जिस कारण निचले स्तर में प्रखंड के प्रगतिशील किसान दीपक यादव को भारी नुकसान हुआ है। दीपक ने बताया कि घघरी-चैनपुर मुख्य मार्ग उक्त बांध से होकर गुजरी है। बांध के ऊपर बने तालाब में 25 हजार रुपए की मछली का बिचड़ा डाला था, जो कुछ समय बाद लाखों रुपए की मछली बाजार में बेच कर अच्छा मुनाफ कमा सकता था। जो बारिश के पानी के कारण बह गयी। वहीं बांध टूटने से घघरी-चैनपुर मार्ग बंद हो गया। जिस कारण दोनों गांव का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। बांध का पानी निचले हिस्से में पहुंचने से लगभग दो बीघे में लगायी गयी धान की फलस बालू-मिट्टी के नीचे दब गया। जिससे फसल को भारी नुकसान हुआ है। दीपक ने अंचल पदाधिकारी से इस नुकसान की आकलन करने की मांग की है।

## मूर्ति विसर्जन में डीजे की धुन पर डांस को लेकर विवाद, मारपीट में कई घायल



**सगमा/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में भारी बारिश के बीच मां दुर्गा की प्रतिमा को नम आंखों से विदाई दी गयी। इस क्रम में प्रखंड के सगमा शारदा कटहर कला, बैलीया घघरी चैनपुर दुसैया झुनका सोनडीहा गांव में स्थापित माता दुर्गा की प्रतिमा को सैकड़ो लोगों ने अपने नजदीकी नदी और सरोवर में पूजा पाठ के बाद विसर्जित किया। बीरबल और मकरी गांव में भी विजय दशमी के दिन प्रतिमा का विसर्जन किया गया। जबकि सगमा प्रखंड के पुतुर जयबजरंगबली दुर्गा पूजा समिति की ओर से मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जन शांति पूर्ण तरीका से उत्तमही नदी में कराया गया। हालांकि पुतूर गांव के जय मां काली कमेटी की प्रतिमा विसर्जन के दौरान डांस करने को लेकर मारपीट हो गयी। जानकारी के अनुसार पुत्तूर गांव में जय मां काली पूजा समिति के लोग प्रतिमा विसर्जन के लिए उत्तममहि नदी जा रहे थे। इसी बीच पूजा समितियों और गांव के ही लड़कों के साथ कुछ शरारती तत्व इक्ट्ठा होकर डांस करने लगे। इस दौरान विलंब होता देख आपत्ति जताते हुए एक पक्ष के लोगों ने कहा कि काफी रात हो गयी है। बारिश भी हो रही है। इसे देखते हुए मूर्ति विसर्जन जरूरी है। पर दूसरा पक्ष डांस करने को लेकर अड़ा रहा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में नोकझोंक हो गयी। विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट होने लगी। जिसमें कुछ लोगों के सिर फट गये। वहीं, कईयों को चोट आयी है।

## बारिश से केतार हुआ जलमग्न, दर्जनों मवेशी बहे, सैकड़ों एकड़ धान की फसल चौपट

डीएसपी ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा, लिया स्थिति का जायजा

रविकांत चंद्रवंशी





**केतार (आजाद सिपाही)।** गुरुवार की देर रात से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने स्थिति भयावह कर दी है। प्रखंड क्षेत्र से होकर बहने वाली नदी, पहाड़ी नाले, डैम खतरे की निशान से काफी ऊपर बह रहे हैं। शुक्रवार की रात पंडा एवं ढाढरा नदी में अचानक जलस्तर बढ़ जाने से बाढ़ सी स्थिति बन गई। जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। केतार खरौंधी मुख्य मार्ग पर बलीगढ़ में ढाढरा नदी का पानी पुल पर बहने लगा। जिससे सड़क किनारे दो गुमटी बह कर कुछ दूर चल गया। पीड़ित अवधेश बैठा एवं वीरेंद्र बैठा ने बताया कि अचानक बाढ़ का पानी आने से गुमटी में रखे नकदी सहित लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं, बगल के कई घरों में पानी घुस गया। उधर, केतार निवासी अशोक राम का घर जर्जर हो गया, जो कभी भी गिर सकता है। वहीं, बलीगढ़ के दशरथ साह का घर भी पूरी तरह ध्वस्त हो गया। बाढ़ का पानी कई कच्चे और पक्के घरों में घुस जाने से गृहस्थी का सामान, अनाज और जरूरी कागजात बह गये या क्षतिग्रस्त हो गये। वहीं, किसानो की सैकड़ो एकड़ फसल जल मग्न हो गया। धान की फसल पूरी तरह चौपट हो गई है। खेतों में पानी भरे रहने से किसानों की सालभर की मेहनत पर पानी फिर गया। दूसरी ओर, मूसलाधार बारिश के चलते प्रखंड क्षेत्र के बालीगढ़ ,खोन्हर,केतरी सहित अन्य गांवों के दर्जनों मवेशी बह गए। जानकारी के अनुसार बलीगढ़ निवासी गोरख साह का एक घोड़ा एवं एक बैल, धर्मेंद्र गुप्ता, दशरथ साह, शिव साह के दो-दो मवेशी, जबकि खोन्हर निवासी भोला सिंह की पांच बकरी, कैलाश साह, तेनी साह, मुकेश गुप्ता, चंदेश्वर साह का एक-एक मवेशी बह गये। पीड़ितों ने प्रशासन से तत्काल क्षतिपूर्ति का लाभ दिलाने की गुहार लगायी है। वहीं दूसरी ओर, प्रखंड में बाढ़ से काफी नुकसान होने की सूचना पर डीएसपी सतेंद्र नारायण सिंह, थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी, बीडीओ प्रशांत कुमार जायजा लेने पहुंचे। डीएसपी ने लोगो से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र, नदी-नाले से दूरी बनाए रखने एवं सुरक्षित जगह पर रहने का आग्रह किया है। बताया कि बाढ़ से काफी मवेशी, फसल डूबने से अलावा घरों को ध्वस्त होने की सूचना है। अनुमंडल पदाधिकारी से विचार विमर्श कर आपदा विभाग से मुआवजा दिलाने का भी उन्होंने आश्वाशन दिया।

## रंकाकला पंचायत भवन में स्वास्थ्य जांच को लेकर चिकित्सा टीम का गठन

**रंका (आजाद सिपाही)।** बीडीओ शुभम बेला तोपनों के निर्देश पर रंकाकला पंचायत के मुखिया रंजीत सोनी के विशेष आग्रह पर रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (रेफरल) के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी ने पंचायत सचिवालय भवन में सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को स्वास्थ्य जांच के लिए चिकित्सा टीम का गठन किया है। जिसमें मंगलवार को डॉ उत्कर्ष मिश्रा चिकित्सा पदाधिकारी (चलंत) एवं प्रिया कुमारी चिकित्सा सहायक, जबकि शुक्रवार को डॉ नीतिश परमार्थी चिकित्सा पदाधिकारी (चलंत) एवं फिरोज खान चिकित्सा सहायक को सेवा देने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है। जिनका समय सीमा सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक निर्धारित किया गया है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी ने उपरोक्त चिकित्सा पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर आवंटित कार्यस्थल पर समय से उपस्थित होकर स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

## जिला सदर चुनाव में आम लोग मतदान करने को इच्छुक, मौका मिले : आफताब आलम



**रंका (आजाद सिपाही)।** अंजुमन इतेहादुल मुस्लिमीन कमेटी गढ़वा जिला सदर के चुनाव में आम लोग भी मतदान करने को इच्छुक हैं, उन्हें मौका मिलना चाहिए। उक्त बातें राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन गढ़वा जिला अध्यक्ष आफताब आलम ने कही। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वे ऐसा इसलिए कह रहे हैं कि उनकी एक टीम ने सर्वे कर जानकारी एकत्र की है जिसमें जिले भर के सभी अंजुमन के लोग वोट करने को इच्छुक हैं। ऐसे में अगर आम आवाम वोटिंग में हिस्सा नहीं लेती है तो जिला सदर के चुने जाने का कोई महत्व नहीं रह जाएगा। कहा कि चुनाव में खान-अंसारी जैसी दकियानूसी सोच से ऊपर उठकर जात पात की बात को किनारे कर योग्य उम्मीदवार को चुनना चाहिए, ताकि ईमानदार और कुशल नेतृत्व वाला व्यक्ति जिला सदर की कुर्सी पर देखने को मिले।

## केंद्र प्रायोजित पेंशन सत्यापन को लेकर बैठक

## केंद्र सरकार की प्रायोजित पेंशन का लाभ पाने वालों का होगा सोशल ऑडिट: बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** प्रखंड सभागार में शनिवार को डीआरपी सुनिल तिवारी के निर्देशन एवं बीडीओ शुभम बेला तोपनों की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार की ओर से प्रायोजित सभी प्रकार के पेंशन सत्यापन को लेकर प्रखंड स्तरीय बैठक की गयी। इसमें मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, आंगनबाड़ी सेविका (बीएलओ) मुख्य रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से प्रायोजित पेंशन का लाभ जिनको मिलता है उनका सोशल ऑडिट करना है। जिसमें खासकर आंगनबाड़ी सेविका एवं पंचायत सहायक को एक फॉर्म लेकर घर-घर जाकर पेंशनधारी का नाम, पिता या पति का नाम, लिंग, उम्र, आधार नंबर, मोबाइल नंबर, योग्य, अयोग्य आदि का विवरण स्पष्ट अक्षरों में भरकर अपने क्षेत्र के पंचायत सचिव के पास जमा करना है। इसके बाद मुखिया और पंचायत सचिव संयुक्त रूप से एक तिथि का निर्धारण कर पंचायत के सभी पेंशनधारी को बुलाकर उनका सत्यापन करेंगें। इस दौरान आने से असमर्थ पेंशनधारी के घर जाकर उनका सत्यापन करना है। बीडीओ ने इस कार्य में लापरवाही नहीं बरतने और सभी को आपसी समन्वय बनाकर पूर्ण रूपेण सही सही काम करने का निर्देश दिया है। बैठक में सोनदाग मुखिया रिमा देवी, विश्रामपुर मुखिया जीना देवी, मानपुर मुखिया हाशिम अंसारी, रंकाकला मुखिया रणजीत सोनी, दूधवल मुखिया इजहार अंसारी, कंचनपुर मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर कुमार, पंचायत सचिव शोभा मिश्रा, किरण कुमारी, सोनी कुमारी, फौजदार साहू, पंचायत सहायक राजेन्द्र कुमार, संदेश कुमार चौबे, अमरेन्द्र कुमार, मुकेश पाण्डेय, संतोष कुमार, संतोष प्रजापति, रविकांत विश्वकर्मा, राजन ठाकुर, महेंद्र ठाकुर और मुकेश मेहता आदि उपस्थित थे।


### हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं॰ 22/2025–26**

| Sl. No. | Particulars | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for Construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Installation of Traffic Sign Boards at different places at Hazaribag under Municipal Corporation Hazaribag | 7,56,200.00 | 14,000.00 | 5900.00 | 30 days |
| 2. | Construction of Traffic Police Post near PTC Chowk and DVC Chowk under Municipal Corporation, Hazaribag | 2,68,800.00 | 6,000.00 | 1180.00 | 60 days |

| | | |
|---|---|---|
| 1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 16.10.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक |
| 2. निविदा प्राप्ति का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 17.10.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक |
| 3. निविदा खोलने का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 17.10.2025 को 3.00 बजे अपराह्न |
| 4. विज्ञापन दाता का पदनाम | : | नगर आयुक्त सह प्रशासक, नगर निगम, हजारीबाग। |

**नोट :–** निविदा से संबंधित शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय में देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त सह प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 363251 Urban Development and Housing(25-26)#D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
### ई–निविदा आमंत्रण सूचना।

जिला योजना अनावद्ध निधि से चतरा जिलान्तर्गत स्वीकृत निम्नलिखित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), झारखण्ड सरकार द्वारा समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदको से एकल लिफाफा पद्धधि/द्वितीय लिफाफा पद्धति के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा सूचना संख्या :– **RDD/SD/CHATRA/01/2025-26/RE-1**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | लिफाफा पद्धति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | प्रखण्ड–चतरा, पंचायत–आरा, ग्राम–सोनबिगहा में सोनबिगहा हरिजन टोला से सुर्य मंदिर होते हुए माण्डर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 42,14,200.00 | 84,300.00 | 5000.00 | 03 माह | द्वितीय |
| 6 | प्रखण्ड–चतरा, पंचायत–चतरा नगर, ग्राम–नग वा में वार्ड नं0–09 नगवॉ मुहल्ला में सबिता कुमारी के घर से महेश दाँगी के घर तक, एयरटेल टावर पास (लगभग 250 फीट) पी0सी0सी0 पथ एवं नाली निर्माण। | 3,41,200.00 | 6,900.00 | 750.00 | 03 माह | एकल |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –10.10.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–10.10.2025 से दिनांक–16.10.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 18.10.2025 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431060939 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,चतरा।

PR 363238 Rural Development (25-26)D

## बरियातू में आयोजित जिला स्तरीय कला उत्सव में प्रतिमा कुमारी का उत्कृष्ट प्रदर्शन





राहे/सोनाहातू (आजाद सिपाही)। झारखंड शिक्षा परियोजना, रांची द्वारा सीएम गर्ल्स हाई स्कूल बरियातू में आयोजित जिला स्तरीय कला उत्सव में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय राहे की छात्रा प्रतिमा कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लगातार तीसरे साल दृश्यकला 3डी के विषय के मूर्तिकला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रतिमा पिछले साल भी मूर्तिकला में राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन कर चुकी हैं। समूह लोक गीत में आरती कुमारी, मनीषा कुमारी, बसंती कुमारी, दीपिका कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं समूह लोकनृत्य में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजयी छात्राओं को जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार ने सम्मानित किया। छात्राओं की सफलता पर वार्डेन बिमला कुमारी, शिक्षिका फुलमनी बाड़ा, सौरभ कुमार सिंह और सारिका उपाध्याय ने बधाई दी है। वहीं सोनाहातू की छात्राओं ने समूह लोक नृत्य में लिया सिंह, नीतू कुमारी, रमा कुमारी और बॉबी कुमारी के टीम ने पंचपरगना गाने पर प्रदर्शन करके निर्णायक मंडली से प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं समूह लोकगीत में एवं मूर्तिकला में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजयी छात्राओं को जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार ने सम्मानित किया। सभी छात्राओं ने वार्डेन सरोजिनी टोप्पो के नेतृत्व में प्रदर्शन किया था, छात्राओं की सफलता पर वार्डेन सरोजिनी टोप्पो, शिक्षिका शशि बाड़ा, सौरभ कुमार सिंह और कृष्ण चंद्र महतो ने बधाई दी है।

## तिरूलडीह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के तिरूलडीह रेलवे स्टेशन परिसर में शनिवार को सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में दर्शक जमकर थिरके। उड़ीसा के बारीपदा के सुलोचना महतो एवं पार्टी द्वारा एक से बढ़कर एक झुमर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। झुमर नृत्य में जहां झारखंडी संस्कृति को प्रस्तुत किया गया वहीं मां दुर्गा पूजा को लेकर झुमर नृत्य एवं गीत प्रस्तुत कर लोगों का वाहबाही बटोरा। वहीं पत्रकारों को सांस्कृतिक कार्यक्रम में समिति द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति तिरूलडीह के सदस्यों ने स्थानीय मुखिया रामबालक सिंह मुंडा को भी सम्मानित किया गया। मौके पर बबलु साहु, राकेश साहु, बब्सन सिन्हा, मानिक बनर्जी, पवन सिंह, बीक्रम चौधरी प्रदिप साहु, मनोज कोइरी, विकास गोप, गौतम महतो, पटोल महतो आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस नेता बेंजामिन लकड़ा का निधन सांसद सहित कई लोगों ने जतायी संवेदना

खूंटी (आजाद सिपाही)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और आदिवासी कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष बेंजामिन लकड़ा का शनिवार को निधन हो गया। बेंजामिन लकड़ा के निधन की खबर मिलते ही कांग्रेस कार्यकताओं में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर सांसद कालीचरण मुंडा, जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा सहित कई लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की। सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि उनके बेंजामिन के निधन से ऐसा प्रतीत होता है, जैसे बड़े भाई तुल्य साथी हम सभी को बीच मझधार में छोड़ कर चले गये। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की मजबूती में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और पूर्व में आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर रहते हुए उन्होंने पार्टी को मजबूती दिलाई। बंजामिन के निधन पर सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव नाईमुदीन खां, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो सहित कई,लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## दीपावली से पूर्व बोनस भुगतान नहीं होने पर 16 अक्टूबर से एनके एरिया बंद करने का निर्णय

खलारी (आजाद सिपाही)। सीसीएल एनके एरिया के आउटसोर्स में काम करने वाले असंगठित मजदूरों ने 15 अक्टूबर तक बोनस न मिलने की स्थिति में 16 अक्टूबर से पूरे एनके एरिया का काम ठप करने की चेतावनी दी है। बोनस की मांग को लेकर शनिवार को असंगठित मजदूरों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आरसीएमएस के प्रदेश सचिव अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि कोयला उत्पादन में असंगठित मजदूरों की अहम भूमिका है, लेकिन उनके साथ भेदभाव बरता जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा असंगठित मजदूरों को भी बोनस देने की बात कही गयी थी। हाई पावर कमेटी द्वारा दुर्गा पूजा से पहले बोनस देने का आश्वासन दिया गया था। परंतु पूजा बाद भी बोनस भुगतान नहीं हो सका है। मजदूरों की मांग से संबंधित एक पत्र एनके एरिया महाप्रबंधक को सौंपा गया है। पत्र में कहा गया है कि दीपावली से पहले असंगठित मजदूरों का बोनस भुगतान किया जाना चाहिए। अब्दुल्ला अंसारी ने स्पष्ट किया कि यदि बोनस का भुगतान नहीं किया गया तो मजदूरों के पास आंदोलन के अलावा कोई विकल्प नहीं रहेगा। बैठक में मुख्य रूप से सलामत अंसारी, अशोक सिंह, कृष्ण सिंह, अमजद खान, अफजाल अंसारी, वेद प्रकाश पांडे, संदीप कुमार, मिथुन राणा, जसीम अंसारी, पप्पू अंसारी, विकास कुमार, सोनू कुमार, धर्मेंद्र कुमार, राकेश कुमार, चंदन कुमार सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अकीदत के साथ मनायी गयी 11वीं शरीफ



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में शनिवार को ग्यारहवीं शरीफ अकीदत के साथ मनायी गयी। इस मौके पर राय मदरसा और बचरा जमा मस्जिद में मिलाद उन नबी का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार मदरसा गौसिया रिजविया राय में ग्यारहवीं शरीफ के मौके पर मिलाद उन नबी का आयोजन किया गया। अंत में देश एवं राज्य की सुख शांति एवं खुशहाली के लिए दुआ मांगी गयी। इस मौके पर राय अंजुमन के सदर जुल्फिकार अली, सेक्रेटरी राजू खान, मोहम्मद फखरे आलम, इरफान आलम, मोहम्मद शोएब, शाहनवाज आलम, सादिक अंसारी, पप्पू खान, मोहम्मद गुड्डु, नासिर अंसारी,मोहम्मद एम हुसैन, मुन्ना आलम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इधर दूसरी ओर बचरा जामा मस्जिद में ग्यारहवीं शरीफ के मौके पर मिलाद उन नबी का आयोजन किया गया। बचरा जामा मस्जिद के इमाम हाफिज मुमताज ने कुरान पाक की तिलावत से मिलाद की शुरूआत की। इस मौके पर छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक नात कलाम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर हाफिज मुमताज आलम, मोअज्जिन वासिक रजा, बचरा अंजुमन के सदर इस्लाम अंसारी, सेक्रेटरी इरफान शेख, अब्दुल कुद्दुस अंसारी, सैयद अरमान, कल्लन आजाद, जैनुल आबेदीन, नसरूद्दीन मंसूरी, जसीम अंसारी, जसमुद्दीन अंसारी, पिंटु खान, फरीद आलम, तहूर, मो बंटी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# संयुक्त आदिवासी संगठन ने जनाक्रोश रैली निकाली, तीन सूत्री मांगपत्र सौंपा






**आदिवासी नेताओं ने कहा कि कुड़मी महतो न कभी आदिवासी थे और न ही आदिवासी बनने दिया जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय में आदिवासी जनाक्रोश रैली निकालकर संयुक्त आदिवासी सामाजिक संगठन द्वारा बीडीओ एकता वर्मा एवं सीओ दीपक प्रसाद को ज्ञापन सौंपा।

आदिवासी जनाक्रोश रैली में सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष पारम्परिक वेशभूषा में सरना झंडा व तख्तियां लिये गाजे बाजे के साथ प्रखंड मुख्यालय ईचागढ़ पहुंचे और राज्यपाल के नाम बीडीओ को तीन सुत्री मांग पत्र सौंपा। आदिवासी संगठन द्वारा कुड़मी महतो होश में आओ, जय सरना, आदिवासी एकता जिंदाबाद आदि नारे लगाते हुए रैली निकाली। एक दिवसीय रैली व धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए मानिक सरदार, श्यामल मार्डी व संयुक्त आदिवासी संगठन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि कुड़मी, कुर्मी के रेल टेका, डहर छेंका कर केंद्र सरकार अगर आदिवासी सुची में शामिल करने का कोशिश किया, तो आदिवासी संगठन किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।

आदिवासी नेताओं ने कहा कि कुड़मी महतो न कभी आदिवासी थे और न ही आदिवासी बनने दिया जायेगा। संयुक्त आदिवासी सामाजिक संगठन द्वारा अपने मांग पत्र में कुड़मी, महतो को आदिवासी सुची में शामिल नहीं करने, सरना धर्म कोड लागू करने एवं झारखंड में पेशा कानून लागू करने का मांग किया है। मौके पर शिलु सरना टुडु, लंबु पहाड़ीया, सूचांद उरांव, विश्वनाथ उरांव, लाल मांझी, प्रकाश मार्डी, डोमन बास्के सहित सैकड़ों आदिवासी उपस्थित थे।

## दशाई झंडा जतरा हमारी संस्कृति और परंपरा की विरासत, इसे बचायें: रामसूर्या


आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी प्रखंड के राई गांव में हर साल की भांति इस वर्ष भी दशाई झंडा जतरा का भव्य आयोजन राई जतरा संचालन समिति द्वारा शनिवार को किया गया। इस अवसर पर आसपास के कई गांवों की नृत्य मंडलियों ने हिस्सा लिया और पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर अपनी संस्कृति और परंपरा को अगली पीढ़ियों तक पहुंचाने का संदेश दिया।



कार्यक्रम में विधायक रामसूर्या मुंडा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने के लिए ऐसे आयोजन अत्यंत सराहनीय और जरूरी है। इसे निरंतर जारी रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दशाई झंडा जतरा हमारी संस्कृति और परंपरा की विरासत है। इसे बचकार रखना है। जतरा के साथ-साथ फुटबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। फाइनल मुकाबले में विजेता टीम को विधायक रामसूर्या मुंडा ने खस्सी पुरस्कार देकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि खेलों से युवाओं में अनुशासन और आपसी भाईचारे की भावना मजबूत होती है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में फूडी पंचायत की मुखिया अनिमा कच्छप मौजूद रहीं। इसके अलावा ग्राम प्रधान बुधवा मुंडा, सामाजिक कार्यकर्ता गंगा मुंडा, पूर्व मुखिया सैमुअल संगा, सुशील संगा, समीर संगा, सुनील तिर्की, विधायक प्रतिनिधि डिक्शन पूर्ति समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## रवि मिश्रा फिर बने खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष



खूंटी (आजाद सिपाही)। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने जिला कांग्रेस कमेटी के वर्तमान अध्यक्ष रवि मिश्रा पर आस्था जताते हुए एक बार फिर से उन्हें जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गयी। रवि मिश्रा के फिर से जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा, कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव नईमुद्दीन खान कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष राम कृष्ण चौधरी, प्रवक्ता पांडया मुंडा, तोरपा प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता रनिया प्रखंड अध्यक्ष वीरेन कंडुलना, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सुनीता गोप, शांता खाखा सहित कई कांग्रेस नेताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## भारी बारिश से गिरा मकान, गरीब बेघर

खूंटी (आजा सिपाही)। लगातार हो रही बारिश के कारण गामीणों को रोज नई-नई मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। तोरपा प्रखण्ड क्षेत्र मं शुक्रवार की रात हई मूसलाधार बाश्रिश के कारण ग्राम पंचायत तोरपा पश्चिमी के खसुवा टोली के रहने वाले निर्धन गामीण सुखराम टोपनो का पूरा कमान गिर गया। भारी बारिश में भी सुखराम बेघर हो गया। मामले की जानकारी मिलने पर तोरपा प्रखंड के प्रमुख रोहित सुरीन और मुखिया जोन टोपनो ने शनिवार को सुखराम के घर जाकर स्थिति का जायजा लिया। बाद में उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा से बातचीत की और बेघर ग्रामीण को आवास उपलध कराने का आग्रह किश। बीडीओ ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर सुखराम को आवास उपलब्ध कराया जायेगा।

## विधायक सुरेश कुमार बैठा ने खलारी में किया पीसीसी सड़क का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी प्रखंड के 14 पंचायतों में विधायक निधि से बनने वाली पीसीसी सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने शिलापट्ट का अनावरण कर एवं नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर विधायक सुरेश बैठा के क्षेत्र में पहुचने पर कार्यकताओं एव ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि खलारी प्रखंड के लपरा, मायापुर, तुमांग, बुकबुका, चुरी दक्षिणी, लपरा, चुरी पश्चिमी और चुरी मध्य सहित अन्य पंचायतों के सुदूरवर्ती गांवों में सड़क निर्माण



कार्य की शुरूआत की जा रही है। विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नयी गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास कार्यों को लेकर लोगों में उत्साह का वातावरण है और सभी इस पहल की सराहना कर रहे हैं। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक, बुढ़मू विधायक प्रतिनिधि शमीम बड़ेहार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष साबीर अंसारी, राजेश सिंह मिंटु, इंदिरा देवी तुरी, विक्की सिंह, रामलखन गंझू, शशि मुंडा, बाबू खान, मुमताज अहमद, मुख्तार अंसारी, पप्पू, सैयद अंसारी, मोनू खान, परवेज अंसारी, रवि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कोयलांचल में नम आंखों से दी गयी मां दुर्गा को विदाई

**बचरा और बेंती में गाजे बाजे के साथ निकला भव्य विसर्जन जुलूस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको के पूजा पंडालो मे स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का नगर भ्रमण एंव गाजे-बाजे के साथ विसर्जन किया गया। इसके साथ ही दस दिनों तक चलने वाले दशहरा पर्वोत्सव का समापन हो गया। शनिवार को विसर्जन के लिए पूजा पंडाल से मां दुर्गा को निकाल कर विसर्जन वाहन पर रखते ही श्रद्धालु महिलाओं की भारी भीड़ ने नम आंखों से मां दुर्गा की विदाई की। इस अवसर पर मां को खोईंछा देते हुए सुहागिन महिलाओं द्वारा सिंदुर को प्रसाद के रुप में नाक से लेकर मांगों तक लगाया गया। मां दुर्गा की प्रतिमा के पंडाल से निकलते वक्त एक ओर जहां पंडाल सुना सा पड़ गया वहीं दूसरी ओर पुरा वातावरण मां दुर्गा



के जयकारों से गूंज रहा था। इसके बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ गाजे बाजे से मां दुर्गा का विसर्जन जुलूस निकला जो बचरा काली मंदिर होते हुए चार नंबर बसंत बिहार कालोनी तक पहुंचा। बसंत बिहार कालोनी से भ्रमण के बाद सपही नदी झुला पुल स्थित घाट पर विसर्जित कर दिया गया। जुलुस में भारी संख्या में महिलाओं एवं युवकों ने भाग लिया जो पुरे रास्ते गीतो की धुन पर डांस करते हुए मां का जयकारा लगा रहे थे। इस प्रकार अगले साल मां दुर्गा फिर से आये, इसी कामना के साथ बचरा में दस दिनों तक चलने वाले दशहरा मेला एवं उत्सव का शांतिपूर्ण ढंग से समापन हो गया। इस मौके पर पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष विद्यापति सिंह, कार्यकारी सचिव भीम सिंह यादव, राजेंद्र गुप्ता, मुखिया गुंजन कुमारी सिंह, रीना देवी, पिंकी सिंह, प्रमोद प्रसाद, गांधी राम साहू, रामबचन यादव, रविंद्र सिंह, बसंत गुप्ता, संतोष यादव, सुभाष साव, मंगल सिंह, उमेश यादव, अनिल सोनी, अरुण कुमार सिंह, पप्पू सोनी, किशन कुमार सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

इधर दुसरी ओर बेंती दुर्गा पूजा पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का नगर भ्रमण के साथ विसर्जन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। मौके पर पुजारी ललीत ठाकुर, दामोदर पंडित, हरीनारायण गंझु, राजेश प्रजापति, रोहन गंझू, आदित्य केसरी, गणेश भुईयां, लखन साव, शंकर गंझू, हेमराज प्रजापति, दुर्गा पासवान, प्रेम ठाकुर, रोहित केसरी, बासुदेव गंझू, अर्जुन गंझू, बीरबल गंझू, जिला परिषद नेहा उरांव, बेंती मुखिया सरिता देवी, कुमारी अनुप्रिया, किरण कुमारी, महेंद्र गंझू, विनोद गंझू, बंधन गंझू, धनराज भोक्ता, सुखी गंझू, सोमर गंझू, बैजनाथ प्रजापति, सीताराम केसरी, सेवक गंझू, सिकेंदर प्रजापति, कृष्ण, राहुल, राजेंद्र, संजय, अभय, नितेश, गोलू, सोनू, खजांची प्रजापति सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा



बूंडू (आजाद सिपाही)। तमाड़ थाना क्षेत्र के तमाड़ खूंटी रोड पर स्थित विष्णु मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी करने, तमाड़ के एक घर से साइकिल चोरी, पारस मेडिकल हाल का ताला तोड़ कर चोरी करने के आरोपी को तमाड़ पुलिस ने पकड़ा। तमाड़ थानेदार प्रवीण कुमार मोदी के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाकर कालीचरण मछुआ को गिरफ्तार कर लिया गया है। डीएसपी ओमप्रकाश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से चोर को पकड़ा गया है और उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया है। मौके पर छापामारी अभियान में शंभू पंडित, सुधीर कुमार यादव, सीरिल संगा आदि पदाधिकारी शामिल थे।

## बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल से प्रखंड लेखा प्रबंधक अभिषेक कुमार का तबादला होने से कार्य प्रणाली में रही है परेशानी

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल से प्रखंड लेखा प्रबंधक अभिषेक कुमार का तबादला होने के बाद भी लेखा प्रबंधक कार्यालय लगभग एक माह से बंद है, जिससे अनुमंडल अस्पताल के कार्य प्रणाली में दिक्कतें हो रही हैं। अभिषेक कुमार लगभग एक माह पूर्व सदर अस्पताल पश्चिमी सिंहभूम में योगदान दे दिये हैं। उनके योगदान देने से लेकर अब तक लेखा प्रबंधक का कार्यालय बंद है। इस विषय में अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर दिलीप कुमार पासवान से टेलिफोनिक से बात करने पर उनका बयान संदेहास्पद लगा। पहले उन्होंने कहा कि अभिषेक कुमार को कार्यस्थल से छुट्टी नहीं मिलने के कारण चार्ज नहीं दिया। कुछ देर के बाद उपाधीक्षक द्वारा बताया गया कि उनके स्टाफ गोडली प्रिया लुगुन को चार्ज दिया गया है। गोडली प्रिया लुगुन से वार्ता करने पर पहले तो आनाकानी की गयी, फिर कॉल को रिकॉर्ड करते हुए बताया गया कि उन्हें कॉल रिकॉर्ड रखना है। उसके बाद उन्होंने बताया कि मुझे दो विभाग का चार्ज मिला है। पहले आयुष्मान तथा दूसरा 15वें वित्त आयोग की जिम्मेदारी दी गयी है। बाकी का कार्य जिला से देखने की बात कही गयी है। उनसे जब पूछा गया कि कार्यालय क्यों नहीं खोलतें हैं तो कहा कि मैं लेखा प्रबंधक नहीं हूं, इससे यह प्रतीत होता है कि अभी भी अभिषेक कुमार अप्रत्यक्ष रूप से अनुमंडल अस्पताल का कार्य का देखरेख कर रहे हैं या कोई घोटाले की ओर इशारा कर रही है।

## आजसू कार्यकर्ताओं ने मनाया शहादत दिवस



राहे (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत चैनपुर गांव के जगुआर जवान खंजन कुमार महतो का शहादत दिवस शनिवार को उनके प्रतिमा स्थल पर मनाया गया। आजसू प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शहीद के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये। दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। ज्ञात हो कि चैनपुर गांव के खंजन कुमार महतो 4 अक्टूबर 2019 को नामकुम थाना क्षेत्र में नक्सली हमले में शहीद हुए थे। माल्यार्पण के अवसर पर शहीद के पिता-अनंत प्रसाद महतो, माता -गौरी देवी, हलधर पांडेय, राम प्रसाद बेनु, राम दयाल महतो, पशुपति महतो, चामुराम महतो, राजेश्वर महतो, बिरेंद्र महतो,सनोज कुमार, चैनपुर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बिष्णु बैठा, तीर्थनाथ महतो, जयप्रकाश महतो, धनंजय महतो, यशोदा देवी, अहल्या देवी, परमेश्वरी देवी, शव्या देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## सिल्ली प्रखंड कांग्रेस ने वोट चोरी हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की



सिल्ली (आजाद सिपाही)। शनिवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो को निर्देश दिये कि सिल्ली प्रखंड के सभी पंचायतों अध्यक्ष गणों, मंडल अध्यक्ष गण और वरिष्ठ कांग्रेस नेता गण से वोट चोरी हस्ताक्षर अभियान में सिल्ली प्रखंड से दस हजार हस्ताक्षर करवाने का लक्ष्य पुरा करने को कहा गया है। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नगेंद्र नाथ गोस्वामी, पंचायत अध्यक्ष लालू कोईरी, रबिन प्रमाणिक इत्यादि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## बिश्रामपुर में बूढ़ी पूर्णिमा जतरा का आयोजन सात को

खलारी (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर बड़कीटॉड में 7 अक्टूबर मंगलवार को बूढ़ी पूर्णिमा जतरा का आयोजन किया गया है। इसकी तैयारी को लेकर शनिवार को विश्रामपुर जतरा समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता गणेश पाहन ने किया। बैठक में जतरा के सफल आयोजन को लेकर तैयारियों पर चर्चा हुई। बैठक में कहा गया कि मंगलवार की सुबह जतरा खूंटा स्थल पर पाहन के द्वारा पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना किया जायेगा। साथ ही जतरा में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए नागपुरी ऑर्केस्ट्रा का भी आयोजन किया गया है, जिसमें नागपुरी कलाकार चिंता देवी, अनिल मुंडा, पंकज महली, रूबी कुमारी,महावीर नायक के द्वारा गीत प्रस्तुत किया जायेगा। इस मौके पर प्रभाकर गंझू, जीतन गंझू, बालजीत गंझू, दामोदर गंझू, बालदेव गंझू, सोनू गंझू, जयराम गंझू, किसुन मुंडा, पंकज मुंडा, किसुन गंझू, मंगलाल गंझू, जगेसर मुंडा, धर्मेंद्र गंझू, धर्मराज गंझु, आर्यन सहित कई लोग मौजूद थे।

## मापी के बाद ज़िला परिषद के मार्केट निर्माण का रास्ता हुआ साफ



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू थाना के सामने ज़िला परिषद का नया मार्केट निर्माण किया जा रहा है। इसको लेकर इलाके के एक निवासी कन्हैया लाल भगत ने दावा किया था कि उनका जमीन ज़िला परिषद की जमीन में 10 फीट तक घुस गया है। एसडीएम किस्टो कुमार बेसरा की देखरेख में ज़िला परिषद की जमीन की नापी कराई गयी। नापी के बाद यह पाया गया कि जमीन की सीमा बिल्कुल सही है और कन्हैया लाल भगत की जमीन ज़िला परिषद की जमीन में नहीं घुसी है। एसडीएम किस्टो कुमार बेसरा ने कहा कि कन्हैया लाल भगत का आरोप बेबुनियाद और निराधार था। सभी माप और रिकॉर्ड सही पाये गये हैं। जमीन के मामले में कोई भी अनियमितता नहीं है। मापी के दौरान सीओ हंस हेंब्रम, बुंडू थाना प्रभारी राम कुमार वर्मा और कई अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। इस नापी के बाद अब ज़िला परिषद के मार्केट निर्माण का रास्ता साफ हो गया है और विवाद सुलझ गया है।

## तमाड़ में धूमधाम से मनायी गयी दुर्गा पूजा



तमाड़ (आजाद सिपाही)। श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति रायडीह मोड के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया, जिसमें भव्य पंडाल के साथ-साथ, आकर्षक लाइटिंग, रावण दहन का कार्यक्रम किया गया। इस समिति के 26 वर्ष पूरे होने की खुशी में समिति के सभी पूर्व सदस्यों, जिन्होंने इस समिति की नींव रखी थी उन्हें अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया। साथ ही जितने भी नौवजवान सदस्य थे उन्हें भी सम्मानित किया गया और सभी के साथ मिल कर माता के विसर्जन के साथ इस साल के दुर्गा पूजा उत्सव का समापन किया गया।

**आश्वासन : मुड़मा जतरा को सफल बनाने के लिए 40 पड़हा के पहानों की बैठक**

# जतरा भूमि के संरक्षण-संवर्धन के लिए 2026 तक उठाये जायेंगे ठोस कदम : चमरा लिंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** ऐतिहासिक मुड़मा जतरा 8-9 अक्तूबर को आयोजित होगा। इसमें 40 पड़हा लोगों के पारंपरिक सामाजिक, धार्मिक और अगुवा शामिल होंगे। शनिवार को मुड़मा जतरा को सफल बनाने के लिए 40 पड़हा के पहानों की बैठक मुड़मा के पड़हाभवन में हुई। जिसकी अध्यक्षता धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने की। इसमें राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इस बार जतरा को और बेहतर एवं ऐतिहासिक बनाने में किसी भी तरह की कमी नहीं छोड़ी जाएगी। जतरा में आने वाले देश-विदेश के मेहमानों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए संबंधित विभागों को सख्त दिशा-निर्देश दिये गये। विशेषकर पड़हा प्रतीक चिन्हों के साथ शामिल होने वाले खोड़हा के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। कल्याण मंत्री मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि जतरा के सफल आयोजन में सरकार हर संभव सहयोग करेगी। जतरा भूमि के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अगले वर्ष तक ठोस कदम उठाए जाएंगे। बैठक के बाद मंत्री और धर्मगुरु ने जतरा स्थल का निरीक्षण किया और अब तक की तैयारियों का जायजा लिया। मौके पर जतरा समिति के अध्यक्ष जगराम उरांव, दीवान भौवा उरांव, रंथू उरांव, रवि तिग्गा, मणिलाल केरकेट्टा, कमले उरांव, सुशीला उरांव, रेणु तिर्की, विरेन्द्र उरांव सहित विभिन्न पाड़हा से आए सैकड़ों पाहन, महतो, मुंडा और पईनभोरा आदि मौजूद थे।



जतरा स्थल का निरीक्षण करते कल्याणमंत्री चमरा लिंडा, धर्मगुरु बंधन तिग्गा एवं अन्य।

# सरकार की विफलता को लेकर राज्यभर में चलाया जायेगा अभियान : आदित्य साहू

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** भाजपा अनगड़ा मंडल की ओर से शनिवार की शाम गोंदलीपोखर में नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन हुआ। इसमें पार्टी के नवनियुक्त झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार महतो ने किया। इससे पहले गोंदलीपोखर पहुंचने पर आदित्य साहू की आगवानी ढोल नगाड़ों की थाप से की गई। उन्हें अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आदित्य साहू ने कहा कि कार्यकर्ताओं के प्यार एवं स्नेह से वे अभिभूत हैं। उनके जैसे साधारण और बूथ स्तर के कार्यकर्ता को पार्टी आला कमान ने जो दायित्व सौंपा है, उसपर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। पार्टी का काम अनुभव, जोश और ऊर्जा को मिलाकर करेंगे। एक-एक कार्यकर्ता की प्रतिक्रिया ली जाएगी। इस दौरान उन्होंने राज्य की हेमंत सरकार पर कड़ा जुबानी हमला बोला। कहा कि राज्य सरकार जनसरोकार से जुड़े मुद्दों को लेकर पूरी तरह विफल हो चुकी है। पूरे झारखंड में सरकार की विफलता को लेकर कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, प्रदेश भाजयुमो उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा, मनोज सिंह, नरेश साहू, डॉ रिझू नायक, रामसाय मुंडा, संजय नायक, रौशनलाल मुंडा, रामनाथ महतो, नीलकंठ चौधरी, हिमांशु शेखर चौधरी, विशेश्वर चौधरी, राजेन्द्र महतो, कामेश्वर महतो, अजय महतो, घनेनाथ महतो, रामेश्वर महतो और विष्णु महतो आदि उपस्थित थे।

## सोहराय जतरा मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक



**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** कुच्चु पंचायत अंतर्गत बदरी अंबा टुंगरी हुड़पु पखाना में शनिवार को सोहराय जतरा मानने को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कुच्चु मुखिया सहदेव बेदिया ने की। इसमें सोहराय परब के उपलक्ष्य में अपनी परंपरा अपने विरासत एवं संस्कृति पहचान को बचाने को लेकर 24 अक्टूबर को सोहराय जतरा सह पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रत्येक गांव से पारंपरिक सांस्कृतिक टीम आदिवासी वेशभूषा में सुसज्जित होकर शामिल होंगे। सभी टीमों को प्रोत्साहित किया जाएगा। वहीं, सोहराय जतरा सह पारंपरिक संस्कृति कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष बालेश्वर बेदिया, सचिव सोहरैया बेदिया, कोषाध्यक्ष महेंद्र बेदिया, संरक्षक कुच्चु मुखिया सहदेव बेदिया, नवागढ़ मुखिया भुनेश्वर बेदिया, पहलू बेदिया, डॉक्टर सचिन मोहन कुमार, बुधराम बेदिया, शिव शंकर बेदिया, उपाध्यक्ष जयदेव बेदिया, बिड़ंबर बेदिया, शंकर बेदिया, दिनेश बेदिया, सह सचिव शंभू लोहार, सोमरा बेदिया, सोहराय बेदिया, युगल किशोर बेदिया, कार्यकारी सदस्य शनिचरवा बेदिया, रामचरण बेदिया, मनबोध बेदिया, आमेश्वर बेदिया, श्रीनाथ बेदिया, दसैया बेदिया, जागेश्वर बेदिया, आकला कुम्हार, परमेश्वर बेदिया, अनिल बेदिया, चमरू बेदिया, दीपेंद्र बेदिया, राजेश बेदिया, विनोद लोहरा, सोनू करमाली, विकास बेदिया, संतोष बेदिया, मुचीराम बेदिया, जगन्नाथ बेदिया, मदन बेदिया, कृष्ण भोक्ता दिलीप लोहरा आदि का चयन किया गया।

## सेवा पखवाड़ा : पत्रकारों को किया गया सम्मानित



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव पर 17 सितंबर से चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के समापन, लाल बहादुर शास्त्री एवं गांधी जयंती के अवसर पर चौहान मेंशन में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने किया। जिसमें अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी रणधीर चौधरी उपस्थित हुए। इस अवसर पर मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पत्रकार देश के चौथे स्तंभ होते है। वे रात-दिन समाज के विभिन्न क्षेत्र में अपनी उपस्तिथि रखते है और समाज की समस्याओं को अखबार में प्रकाशित कर समाज में आईना दिखाने का काम करते है। इस स्तम्भ को मजबूत रखना हम सभी का कर्तव्य है। वहीं, रणधीर चौधरी ने कहा कि स्वच्छ पत्रकारिता से ही देश में स्वच्छ शासन की सरकार बन सकती है। इससे पूर्व लाल बहादुर शास्त्री एवं महात्मा गांधी को नमन कर श्रद्धांजली दी गई। इसके बाद सभी पत्रकारों को अंगवस्त्र और कलम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बिरसा पाहन ने किया। मौके पर स्थानीय पत्रकारों के अलावा अरुण तिवारी, राजेश ओहदार, कृष्णा कुमार आदि उपस्थित थे।

## लोगों ने की नगड़ी चौक में 200 केवी के अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी चौक स्थित 200 केबी का बिजली ट्रांसफार्मर शुक्रवार रात से ही खराब हो गया था। शनिवार की दोपहर ट्रांसफार्मर पूरी तरह उड़ गया। इससे नगड़ी चौक सहित एक बड़ा इलाका अंधेरे में डूब गया। इसकी जानकारी मिलते ही बिजली विभाग ने तत्काल एक नया ट्रांसफार्मर नगड़ी भेजा जिसे विभाग के लोगों ने लगाकर चालू कर दिया। लेकिन नगड़ी चौक सहित आसपास के सैकड़ों उपभोक्ता लंबे समय से एक अतिरिक्त 200 केबी के बिजली ट्रांसफार्मर की मांग कर रहे हैं। पर विभाग की लापरवाही से इसपर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। एक ही ट्रांसफार्मर पर क्षमता से अधिक लोड रहने के कारण अक्सर फेज उड़ने और लो वोल्टेज की समस्या से नगड़ी चौक और आसपास के लोग महीनों से परेशान हैं। ट्रांसफार्मर की कमी और लो वोल्टेज से नगड़ी चौक के दुकानदार और छोटे मोटे उद्योग धंधे चलाने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है। दुकानदारों और आम उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग के पदाधिकारियों से अविलंब 200 केबी के दो बिजली ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। ताकि एक ही ट्रांसफार्मर पर फिर ओवरलोडिंग के कारण फेज उड़ने और लो वोल्टेज की समस्या ना हो।

## विक्षिप्त व्यक्ति ने किया बहनोई पर जानलेवा हमला

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** गरई निवासी प्रेम बरला नामक व्यक्ति की दिमागी हालत कुछ दिनों से खराब चल रही है। उसने गांव में रहने वाले अपने महनोई मरियानूस बरला पर लोहे के साबल से सिर पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। यही नहीं, उसने अपनी भैंस के दो बछड़े को भी मार दिया। उसका उपद्रव देख स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया। उधर, घायल मरियानूस बरला को इलाज के लिए पहले सापुकेरा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र ले जाया गया, जहां हालत गंभीर देख बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# मेला सभी संप्रदाय को आपस मे जोड़ने का एक सशक्त माध्यम: रामटहल चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड का ऐतिहासिक गुटरू मेला शनिवार को संपन्न हुआ। जिसका उद्घाटन पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, जेएलकेएम के देवेंद्र महतो, जिप सदस्य मनोज वाजपेयी, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, उपप्रमुख हर-देव साहु, बीडीओ धीरज कुमार, सीओ सचिदानंद वर्मा और पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर रामटहल चौधरी ने कहा कि मेला सभी संप्रदाय को आपस मे जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। मेला में रामगढ़, हजारीबाग, चतरा, लातेहार, लोहरदगा के अलावा चान्हो, मांडर, खलारी, कांके, रातू और ओरमांझी आदि जगहों के हजारों लोग शामिल हुए। मेला में आयोजन समिति की ओर से नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसका लोगों ने देर शाम तक लुत्फ उठाया। दूसरी ओर, मेला में पहुंचे लोगों ने घरेलू उपकरणों, कृषि यंत्रों, ईख, मिठाई की जमकर खरीदारी की। वहीं, मेला में सुरक्षा व्यवस्था की कमान थाना प्रभारी रितेश कुमार महतो सशस्त्र बलों के साथ संभाले रहे। वहीं, मेला के आयोजन में मेला समिति के सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

# प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपाइयों ने दी आदित्य साहू को बधाई



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू को झारखंड भाजपा का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। नामकुम बाजार में प्रदेश किसान मोर्चा प्रवक्ता सह सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने उन्हें चुनरी ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी। कहा कि शीर्ष केंद्रीय नेतृत्व का यह फैसला झारखंड भाजपा के हित में दूरगामी असर करेगा। प्रो आदित्य साहू जो निचले संगठन से लेकर अब तक का सफर जमीन से जुड़कर किये है। उनके पास व्यापक राजनीतिक अनुभव है और उनके नेतृत्व में झारखंड भाजपा को मजबूती मिलेगी। दूसरी ओर भाजपा टाटीसिलवे के पूर्व मंडल अध्यक्ष गाजू महतो और पूर्व महामंत्री सरयुग प्रसाद ने प्रो आदित्य साहू को बधाई देते हुए संयुक्त रुप से कहा कि आदित्य साहू भाजपा संगठन में लंबे समय से सक्रिय रहे है। जो कार्यकारी अध्यक्ष के रुप में झारखंड भाजपा को उंचाईयों तक ले जाएंगे। वहीं, बधाई देने वालों में भाजपा रांची जिला ग्रामीण मंत्री संजीत सिंह, टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, भाजयुमो अध्यक्ष सत्यजीत सिंह, व्यवसायी विनोद अग्रवाल, मीडिया प्रभारी प्रशांत किशोर, अमित कुमार मिश्रा, गिरधर मिश्रा, हलधर मिश्रा, अरविंद महतो, नूतन पाहन, कुंदन कुमार, राणा दिनकर सिंह, सुरेंद्र ठाकुर आदि लोग शामिल है।

# सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने में मदद करें अधिकारी : शिल्पी नेहा तिर्की

**इटकी (आजाद सिपाही)।** राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शनिवार को इटकी स्वास्थ्य उपकेन्द्र परिसर में शनिवार को हेल्थ यूनिट और मौसी बाड़ी स्थित आंगन बाड़ी केन्द्र भवन निर्माण कार्य का शिलन्यास किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की इन योजनाओं को जल्द लागू कर ग्रामीणों को लाभ पहुंचायें। इस कार्य में कोताही ना बरते। वहीं, बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से हेल्थ यूनिट करीब 51 लाख रुपये और आगनवाड़ी केंद्र भवन 11 लाख रुपये की लागत से बनायी जायेगी। इस मौके पर सीओ मो अनीस, ड़ रूपम कुमारी, रमेश महली, अबू माज, शिशु गोप के अलावा स्वास्थ्य सहिया, आगनबाड़ी सेविकायें आदि उपस्थित रहीं।



हेल्थ यूनिट और आंगन बाड़ी केंद्र भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास करती मंत्री शिल्पी।

# लगातार बारिश ने तोड़ी बेड़ो के किसानों की कमर

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों किसान विगत तीन दिनों से रुक रुक कर हो रही बारिश से बबार्दी की कगार पर पहुंच गये हैं। बारिश से प्रखंड क्षेत्र के लोगों का जनजीवन काफी प्रभावित हुआ है। वहीं, किसानों की टमाटर और लतर वाली सब्जी, खेतों में लगी फ्रेंचबीन, आलू और मटर के बीज नष्ट हो गये हैं। यह देख किसान हताश, निराश और परेशान हैं। जबकि इस साल धान की फसल को लेकर शुरूआत में किसानों में काफी उत्साह देखा गया था। प्रखंड के कई किसान दूसरी बार धान बीज बोआई किये थे। वहीं जिन किसानों ने पहले धान बीज की बोआई की थी, उन्हें नुकसान उठाना पड़ है। किसानों का कहना है कि लगातार वर्षा के कारण खेतों की जुताई और तैयारी का कार्य बाधित हो गया है। कई जगहों पर खेतों में अत्यधिक नमी होने से ट्रैक्टर और हल बैल चलाना मुश्किल हो गया है। किसान मित्र ब्रजेश महतो और पवन कुमार ने बताया कि अगर इसी तरह वर्ष होती रही तो आलू और मटर की खेती समय पर तैयार नहीं हो पाएगी। वहीं, धान की फसल पर भी इसका सीधा असर पड़ेगा। बतातें चलें कि विगत 21 मार्च को हुई ओलावृष्टि से किसान अब तक उबर नहीं पाये हैं। उन्हें एक बार फिर लगातार भारी वर्षा के कारण फसलों के बर्बाद होने की चिंता सताने लगी है। किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## रातू से बाइक चोरी

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के विवेकानंद रवि स्टील निवासी राजेश यादव की बाइक चोरों ने चोरी कर ली। इस बाबत रातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। भुक्तभोगी ने बताया कि उसने अपनी बाउंड्री में रात को बाईक खड़ी कर सोने चला गया। सुबह नींद खुली तो बाईक वहां से चोरी हो गयी थी। दूसरी ओर, क्षेत्र के कटहल मोड़ से गुरुवार को ही चोरों ने एक अन्य बाइक चोरी कर ली। पता चला है कि भुक्तभोगी रांची के बरियातू निवासी अजीजुर रहमान गुरुवार की शाम रावण दहन देखने कटहल मोड़ गये थे। रावण दहन के बाद जब वापस लौटे तो बाइक गायब पाया।

## नेत्र जांच शिवर आज

**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के फुटकलटोली स्थित जामिया हज्जन समीरन लीलबनात में रविवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित होगा। अलकमर एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से आयोजित इस नेत्र जांच शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ हर्षिता मिश्रा और डॉ साहिल कुमार मौजूद होंगे।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत

**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मक्का गांव में तलाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गयी। उसकी पहचान बुढ़मू निवासी कामेश्वर साहू उर्फ कोका (25) के रूप में हुई है। ग्रामीणों की मानें तो मृतक कामेश्वर साहू दो अक्टूबर को थाना क्षेत्र के मक्का गांव में लगने वाले गांधी जतरा (मेला) देखने गया था। पर वहां से वापस नहीं लौटा। घरवालों ने सोचा कि वह दो-चार दिनों के लिए किसी परिचित के यहां घुसने चला गया है। इसी सोच के कारण उन लोगों ने थाने में गुमसुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज नहीं करायी। पर इसी बीच शनिवार को उसका शव पाये जाने पर स्थानीय लोगों ने बुढ़मू पुलिस को इसकी सूचना दी। बताया कि किसी युवक का शव तालाब में तैर रहा है। खबर पाते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी और तालाब से शव को बाहर निकलवाया। जहां उसकी पहचान बुढ़मू निवासी कामेश्वर साहू के रूप में की गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी रितेश कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के स्पष्ट कारणों का खुलासा हो सकेगा। बतातें चलें कि मृतक कामेश्वर साहू मुख बधिर था। वह सुन भी नहीं सकता था।

## राढ़हा गांव में ग्रामीणों की उपेक्षा कर अवांछित स्थल में हो रहा सड़क निर्माण

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** भ्रष्टाचार और लापरवाही के लिए अक्सर सुर्खियों में रहने वाले कांके प्रखंड इस बार सड़क निर्माण को लेकर सवालों के घेरे में है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रखंड विकास कार्यकाल के कर्मचारी मनमर्जी से काम कराते हैं। यदि किसी का प्रखंड कार्यालय के बाबू से अच्छा तालमेल है, तो उसके लिए सरकारी पैसे से अपने घर के पास जरूरत नहीं रहने पर भी सुविधाएं ले लेते हैं। वहीं, दूसरी ओर आम ग्रामीण और किसान आजादी के 75 वर्ष बाद भी सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं की बांट जोह रहे हैं। हाल ही में प्रखंड क्षेत्र में एक सड़क का निर्माण विशेष व्यक्ति के लिए करवा दिया गया, जबकि बाकी इलाके के किसान जर्जर सड़कों पर चलने को मजबूर हैं। गांवों की कई सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे और जलजमाव की समस्या है, जिससे किसानों को खेतों से सब्जियां ढोने में भारी दिक्कत होती है। छात्रों को स्कूल जाने और दिहाड़ी मजदूरों को रोजगार के लिए बाहर जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। सड़क में बने गड्ढों में जलजमाव ई बार जानलेवा साबित हो रही है। कई बार तो गड्ढों में गिरकर सब्जी की फसल खराब हो जाती है, जिसे बाजार दर से कम मूल्य में बेचना मजबूरी बन जा रहा है। ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिनिधियों से सड़क निर्माण की मांग की, लेकिन अब तक किसी ने पहल नहीं की। इससे गरीब किसानों में आक्रोश है और लोग प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं।

**कांग्रेस का संगठन सृजन सह पंचायत प्रतिनिधियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम**

# कार्यकर्ता एकजुट होकर कांग्रेस की संगठनात्मक ताकत को ग्रामीण स्तर पर और अधिक सुदृढ़ बनायें : राजेश कच्छप

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** कांग्रेस का संगठन सृजन सह पंचायत प्रतिनिधियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को अनगड़ा प्रखंड के हरातू में गेतलसूद बांध नहर गेट समीप स्थित एज्म एम्बा रेस्टोरेंट के पास की गई। जिसमें प्रमाण पत्र वितरण किया गया। संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत सात ग्राम पंचायतों सिरका, गेतलसूद, बीसा, हेसातू, हरातू, नवागढ़ और कुच्चू के नवनिर्वाचित पंचायत पदाधिकारी शामिल हुए, जिनके बीच प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इसका उद्देश्य स्थानीय नेतृत्व को सशक्त बनाना और ग्रामीण विकास को गति प्रदान करना था। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप उपस्थित रहे। जिन्होंने सभी पंचायत अध्यक्षों और नवनियुक्त पंचायत समिति के सदस्यों से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर कांग्रेस की संगठनात्मक ताकत को ग्रामीण स्तर पर और अधिक सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास करें, ताकि ग्राम स्वराज की परिकल्पना को साकार करते हुए क्षेत्र में समग्र विकास और सामाजिक उत्थान सुनिश्चित किया जा सके। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष एतवा उरांव, मंडल अध्यक्ष पश्चिमी रेजाक अंसारी, पूर्वी योगेंद्रर बेदिया, महिला अध्यक्ष सरिता देवी, जिला महासचिव श्रवण कुमार मुण्डा, दीपा उरांव, शिवदास गोस्वामी, प्रखण्ड़ महासचिव साकिर अंसारी, छोटेलाल महतो, संजय नायक, अजय करमाली, अजय उरांव, फारूक खान, साफिक खान, भोला करमाली, समीम खान, बालेश्वर बेदिया, तिवारी भोगता, अशोक बेदिया, नायूम अंसारी, रणवीर कुजूर, आशीष मुण्डा, फाल्गुनी शाही मुण्डा, शीला देवी, देवकी देवी, सविता देवी, यूनुस अंसारी, रोहित नायक, गणेश भोगता, पुशुवा लोहरा, गोपाल करमाली, नटराज उरांव, किशोर मुण्डा, भरत मुण्डा, मनीराम नायक, दशरत पाहन, बबलू राम आदि उपस्थित रहे।



## रातू में होमगार्ड जवान को ऑटो ने कुचला

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के काठीटांड़ चौक में यातायात व्यवस्था संभाल रहे होमगार्ड के जवान मुकेश यादव को ऑटो चालक चटकपुर निवासी विजय कुमार ने कुचलकर जान से मारने का प्रयास किया। घटना गुरुवार रात की बतायी जा रही है। इसे लेकर होमगार्ड मुकेश यादव ने रातू थाने में चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। जानकारी अनुसार दुर्गापूजा को लेकर होमगार्ड का जवान मुकेश यादव रात को रातू के काठीटांड में यातायात व्यवस्था में तैनात था। इसी बीच चालक विजय कुमार ने रोड चौक में ऑटो खड़ा कर दिया। ऑटो में चालक की पत्नी भी बैठी थी। रास्ते में ऑटो खड़ा होने से यातयात बाधित हो रहा था। यह देख ड्यूटी में तैनात होमगार्ड ने जब ऑटो को हटाने के लिए कहा, तो दोनों पति-पत्नी ने पहले होमगार्ड जवान के साथ कथित रूप से गाली गलौज क्की। इसके बाद चालक ने उसके ऊपर ऑटो चढ़ा दिया, जिससे वह घायल हो गये। उधर, थाने में शिकायत के बाद पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर हुई चर्चा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को बीडीओ दिनेश कुमार की अध्यक्षता में बीएलओ कर्मियों की बैठक हुई। जिसमें आगामी मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बीडीओ ने वर्ष 2003 की बूथ सूची में दर्ज इंगित नंबर, सीरियल नंबर और मतदाताओं के नाम को वर्ष 2025 की मतदाता सूची से मिलान करने का निर्देश दिया। कहा कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं को ए ग्रेड श्रेणी में शामिल कर अद्यतन रिपोर्ट तैयार की जाए, ताकि पुराने एवं वर्तमान मतदाताओं का सटीक मिलान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सभी बीएलओ कर्मियों से कहा कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निर्धारित समय सीमा के भीतर रिपोर्ट जमा करें। यह भी स्पष्ट किया कि मतदाता सूची की शुद्धता लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव है। इसलिए हर बीएलओ को अपने क्षेत्र के प्रत्येक मतदाता की जानकारी सावधानीपूर्वक जांचनी चाहिए। इस दौरान पर्यवेक्षक अधिकारियों ने भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और बीएलओ कर्मियों से आपसी समन्वय बनाए रखने की अपील की। इस मौके पर बीपीआरओ शंकर साहू, निर्वाचन कंप्यूटर ऑपरेटर ज्योतिलाल महतो आदि उपस्थित थे।

# लगातार बारिश से फसलों को नुकसान, किसानों की बढ़ी चिंता



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला में हो रही लगातार बारिश से फसलों को नुकसान हो रहा है। धान की फसलों में बाली लग चुकी है। कई खेतों में धान पकने भी लगे हैं। पर लगातार बारिश से पके धान को नुकसान हो रहा है। जिसे लेकर किसान चिंतित हैं। शनिवार की सुबह 8 बजे किसानों ने बताया प्रत्येक वर्ष धान की फसल करते हैं। तब साल भर खाते हैं। लेकिन मौसम की मार के कारण इस बार मजदूरी के लिए पलायन करना होगा। क्योंकि मूंगफली, उड़द एवं अन्य फसलों की खेती भी चौपट हो गई। सिर्फ किसान कुछ खेतों में मडवा की खेती किये हैं। उसमें भी लगातार बारिश के चलते कीड़े पड़ रहे हैं। बारिश के कारण कीटनाशक का छिड़काव भी धान एवं अन्य फसलों में नहीं हो पा रहा है। कई किसानों ने बताया कि धान की फसल पीली हो गयी है। जिले में उर्वरक की कालाबाजारी के कारण धान की फसल में उर्वरक नहीं दे पाए। सरकारी स्तर से भी कोई मदद नहीं मिली। पूंजीपति किसान ब्लैक में यूरिया खरीद लिए, जिससे उनका काम चल गया। पर गरीब किसानों के पास उतने पैसे नहीं थे कि ब्लैक में खाद खरीद सके। कहा कि इस बार सब्जी एवं फसलों की कीमत में भारी वृद्धि हो रही है। आगे और भी दाम बढ़ने की संभावना है क्योंकि फसल बर्बाद हो रहे हैं। टमाटर की खेती करने वाले किसानों ने बताया कि पूरा टमाटर खेत में ही सड़ गए हैं।

# इटकीरी, सरांगो, लपसर होते सेरेंगदाग तक जर्जर सड़क निर्माण के लिए गांव का सघन दौरा छह को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल और बॉक्साइट माइन्स रैयत मजदूर समिति के तत्वाधान में ईटकीरी, सरांगो, लपसर गांव होते सेरेंगदाग तक और आदर से विमरला माइंस तक की अति जर्जर हो चुकी सड़क निर्माण को लेकर छह अक्टूबर को ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह प्रभावित गांव का दौरा करेंगे। इस दौरान ग्रामीणों से बातचीत भी करेंगें। ग्रामीणों द्वारा छेड़ी गई सड़क निर्माण की मांग को गति देने का प्रयास करेंगें। विदित हो कि पार्टी नेता विजय सिंह की अगुवाई में बीते 2007-2008 वर्ष के आसपास चरणबद्ध आंदोलन सड़क निर्माण और हिंडाल्को कंपनी द्वारा माइंस क्षेत्र में बुनियादी सुविधा की बहाली को लेकर शुरू की गई थी। उस वक़्त हिंडाल्को कंपनी ने ईटकीरी से लपसर होते सेरंगदाग तक सड़क की मरम्मति सफेद मोरम डाला था और सड़क को समतल बनाया था, लेकिन कुछ दिनों के बाद हिंडाल्को कंपनी ने सड़क की मरम्मति कार्य करना बंद कर दिया। जिससे सड़क अति जर्जर हो गई और ग्रामीणों का चलना फिरना मुश्किल हो गया है। इसके बाद पक्की सड़क का निर्माण और आवागमन का साधन ग्रामीणों के लिए सुलभ बनाने के उद्देश्य के साथ विजय सिंह का दौरा कार्यक्रम तय किया गया है। झारखंड नवनिर्माण दल एवं बॉक्साइट माइन्स रैयत मजदूर समिति ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि सड़क निर्माण के लिए ग्रामीण एकजुट हो रहे हैं। अपनी एकजुटता को और भी मजबूत बनाने की आवश्यकता पर ध्यान देने की जरूरत बताई।

# नम आंखों से मां दुर्गा को दी गयी अंतिम विदाई

**विशुनपुरा/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र और विजयादशमी का पर्व मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के साथ ही शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। प्रखंड के विभिन्न पूजा समितियों ने विधि-विधान से माता की आरती उतारकर, खोइछा भरकर अंतिम विदाई दी। महिला श्रद्धालुओं ने मां को बेटी की तरह विदाई दी, जिससे पूरा माहौल भावुक और भक्ति भाव से परिपूर्ण हो गया। न्यू यंग मैन ग्रुप, पुरानी बाजार की ओर से निकाले गए जुलूस में सैकड़ों महिला श्रद्धालुओं की भागीदारी रही। वहीं, पुरानी बाजार से आरंभ हुई प्रतिमा विसर्जन यात्रा गांधी चौक, अपर बाजार, लाल चौक और विष्णु मंदिर रोड होते हुए लगभग तीन किलोमीटर की दूरी तय कर नगदी जलाशय पहुंची। मार्ग में मां की प्रतिमा पर लगातार फूलों की बारिश की जा रही थी। पूजा कमेटी के अध्यक्ष राजेश सोनी ने कहा कि हम पूर्वजों की परंपरा को निभाते हुए मां की प्रतिमा को कंधों पर लेकर विसर्जन करते हैं। उधर, मुख्यालय के साथ ही प्रखंड के कोचेया, संध्या, पोखरा चौक, अपर बाजार, पिपरी, अमहर, सोनडीहा, जतपुरा, सरांग, पतिहारी, चितरी सहित कई गांवों से भी प्रतिमा विसर्जन यात्रा निकली। बारिस और थकान के बावजूद ढोल-नगाड़ों एवं भक्ति गीतों की थाप पर श्रद्धालु झूमते रहे। उधर, पूरे कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए थाना प्रभारी राहुल सिंह के नेतृत्व में चौक-चौराहों सहित संवेदनशील जगहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

### भरनो में आयोजित आंचल दिवस में मिले 119 आवेदन, 81 का मौके पर ही समाधान

# त्वरित गति से होगा अंचल संबंधित समस्याओं का समाधान : उपायुक्त

- खुद सुनी आवेदकों की समस्याएं, दिया आश्वासन
- कहा : अंचल संबंधित समस्याओं को लेकर नागरिक पहले अंचल कार्यालय जायें, यदि समाधान अंचल स्तर पर नहीं होगा तो जिला स्तर पर लिया जाएगा एक्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



अंचल दिवस कार्यक्रम में व्यक्ति को सर्टिफिकेट देतीं डीसी प्रेरणा दीक्षित।

**गुमला।** जिला में प्रत्येक शनिवार को संचालित अंचल दिवस कार्यक्रम के तहत भरनो प्रखंड मुख्यालय परिसर में अंचल दिवस का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त (डीसी) प्रेरणा दीक्षित ने की। उनके नेतृत्व में आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। इस दौरान अपर समाहर्ता, संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, संबंधित भूमि सुधार उपसमाहर्ता, भरनो बीडीओ और सीओ सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान डीसी ने नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी शिकायतों और आवश्यकताओं को सुना एवं संबंधित विभागों को यथाशीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया। अंचल दिवस पर कुल 119 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 81 आवेदनों का मौके पर निष्पादन किया गया। जबकि शेष आवेदनों में से तीन आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर विस्तृत जांच के लिए निर्देशित किया गया है। वहीं, डीसी के जन शिकायत दिवस से मिले 12 आवेदनों में से 9 का तुरंत निष्पादन हुआ और तीन आवेदनों की जांच का आदेश दिया गया। भूमि सत्यापन संबंधित मिला चार आवेदनों का भी समाधान किया गया। जाति प्रमाण-पत्र के 25, आय प्रमाण-पत्र के 23 और आवासीय प्रमाण-पत्र के 18 प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया। कृषि ऋण से संबंधित दो आवेदनों का भी निपटारा किया गया है। अन्य श्रेणियों जैसे पंजी-दो सुधार, दाखिल-खारिज, पारिवारिक सदस्यता, भूमि विवाद, परिमेशन एवं विविध प्रकरणों पर प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान मौके पर पारिवारिक सदस्यता एवं दाखिल खारिज शुद्धिपत्र के 17 प्रमाण पत्रों का वितरण मौके पर ही किया गया। डीसी ने कहा कि अंचल दिवस का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को उनके प्रखंड स्तर पर त्वरित, पारदर्शी एवं निष्पक्ष सेवा प्रदान करना है। अंचल संबंधित मुख्य समस्याओं सहित, आय, जाति, आवासीय प्रमाण-पत्र जैसे नागरिक सेवाओं के आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील की कि अंचल संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के लिए नागरिक अपने नजदीकी अंचल कार्यालय से सर्वप्रथम समन्वय स्थापित करें। अंचल अधिकारी से पहले मिले। यदि वहां कार्य नहीं होता है तो डीसी के जन शिकायत निवारण दिवस में जिला कार्यालय अवश्य आएं समाधान सुनिश्चित रूप से किया जाएगा। पर नागरिक सबसे पहले अंचल अधिकारी से ही मिलना सुनिश्चित करेंगे। डीसी ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे भविष्योन्मुखी सोच के साथ अपनी समस्याएं अंचल दिवस पर साझा करें और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। कहा कि पारदर्शिता, जवाबदेही और सक्रिय पहल से ही प्रशासन और जनमानस के बीच विश्वास की भावना और मजबूत की जा सकती है। बतातें चलें कि अगला अंचल दिवस 11 अक्टूबर को बसिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आयोजित होगा। जिसमें सभी नागरिकों से अपने अंचल संबंधी समस्याओं एवं शिकायतों के समाधान के लिए कार्यक्रम में उपस्थित होकर अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया गया है।

# विजयादशमी असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है : सुखदेव भगत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम में विजयादशमी के अवसर पर भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों श्रद्धालु एवं आमजन उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम के लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इनके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में गुमला एसपी हारीश बिन जमां मौजूद रहे। दोनों अतिथियों ने संयुक्त रूप से विशालकाय रावण के पुतले का दहन किया। इसके साथ ही मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतलों का भी दहन किया गया। इस मौके पर राउरकेला से आई प्रशिक्षित टीम ने आतिशबाजी का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि विजयादशमी असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। यह पर्व हमें सिखाता है कि चाहे बुराई कितनी भी प्रबल क्यों न हो, अंततः अच्छाई की ही जीत होती है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें और समाज को आगे बढ़ाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। वहीं गुमला एसपी हारीश बिन जमां ने कहा कि दशहरा समाज को एकजुट करने वाला पर्व है। रावण दहन हमें यह संदेश देता है कि हर व्यक्ति को अपने भीतर की बुराइयों–अहंकार, क्रोध और लोभ–को समाप्त करना चाहिए। उन्होंने जिलेवासियों को आश्वस्त किया कि त्योहारों के दौरान पुलिस प्रशासन हर स्तर पर शांति व सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्पर है।

# जमीन पर सोयी वृद्ध महिला को सांप ने काटा, इलाज के क्रम में अस्पताल में मौत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बसईर टोली में सांप के काटने से 60 वर्षीय एक वृद्ध महिला की मौत हो गयी। उसकी पहचान रामावती देवी के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक रमादेवी अपने घर में जमीन पर सोयी थी। शुक्रवार की देर रात करीब दो बजे सांप के काटने पर वह चीखने-चिल्लाने लगी। शोर सुनकर पति नींद से जागा और पत्नी के पास पहुंचा, तो उसने बताया की एक सांप ने उसे हाथ में काट लिया है। लेकिन काफी ढूंढने पर भी सांप नहीं मिला। शनिवार की सुबह होने के बाद पति गांव के ही एक व्यक्ति को बुलाकर लाया। उसने जड़ी बूटी का घोल बनाकर महिला को पिलाया। इसके बाद सुबह 9 बजे महिला को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां हालत खराब होता देख उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। दोपहर 12 बजे सदर अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टर ने इलाज शुरू किया, लेकिन इलाज के क्रम में महिला की मौत हो गई। हालांकि मृतका के पति देवतू रौतिया और पुत्र सोहन रौतिया शव का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाह रहे थे, लेकिन अस्पताल कर्मियों के काफी समझाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए तैयार हुए। उधर, घटना की सूचना पाकर गुमला थाना के एसआई विनय कुमार महतो सदर अस्पताल पहुंचे और शव का पंचनामा किया, जिसके बाद शव का पोस्टमार्टम हुआ और परिजन उसे अपने घर लेकर गए।

# मृतक महिला के परिजनों से मिले कांग्रेसी नेता, दिया आर्थिक मदद



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिलाध्यक्ष असंगठित कामगार कांग्रेस सह 20 सूत्री सदस्य मुख्तार आलम ने कहा कि ग्रामीणों ने जानकारी दी कि चैनपुर प्रखंड के बसैरटोली ग्राम में अपने घर में सो रही रामवती देवी को एक जहरीले सांप ने काट लिया। परिजन अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़ फूंक कराने में लग गए, जिसमें समय बीत गया और उसकी स्थिति नाजुक हो गयी। इसके बाद परिजन आनन-फानन में उसे गुमला सदर अस्पताल ले गये, जहां इलाज शुरू होने के कुछ घंटों के बाद ही रामवती देवी ने दम तोड़ दिया। इसकी खबर पाकर अस्पताल पहुंचे मुख्तार आलम ने परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इसके बाद मृतक का पोस्टमार्टम करवाने में मदद करने के साथ ही परिजनों को आर्थिक सहायता भी दिया। कहा कि सांप काटने के बाद किसी के बहकावे में आकर झाड़ फूंक के चक्कर में ना पड़े। तुरंत अस्पताल ले जायें।

### चिन्हित 616 ग्रामों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

# 77.96 % जनजातीय आबादी के विकास को लेकर ठोस पहल

- ग्रामीणों की भागीदारी से योजनाओं को त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का प्रयास

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** केंद्र एवं राज्य सरकार के निर्देश पर गुमला जिले में 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक आदि कर्मयोगी अभियान के तहत व्यापक स्तर पर ग्राम सभा का आयोजन कर 616 चिन्हित ग्रामों में ग्रामीण सहभागिता से विकास योजनाओं की समीक्षा एवं क्रियान्वयन का नया अध्याय शुरू किया गया। इस अवसर पर सभी जिले के 12 प्रखंडों के जनजातीय बहुल गांवों में कुल एक लाख 31 हजार 915 परिवारों को शामिल करते हुए ग्राम सभा आयोजित हुई जिसमें कुल जनसंख्या सात लाख 24 हजार 812 रही। इनमें से 565,099 (77.96%) एसटी वर्ग से संबद्ध हैं। ग्राम सभाओं में विजन 2030 के तहत ग्रामीण आजीविका, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, स्वच्छता, पोषण, किसान कल्याण जैसे विषयों पर गहन चर्चा की गई। अधिकारियों द्वारा योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ लेने की प्रक्रिया, पारदर्शिता और सामुदायिक सहभागिता पर विशेष बल दिया गया। ब्लॉकवार विवरण में घाघरा, गुमला, बिशुनपुर, डुमरी, चैनपुर आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं जहां विकास कार्यों के लिए ठोस योजनाएं बनाई गईं। जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि डीसी प्रेरणा दीक्षित के मार्गदर्शन से तैयार किए गए विलेज एक्शन प्लान को आगे ब्लॉक एवं जिला स्तरीय योजना के रूप में सम्मिलित कर क्रियान्वित किया जाएगा। कहा कि प्रशासन की ओर से चलाए गए जागरूकता अभियान से आदिवासी समुदाय में नई चेतना और अधिकारों को लेकर जागरूकता आई है। ग्राम सभाओं में ग्रामीणों की समस्याएं, सुझाव एवं उनके समाधान पर गंभीरता से विचार किया गया। जन जागरूकता एवं भागीदारी से ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका, स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, स्वच्छता एवं किसान कल्याण की योजनाओं को तेज गति से लागू करने की दिशा में ठोस कार्य किए जा रहे हैं। ग्रामीणों को उनके अधिकारों की जानकारी देकर उन्हें साझीदार बनाना ही अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.**

**e-Procurement Tender Notice**
**Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-14/2025-26**
**Letter no - 962** **Date:- 04.10.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check Dam on Mangradhara Nala Block- Chouparan, District- Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs.- 42,90,500.00 |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 17.10.2025 at 1:00 P.M (e-Procurement Portal- http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 01.11.2025 up to 5:00 P.M |
| 6. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 01.11.2025 up to 5:00 P.M |
| 7. | Date of opening of e-Tender | 03.11.2025 at 03:00 P.M |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 9. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-270485 |
| 10. | E-mail of e- Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |

**Note:- 1).** Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
**2).** Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhand tenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division, Hazaribag.**
PR.NO.363260 Minor Irrigation(25-26):D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.**

**e-Procurement Tender Notice**
**Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-13/2025-26**
**Letter no - 961** **Date:- 04.10.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check Dam on Purwari River Block- Chouparan, District- Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs.- 92,75,300.00 |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 17.10.2025 at 1:00 P.M (e-Procurement Portal- http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 01.11.2025 up to 5:00 P.M |
| 6. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 01.11.2025 up to 5:00 P.M |
| 7. | Date of opening of e-Tender | 03.11.2025 at 03:00 P.M |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 9. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-270485 |
| 10. | E-mail of e- Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |

Note:- 1). Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
2). Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division, Hazaribag.**
**PR 363258 Minor Irrigation(25-26)#D**

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.**

**e-Procurement Tender Notice**
**Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-10/2025-26**
**Letter no - 958** **Date:- 04.10.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check Dam on Sotiya River, Block- Padma, District- Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs.- 1,22,33,400.00 |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 17.10.2025 at 1:00 P.M (e-Procurement Portal- http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 01.11.2025 up to 5:00 P.M |
| 6. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 01.11.2025 up to 5:00 P.M |
| 7. | Date of opening of e-Tender | 03.11.2025 at 03:00 P.M |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 9. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-270485 |
| 10. | E-mail of e- Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |

Note:- 1). Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
2). Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division, Hazaribag.**
**PR 363254 Minor Irrigation(25-26)#D**

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 05 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in


# 12 किलो गांजा और दस पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार

**बोकारो पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गांजा खरीद बिक्री में संलिप्त अन्य अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है**

अनिल चौधरी



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को भारी मात्रा में गांजा और ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य सरगना भी शामिल बताया जा रहा है। इनके पास से 12 किलो के आस पास गांजा और 10 पुड़िया ब्राउन शुगर को जब्त किया है।

प्रेस वार्ता में जिला कप्तान हरविंदर सिंह ने बताया कि जमशेदपुर से यह लोग माल लाते हैं। उन्होंने कहा कि पुराने केसों में यह लोग उड़ीसा और जमशेदपुर से माल लाकर खपाने का काम करते हैं। जिला कप्तान हरविंदर सिंह ने बताया कि सूचना मिली कि सिजुआ तालाब के पास दो लड़कों के द्वारा एक मोटरसाईकिल खड़ा कर गांजा एवं ब्राउन सुगर का पुड़िया बनाकर बेचा जा रहा है। कार्रवाई हेतू पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय, बोकारो के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल त्वरित कार्रवाई करते हुए माल सहित 2 लोगों को धर दबोचा और फिर उनके पास से 1 किलो 540 ग्राम गांजा और नगदी 850 रुपये और 10 पुड़िया ब्राउन शुगर को जब्त किया। पकड़े गये लोगों के निशानदेही पर बारी कॉपरेटिव कॉलोनी के रहने वाले अनिरूद्ध साव के घर पर पुलिस ने छापेमारी कर 10 किलो 400 गांजा और नगद 7 हजार 939 रुपया को जब्त किया है। पुलिस ने इस धंधे में शामिल 3 लोगों को गिरफ्तार करते हुए शनिवार को जेल भेज दिया। बोकारो पुलिस अधीक्षक की माने तो इनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं हैं लेकिन गांजा खरीद बिक्री में संलिप्त अन्य अपराधियों के गिरफ्तारी हेतु छापामारी किया जा रहा है।

**छापामारी दल में शामिल :** पुनि नवीन कुमार सिंह, थाना प्रभारी, बालीडीह थाना, बोकारो, पुनि सुभाष सिंह, थाना प्रभारी, सेक्टर 12 थाना, बोकारो, शशिकांत ठाकुर, बालीडीह थाना, जितेंद्र कु० यादव, बालीडीह थाना, वीरमणि कुमार, बालीडीह थाना, अजय कुमार राय, बालीडीह थाना, अविनाश कुमार गौतम, बालीडीह थाना, चंद्रदेव कुमार, बालीडीह थाना, फागूराम उरांव, बालीडीह थाना, पु०अ०नि० गुरुचरण किस्कू, सेक्टर 12 थाना, आरक्षी-1422, उमेश कु० सिंह, 503-लालदेव मोची, आ0-496 मरियानुस जोजो आदी शामिल थे।

### अपराधकर्मियों के पास से बरामद सामान

पुलिस ने इलेक्ट्रिक तराजू 02 अदद, हुंडई वेन्यू कार न०-JH09BA-0801, बिना नंबर के मोटरसाईकिल-01, मोबाईल 03 पीस, काला पॉलिथिन-450 ग्राम छोटा प्लाष्टिक का रैपर-1:200 बिड नगद-8789 रुपये सहित अन्य सामान को जब्त किया है।

### गिरफ्तार अपराधकर्मियों के नाम

अनिरुद्ध साह उर्फ हित, उम्र 47 वर्ष, सा०-बारी कॉपरेटिव, प्लॉट नं0-54, थाना सेक्टर 12, जिला-बोकारो, मो० फैज अकरम उर्फ बॉबी, उम्र 25 वर्ष, पे० मो० फिरोज अंसारी, सा० गौस नगर, मखदुमपुर थाना-बालीडीह, जिला बोकारो, मो० मतलुब आलम, उम्र 23 वर्ष, पे०-महताब आलम, सा० गौस नगर, मखदुमपुर थाना-बालीडीह को गिरफ्तार किया गया।

# आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रभारी शिव चरण ने अरविंद केजरीवाल से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रभारी शिव चरण गोयल ने पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान गोयल ने झारखंड की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों और प्रदेश में पार्टी द्वारा संचालित गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने झारखंड में आम आदमी पार्टी के संगठनात्मक ढांचे, सदस्यता अभियान, तथा आगामी रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि आगामी 12-13 अक्टूबर को रांची में आम आदमी पार्टी झारखंड के नवनियुक्त पदाधिकारियों और सक्रिय कार्यकताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होगा। राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने झारखंड की राजनीति के हालात और जनता की अपेक्षाओं पर जानकारी ली तथा प्रदेश स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने भरोसा जताया कि झारखंड में आम आदमी पार्टी जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठायेगी और स्वच्छ राजनीति की नयी राह दिखायेगी। यह मुलाकात झारखंड में पार्टी के लिए आने वाले समय में महत्वपूर्ण रणनीतिक बदलाव और जनसंपर्क कार्यक्रमों की दिशा तय करने वाली साबित हो सकती है। यह जानकारी आम आदमी पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश ने दी है।10

# बोकारो: तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

**उपायुक्त अजय नाथ झा, एसी मो. मुमताज, एनडीसी प्रभाष दत्ता, न्यायिक पदाधिकारी ने पौधा देकर किया स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अप्रेश कुमार सिंह का देवघर से रांची की यात्रा के दौरान शनिवार को पेटरवार गेस्ट हाउस में कुछ समय के लिए ठहराव हुआ। इस अवसर पर पुलिस जवानों द्वारा मुख्य न्यायाधीश को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्य न्यायाधीश का स्वागत उपायुक्त अजय नाथ झा, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, एनडीसी प्रभाष दत्ता, डीपीआरओ रवि कुमार तथा तेनुघाट न्यायालय के पदाधिकारियों ने पौधा भेंट कर किया। बताते चलें कि मुख्य न्यायाधीश देवघर से रांची लौटने के क्रम में कुछ समय के लिए पेटरवार गेस्ट हाउस में रुके थे।

## धनबाद डीआरएम ने पाथरडीह यार्ड का किया निरीक्षण




**झरिया/पाथरडीह (आजाद सिपाही)।** धनबाद डीआरएम अखिलेश्वर मिश्रा शनिवार की दोपहर परख यान से पाथरडीह मोहनबाजार स्टेशन पहुंचे। जहां आरआरआई बिल्डिंग का निरीक्षण करते हुए ट्रेनों के आवागमन की जानकारी हासिल की। वहीं अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया। जिसके बाद पाथरडीह मिवान (मोनेट) वाशरी के रेलवे साइडिंग पहुँच रेलवे ट्रेक का मुआयना कर। पाथरडीह मोहनबाजार होते हुए हर्ल सिन्दरी, मर्सलिंग यार्ड व एसीसी के निरीक्षण करने निकल पड़े। बताया जाता हैं कि बतौर डीआरएम श्री मिश्रा का यह पहला दौरा पाथरडीह का था। इस क्रम में उन्होंने अर्ध निर्मित आरआरआई भवन को कायाकल्प करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि आरआरआई बिल्डिंग में रेस्ट रूम बनवाने की बात अधिकारियों से कही जहां चालक व ट्रेन मैनेजर के आराम करने की व्यवस्था की जायेगी। मौके पर एडीआरएम विनीत कुमार, सीनियर डीओएम अंजय तिवारी, पाथरडीह सिवाईएम संजीव कुमार झा, बीके साहू सहित दर्जनों अधिकारी मौजूद थे।

## सीसीएल सीकेएस का एडीओसीएम परियोजना में सुरक्षा और कल्याण समिति के सदस्य ने निरीक्षण किया



**फुसरो(बेरमो) (आजाद सिपाही)।** भारतीय मजदूर संघ से संबंद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ढोरी क्षेत्र के सीसीएल ढ़ोरी के एडीओसीएम परियोजना में सुरक्षा एवं कल्याण समिति के सदस्यों के द्वारा निरीक्षण किया गया। इसमें क्षेत्रीय सेफ्टी सदस्य हीरा लाल रविदास, शाखा के सेफ्टी सदस्य प्रमोद शर्मा, शाखा के कल्याण समिति के सदस्य फुल्ली गोप प्रमुख रूप से थे। निरीक्षण के दौरान संगठन द्वारा परियोजना में अनेकों प्रकार की त्रुटियां मिली। इन त्रुटियां को लेकर संगठन द्वारा प्रबंधन को अवगत कराया गया। जिसमें प्रबंधन की ओर से उपरोक्त सभी विषयों को संज्ञान में लेकर साकारात्मक पहल की। शेष कार्यों में प्रबंधन के द्वारा संगठन को साकारात्मक पहल का आश्वासन दिया गया। क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह तथा अध्यक्ष हीरालाल रविदास ने कहा कि आज एडीओसीएम परियोजना में संगठन के द्वारा सुरक्षा और कल्याण को लेकर निरिक्षण किया गया। इस निरीक्षण में कई छोटी बड़ी खामियां पाई गई। इस पर प्रबंधन के द्वारा सकारात्मक पहल करते हुए तुरंत इन कमियों को दूर करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर परियोजना के अध्यक्ष फुली गोप, परियोजना सुरक्षा सदस्य प्रमोद शर्मा, प्रबंधन की ओर से खान प्रबंधक मुनिनाथ सिंह, कार्मिक प्रबंधक अभिषेक सिन्हा, कमल कुमार उपाध्याय एवं अर्पण गोल्डर उपस्थित रहे।

## एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत शनिवार को कल्याण भवन बीसीसीएल (एचआरडी) जगजीवन नगर में 'स्थान प्रबंधन एवं कार्य-स्थल अनुभव संवर्धन' (स्पेस मैनेजमेंट एंड एन्हान्सिंग वर्कप्लेस एक्सपीरियंस) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोयला भवन मुख्यालय एवं विभिन्न क्षेत्रों के अधिकारियों, लिपिकों एवं पर्यवेक्षकों सहित 60 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व महाप्रबंधक (सतर्कता) बीसीसीएल, केडी प्रसाद बतौर विषय-विशेषज्ञ (फैकल्टी) तथा विशेष अतिथि के रूप में महाप्रबंधक (सीटीपी एवं सुरक्षा) हाफिज़ुल कुरैशी, महाप्रबंधक (प्रशासन) अर्पण घोष तथा महाप्रबंधक (एचआरडी) एके रॉय उपस्थित रहे। अपने संबोधन में केडी प्रसाद ने कहा कि कार्यस्थल का बेहतर प्रबंधन न केवल दक्षता को बढ़ाता है, बल्कि कर्मचारियों के बीच समन्वय, अनुशासन और सकारात्मक कार्य वातावरण को भी सुदृढ़ करता है। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (प्रशासन) अर्पण घोष, महाप्रबंधक (सीटीपी एवं सुरक्षा) हफीजुल कुरैशी तथा महाप्रबंधक (एचआरडी) अनूप कुमार रॉय ने भी अपने विचार साझा किए। अधिकारियों ने इस दौरान कहा कि बीसीसीएल जैसे बड़े संगठन में कार्यस्थल का प्रभावी प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को स्पेस मैनेजमेंट की व्यावहारिक तकनीकों और कार्यस्थल पर अनुभव को सकारात्मक बनाने के उपायों से अवगत कराया गया। एचआरडी में आयोजित इस कार्यशाला के साथ ही बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में भी आज विशेष अभियान 5.0 के तहत अन्य गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम को सफल बनाने में एचआरडी के राधेश्याम दुबे, वरीय प्रबंधक (खनन), उमेश पासवान, वरीय प्रबंधक (उत्खनन) एवं अन्य का विशेष सहयोग रहा। मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन दीपक कुमार, प्रबंधक (खनन) ने किया।

# आग लगने से चार दुकानें जलकर खाक लाखों रुपये के नुकसान की आशंका

**दमकल की पांच गाड़ियों से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका**

आजाद सिपाही संवाददाता



बोकारो के सेक्टर 12 दुंदीबाग बाजार मोड़ समीप दुकान में लगी भीषण आग।

**बोकारो।** सेक्टर 12 दुंदीबाग बाजार मोड़ के समीप दोपहर के 12:30 बजे अचानक एक दुकान में आग लग गयी और आग की तेज लपटें उठने लगी। आग की उठ रहे लपटों को देख कर आस पास के दुकानदार आग बुझाने की कोशिश करने लगे, लेकिन आग भयावह होती गयी, जिसके बाद लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पाकर झारखंड सरकार की 3 दमकल गाड़ी पहुंची, वहीं 2 गाड़ी बीएसएल की पहुंची। 5 दमकल की गाड़ियां आग बुझाने में जुटी रही। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका लेकिन इस आग में 4 दुकान पुरी जलकर राख हो गयी और दुकान में रखा सारा सामान भी जलकर राख हो गया। इस आगलगी में लगभग लाखों रुपये की नुकसान की आशंका जतायी जा रही है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन माना जा रहा है कि आग शॉर्ट शर्किट से कारण लगी है।

### शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी : दुकारदार

इस संबंध में, पीड़ित दुकानदार सुजीत कुमार ने बताया कि उनकी दुकान में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। आग तेजी से फैली और उस पर काबू नहीं पाया जा सका। इस आग से दुकानदारों को काफी नुकसान हुआ है और लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया है।

# नियोजन की मांग को लेकर बाधित किया ट्रांसपोर्टिंग कार्य

**स्थानीय मजदूरों को हटाकर अवैध कोयला चोरी को बढ़ावा देने की साजिश रची गयी है: शैलेंद्र सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** काम से हटाये गये स्थानीय कर्मियों को काम पर रखने को लेकर कुसुंडा क्षेत्र के ऐना आर के अर्थ रिसोर्स प्राइवेट लिमिटेड आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा संचालित ट्रांसपोर्टिंग कार्य को स्थानीय लोगों ने शनिवार को पांच घंटे बाधित कर दिया। वार्ड नंबर 37 के निपार्षद शैलेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में दर्जनों समर्थकों ने आउटसोर्सिंग प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान वाहनों की आवाजाही रोक दी, जिससे परियोजना के अंदर और बाहर जाने वाले वाहनों की लंबी कतार लग गयी।

प्रदर्शनकारी स्थानीय मजदूरों को पुनः काम पर रखने की मांग कर रहे थे। शैलेंद्र सिंह ने कहा कि जब तक स्थानीय हेल्पर और ऑपरेटरों को दोबारा काम पर रख रोजगार नहीं देता, तब तक ट्रांसपोर्टिंग कार्य बाधित रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि आउटसोर्सिंग प्रबंधन ने तीन महीने पहले बिना किसी नोटिस के 130 स्थानीय मजदूरों को काम से हटा दिया, जिससे उन्हें भुखमरी का सामना करना पड़ रहा है। श्री सिंह ने चेतावनी दी है कि यदि प्रबंधन ने नियोजन नहीं दिया तो आंदोलन जारी रहेगा।

घटना की सूचना मिलने पर बोरागढ़ प्रभारी निरंजन कुमार सिंह ने आउटसोर्सिंग कंपनी के प्रबंधक अभिषेक सिंह को बुलाकर वार्ता की, ताकि मामले का समाधान निकाला जा सके। बोरागढ़ प्रभारी निरंजन कुमार सिंह के आश्वासन पर 5 घंटे बाद ट्रांसपोर्टिंग कार्य चालू हुआ। आंदोलन में गुड्डू कुमार, किशन सिंह, कमलेश कुमार, प्रकाश सिंह, राजा कश्यप, विपिन मंडल, जेडी खान, विशाल सिंह, जोगी सिंह, अरुण कुमार, सूरज पासवान, महेश पासवान, विशाल सिंह व अरुण सहित अन्य थे।

# जल जमाव का जल्द होगा समाधान : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**कसमार(बेरमो)।** कसमार प्रखंड अंतर्गत मधुकरपुर पंचायत के पीपल चौक स्थित चेडरी टुंगरी, दुर्गा पहाड़ के अलावे रानीटांड़ इत्यादि जगहों पर जाने के प्रवेश सड़क पर महीनों से जल जमाव का अब जल्द ही समाधान हो जायेगा। उक्त स्थान पर जल जमाव की जानकारी दिये जाने के बाद कसमार प्रखंड विकास पदाधिकारी नम्रता जोशी ने इसको संज्ञान में लेते हुए कहा कि जल जमाव का समाधान जल्द ही किया जायेगा। जैसा कि मालूम हो उक्त जल जमाव वाली स्थान की सड़क से गुजरते हुए पर्यटक चेडरी टुंगरी व दुर्गा पहाड़ तथा जंगलों के साथ नदी-नाला, चट्टानें इत्यादि प्राकृतिक छटा का आनंद लेने प्रति दिन पहुंचते रहते हैं। इसके अलावे मधुकरपुर, दुगार्पुर, बरईकला इन तीनों पंचायत के लोगों का आवागमन भी इसी सड़क के माध्यम से होता है।

**पूर्व में भी की गयी थी शिकायत :** कसमार के तत्कालीन अंचलाधिकारी प्रवीन कुमार को स्थानीय लोगों द्वारा पूर्व में भी इसकी शिकायत की थी, पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया था। इसके अलावे मधुकरपुर पंचायत के मुखिया राजेंद्र महतो को भी लोगों ने इस मामले से अवगत करवाया था, परंतु उनका कहना था कि चूंकि आरईओ का सड़क है जिसमें पंचायत का कोई फंड नहीं लगाया जा सकता है। पिछले दिनों दशहरा के समय चेडरी टुंगरी इत्यादि स्थानों के प्राकृतिक छटा का आनंद लेने गये पर्यटकों में डॉ रामकुमार तिवारी, रितेश रंजन तिवारी, गोवर्धन महतो, प्रयाग, नायक, देवदास ठाकुर, नरसिंह नायक इत्यादि ने उक्त स्थान पर से सड़क पार करने में हुई असुविधा के मद्देनजर संवाददाता से इसकी शिकायत करते हुए कहा था कि इस असुविधा का समाधान के लिए कोई उपाय करें।

**संवेदक द्वारा उपेक्षा के कारण हुआ जल जमाव :** स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त स्थान पर पहले जल जमाव नहीं होता था। कारण कि पानी बह कर निकल जाता था। परंतु जैनामोड़ मां अम्बे इंटरप्राइजेज के संवेदक अजय सिंह द्वारा उक्त स्थान पर खैराचातर से पेटरवार जाने वाली सड़क का निर्माण किए जाने के बाद उक्त स्थान का पानी नहीं निकल पा रहा है। इसकी शिकायत लोगों द्वारा दिए जाने पर संवेदक इसपर कोई ध्यान नहीं दिये।

## स्वास्थ्य और जागरूकता शिविर का आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट और भारतीय स्टेट बैंक के संयुक्त प्रयास से शहरी क्षेत्र से दूर इलाकों के युवाओं और बच्चों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में फिजियोथेरेपी, ऑक्युपेशनल थैरेपी क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट द्वारा परामर्श, स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता अन्य स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी गयी। इस विशेष पहल सेशहर के हर वर्ग के लोग अब अपने ही क्षेत्र में इन सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। गरीबी रेखा से नीचे बीपीएल परिवारों के बच्चों के लिए मात्र 50 रुपये प्रति सत्र में सुविधा उपलब्ध होगी। अब लोगों को बाहर अन्य शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी, सारी सेवायें धनबाद में ही मिलेंगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से धनबाद में एक नई जागरूकता की लहर आएगी और लोगों को अधिक से अधिक सेवायें सुलभ होंगी। यह शिविर नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट, एसबीआई और आईटीसी के संयुक्त प्रयास से समाज को स्वास्थ्य और जागरूकता के क्षेत्र में एक नयी दिशा देने का प्रयास है।

# उपायुक्त ने किया पेटरवार-ओरदाना मनरेगा पार्क और कृषि बागवानी का निरीक्षण

**जिले के आम उत्पादन का करें ब्रांडिंग - मार्केटिंग, पीएमयू को बड़े बायर्स के साथ बैठक आहूत करने को कहा**

**अमृत सरोवर के माध्यम से सोलर लिफ्ट इरीगेशन व्यवस्था सुनिश्चित करने, एप्रोच पथ को सुदृढ़ करने का बीडीओ/सीओ को दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** उपायुक्त अजय नाथ झा ने शनिवार को पेटरवार प्रखंड अंतर्गत ओरदाना स्थित मनरेगा पार्क -कृषि (आम) बागवानी का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने चल रहे कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और स्थल पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, डीपीआरओ रवि कुमार, बीडीओ संतोष कुमार, सीओ अशोक कुमार, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह, एनओ पंकज दूबे, समेत जेएसएलपीएस, महिला एसएचजी के सदस्यगण आदि उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि बोकारो जिले में उच्च गुणवत्ता वाले आम का उत्पादन हो रहा है। उन्होंने अपर समाहर्ता को पीएमयू टीम को निर्देशित करने का निर्देश दिया कि जिले में उत्पादित आमों की बिक्री और प्रसंस्करण के लिए बड़े बायर्स (क्रेता समूहों) के साथ बैठक आयोजित करें। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को पहचान दिलाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी।

मौके पर उपायुक्त ने उपस्थित महिला स्व-सहायता समूह (एसएचजी) की दीदियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि केवल आम की खेती तक सीमित न रहकर खाली जगहों पर पपीता, कटहल और अमरूद जैसे फलों की बागवानी भी की जाये। उन्होंने इस दिशा में प्रशासनिक सभी सहयोग मुहैया कराने की बात कहीं। निरीक्षण के दौरान संबंधित बीडीओ - सीओ को निर्देश दिया कि अमृत सरोवर के माध्यम से सोलर लिफ्ट इरीगेशन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, ताकि वर्षभर बागवानी को पर्याप्त सिंचाई मिल सके।

## डीडीसी ने चास प्रखंड के कुरमाटोला में आवास योजनाओं का किया निरीक्षण



**बोकारो।** उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार ने शनिवार को चास प्रखंड के काशीझरिया पंचायत अंतर्गत कुरमाटोला का भ्रमण कर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत निर्मित आवासों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रानी दिव्या, चेपी देवी, बबली देवी, नेपुरा देवी, चारु देवी, पूनम देवी, सीता देवी एवं बाटुला देवी को प्राप्त आवास की प्रगति का जायजा लिया और निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्धता की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि सभी पीएम आवास योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण किया जाये, ताकि शीघ्र आवास का लाभ मिल सके। डीडीसी ने मौके पर उपस्थित सभी लाभुक महिलाओं से संवाद कर योजनाओं के लाभ और उनकी संतुष्टि के बारे में जानकारी ली। लाभुकों ने बताया कि आवास मिलने से उन्हें सुरक्षित एवं स्थायी निवास का सपना पूरा हुआ है। निरीक्षण के दौरान चास प्रखंड के पीएम आवास समन्वय समेत अन्य उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 05 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in



## पाकिस्तान बॉर्डर पर सुरक्षा और मजबूत होगी

# 6 नये एके-630 एयर डिफेंस गन सिस्टम खरीदेगा भारत

- एक मिनट में 3000 राउंड फायर करेगा
- पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनाती की जायेगी, 4 किमी रेंज
- मारक क्षमता 4 किमी प्रति मिनट करीब 3,000 राउंड फायर



### किसी भी मौसम में लक्ष्य की पहचान करेगा

एके-630 एक 30 मिमी मल्टी-बैरल मोबाइल गन सिस्टम है, जो प्रति मिनट करीब 3,000 राउंड फायर कर सकता है और इसकी मारक क्षमता 4 किलोमीटर तक है। इसे एक ट्रेलर पर लगाया जायेगा, जिसे हाई-मोबिलिटी वाहन से खींचा जायेगा। यह सिस्टम ड्रोन, रॉकेट, आर्टिलरी और मोर्टार जैसे हवाई हमलों को रोकने में सक्षम होगा। इसमें ऑल-वेदर इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल फायर कंट्रोल सिस्टम भी होगा, जो किसी भी मौसम में लक्ष्य की पहचान कर सकता है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत, पाकिस्तान बॉर्डर से सटे इलाकों और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को और मजबूत करने जा रहा है। इसके लिए आर्मी ने 6 नए अङ-630 एयर डिफेंस गन सिस्टम खरीदने के लिए सरकारी कंपनी एडवांस्ड वेपन एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड को टेंडर जारी किया है।

सेना अधिकारियों के मुताबिक इन गन सिस्टम की जरूरत ऑपरेशन सिंदूर के दौरान महसूस हुई, जब पाकिस्तान सेना ने जम्मू-कश्मीर और पंजाब में आबादी वाले इलाकों और धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया था। अब इनकी तैनाती से इन इलाकों में हवाई खतरों से बेहतर सुरक्षा मिलेगी। ये गन सिस्टम मिशन सुदर्शन चक्र का हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से दिये अपने भाषण में सुदर्शन चक्र मिशन की घोषणा की थी। इसका लक्ष्य 2035 तक एक स्वदेशी, मल्टी-लेयर सुरक्षा कवच तैयार करना है, जिसमें निगरानी, साइबर सुरक्षा और एयर डिफेंस सिस्टम शामिल होंगे।

# बरेली बवाल : नफीस के बारातघर पर चला बुलडोजर

- मौलाना तौकीर को शरण देने वाले फरहत के घर समेत चार दुकानें सील



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरेली।** बरेली में बवाल के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद जिला प्रशासन ने उनकी अवैध संपत्तियों पर कार्रवाई तेज कर दी है। बीडीए ने शनिवार को आरोपी डॉ नफीस के जखीरा स्थित बरातघर रजा पैलेस पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की। यहां कार्रवाई करने से पहले भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया। उधर, फाइक एन्कलेव में मौलाना तौकीर रजा को शरण देने वाले फरहत के मकान को सील कर दिया गया है। नौमहला मस्जिद के पास चार दुकानें सील की गयी है। वहीं सैलानी में अतिक्रमण पर नगर निगम का बुलडोजर से चला है। डॉ नफीस और उसके बेटे को जेल भेजा जा चुका है। उसकी मार्केट को बवाल के बाद सील कर दिया गया था। अब उसके बरातघर पर कार्रवाई हुई है।

शनिवार दोपहर जखीरा स्थित बरातघर रजा पैलेस पर भारी पुलिस बल तैनात हो गया। मौके पर पहुंचे किला इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि आला अधिकारियों के निर्देश पर फोर्स तैनात की गयी है। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होगी या सीलिंग की इसकी जानकारी नहीं है। कुछ देर बाद जिला प्रशासन और बीडीए के अधिकारी मौके पर पहुंच गये। बीडीए की टीम ने तीन बुलडोजरों से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की। सबसे पहले बुलडोजर से बरातघर का गेट तोड़ा गया। इसके बाद अन्य हिस्से पर कार्रवाई की गयी। बाद में एक और बुलडोजर बुलाया गया। चार बुलडोजरों से पूरे बरातघर को जमींदोज कर दिया गया। इस कार्रवाई से खलबली मची रही।

# फर्रुखाबाद में कोचिंग सेंटर में विस्फोट से दो की मौत, आठ बच्चे गंभीर घायल

**फर्रुखाबाद (आजाद सिपाही)।** फर्रुखाबाद जिले के कादरी गेट थाना क्षेत्र में सातनपुर मंडी के पास संचालित एक कोचिंग सेंटर में शनिवार को भीषण विस्फोट हो गया। इस हादसे में कोचिंग सेंटर में पढ़ रहे करीब 10 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये, जिनमें से दो की मौत हो गयी है। विस्फोट इतना तीव्र था कि एक किलोमीटर दूर तक कई मकान हिल गये। हादसे में कोचिंग सेंटर के अंदर का पूरा स्ट्रक्चर ध्वस्त हो गया। बाहर की स्लैब और पक्की दीवारें 50 मीटर दूर जा गिरीं, जबकि बाहर लगी लोहे की जाली डेढ़ सौ मीटर दूर पानी के गड्ढे में जा गिरी। यह विस्फोट कितना भयानक था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कुछ छात्रों के शरीर के मांस के लोथड़े घटना स्थल पर ही पड़े मिले। वहीं, छात्रों की खड़ी मोटरसाइकिल, स्कूटी और साइकिल जैसे अन्य वाहन भी 50 मीटर दूर तक जा गिरे। सूचना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां, फतेहगढ़ और कादरी गेट थाना पुलिस पहुंच गयी। पुलिस ने कोचिंग सेंटर में मौजूद एक शिक्षक को हिरासत में लिया है और घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

समस्त देशवासियों को
दीपावली एवं छठपूजा
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
एडवांस्ड ब्रेन एंड स्पाइन क्लिनिक
15 वर्षों से ज्यादा का कार्य अनुभव
डॉ० अरूण कुमार
सिनियर कंसलटेंट न्यूरोसर्जन
सोमवार से शनिवार
सुबह 9.00 से 10.00 बजे तक
शाम 5.30 से 7.00 बजे तक
(रविवार) सुबह 10.00 से 12.00
Paras HEC Hospital Dhurva Ranchi, Advanced Brain and Spine Clinic, Bariyatu,Ranchi. Neuro World Ranchi.
7008911472

आवश्यकता
आजाद सिपाही दैनिक अखबार
धनबाद के लिए कैमरामैन,
एंकर एवं विज्ञापन के लिए
लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है
मासिक वेतन न्यूनतम 10,000/-
योग्यता अनुसार दिया जाएगा
संपर्क सूत्र : 6200085283, 9386849203

विदेश सिंह इंटर महाविद्यालय, हैदरनगर
एवं चांदो देवी इंटर कॉलेज, मोहम्मदगंज
की ओर
से छात्र-छात्राओं,
अभिभावकों व समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली व छठ पूजा
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
अटूट रिश्ते और स्नेह के लिए
धन्यवाद
निवेदक :
विनोद कुमार सिंह
सचिव

Ethics IVF
टेस्ट ट्यूब बेबी
अब आपकी 'नन्ही सी खुशी' का इंतजार होगा खत्म
रजिस्ट्रेशन कराने पर पाए IVF पैकेज पर 20% तक की छूट
आई.वी.एफ OPD मिलें अनुभवी IVF विशेषज्ञ से
प्रत्येक रविवार को
IVF OPD & FREE | ULTRASOUND - FREE
SEMEN TEST - FREE
V.I.P. चौक, देवघर पैलेस V-MART के पिछे दूसरे तल्ला पर, झारखण्ड (814112)
+91 8866 86 5216
+91 7486 07 9830

VACCINE HOUSE
वैक्सीन हाउस
Vaccination Center
The Vaccination Experts Since 2007
वैक्सीनेशन की सुविधा घर पर
Vaccinations available for
Newborn
Adult
Pregnant Woman
Senior Citizen
Painless Vaccines | Varicella MMR | Influenza Hepatitis A | Typhoid (TCV) MCV
HYGIENIC ECONOMICAL TIME SAVING
www.vaccinehouse.com
Ranchi : Bariatu Road, Opp. Middle School, Karamtoli Chowk 9304342555
Patna : Vijay Aman Apt., 1st Floor, Nr. Gravity Mall, Main Road, Kankarbagh 8102526611

UC URBAN CLASSES
URBAN CLASSES
Scholarship Up To 100%
FACULTY - IIT/NIT
JEE/NEET
XI-XII FOUNDATION
IX-X PRE-FOUNDATION
Congratulations!
95.8% 12th PCM
DPS Ranchi
Kumar Harsh
FREE ADMISSION
SPOKEN ENGLISH
FOREIGN LANGUAGES
FRENCH
SPANISH
RUSSIAN
GERMAN
KOREAN
JAPANESE
8877441121
8877441124
Head Office-RS Tower 3rd Floor Lalpur
Opp K.C Roy Memorial Hospital Ranchi-1

Eye Care | Eye Hospital | Eye Wear
Nayan Sukh Opticians
Your EYES are precious Please Take Care of them
- Screening for all types of Eye diseases
- Hearing Aids - Machine
- All Types of latest & Luxury branded Frame
- Eye Glasses, Sun Glasses & Contact Lenses
H.B.Road, Beside Santovita Hospital, Ranchi
Tel.: 0651-2201795, Mob.: 9334424892

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
Verma's Today
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

Pankaj Kumar
Prop.
Festival Offer 20% Off
PERFECT JEANS
All Men's Wear
Piska More, Ranchi,
6203505097/6203392926

TEXMO
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702826, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

रत्न विक्रेता | जय माता दी | रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

Yogendra Mistri : 9199053376
Amin Macanic : 86178782
NEW MOTOR KRAFT
(A Multi Brand Car Service Center)
SERVICE DENTING AND PAINTING BREAKDOWN SERVICE
AC WORK PICKUP AND DROP SERVICE FREE
Available Genuine Parts With Genuine Service Charges.
TATA | SUZUKI | HYUNDAI | TOYOTA | Mahindra
Add : Khelgaon Road, Khatanga, Ranchi, Jharkhan

WIG HOUSE
Before | After | Before | After | Before | After | Before | After
OUR PRODUCTS & SERVICES
- Non Surgical Hair Replacement
- Hair Weaving
- Hair Patch Servicing
- Clip in hair Extensions
- Tape in Hair Extensions
- Pre Bonded Hair Extensions
- Micro Bead Hair Extensions
- Wefted Boundles
- Closure
- Frontal
- 360 Frontal
OUR PRODUCTS & SERVICES
- Cancer Patient Wigs
- Full Lace Wigs
- Front Lace Wigs
- Mono Silk Topper
Before | After | Before | After
2nd Floor, Beside Novelty Shop,
GEL Church Complex, Main Road, Ranchi-834001
Call : 7250847497, 8210170843

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**